It is proposed to source National and international technical expertise by Government of NCT of Delhi for ecological rejuvenation of the Yamuna River. I also propose to take up beautification of Riverbanks in Delhi.

I propose a Plan Outlay of Rs. 750.80 crore for the Sewerage Sector during 2014-15.

**Transport**

Road transport is still the preferred mode of public transport in Delhi. However, out of a total fleet of about 5000 Buses, about 1300 are old standard buses with DTC fleet which need to be replaced immediately. In order to provide better transport to the commuters Tenders have been floated for procurement of 1380 semi-low floor buses for DTC.

To provide convenience to the commuters, DTC will introduce an automated fare collection system through electronic ticketing machines and card readers. This system will subsequently be integrated with the fare collection system of Delhi Metro so that commuters may conveniently use both mode of public transport in Delhi.

To make available more buses to the commuters, private sector corporate operators will add 400 new Cluster Buses making a fleet of about 1600 Cluster Buses during this financial year.

All Regional Offices of the Transport Department are being renovated and modernized so as to provide convenient and timely services to the citizens of Delhi visiting these offices.

The Inter State Bus Terminals (ISBT) at Sarai Kale Khan and Anand Vihar are functioning without suitable infrastructure. New Inter State Bus Terminals at these two sites will be developed so that commuters can avail better services.

The work on construction of phase-II of elevated corridor over Barapullah Nullah at a cost of Rs. 533 crore is in progress. This elevated corridor will further be extended from Sarai Kale Khan to Mayur Vihar under phase - III.

Due to rapid increase in volume of road traffic, a number of intersections having single carriage way flyover need to be added with dual carriage way flyovers. Construction of some of the selected flyovers will be taken up on priority.

I propose a Plan Outlay of Rs. 3702 crore for the Transport Sector during 2014-15.

**Energy**

To improve the transmission and distribution network, Delhi Transco Limited (DTL) is going to commission a new 400 kV sub-station at Harsh Vihar and 220 kv GIS (Gas Insulated Switchgear) sub-station at Peera Garhi. It is also proposed to take up the construction of three new 220 kV GIS sub-stations at Papankalan, Tughlakabad and Rajghat Power House in the current financial year.

The 1500 MW Gas Turbine Station commissioned at Bawana is yet to be made functional to its full capacity and efforts will be made to sort out the issue of adequate gas supply at reasonable cost to make this plant fully functional.

Under Energy Efficiency and Renewable Energy Management Programme, Solar Photovoltaic (SPV) plant of 335 kWp (kilowatt peak) at eight locations and 100 kWp SPV plant at Vikas Bhawan – II have been commissioned. Further, 130 kWp SPV plant at ISBT Kashmere Gate is under installation. SPV plants of 10 kWp at Delhi Secretariat and 25 kWp at four Government hospitals and 10 kWp SPV plant at four Government schools will be taken up in the current year.

It is proposed to develop New Delhi Municipal Council (NDMC) area as a solar city under the scheme of Development of Solar cities of Ministry of New and Renewable Energy (MNRE).

Increase in power tariffs are necessitated due to increase in input costs. However, the poor and marginalized should not suffer. I therefore, propose power subsidy of Rs. 260 crore for the domestic consumers to provide relief to the targeted consumers on account of increase in tariff. The modalities will be worked out by the Government of NCT of Delhi.

I propose a Plan Outlay of Rs. 675 crore for the Energy Sector during 2014-15.

While presenting the Union Budget 2014-15 on July 10, 2014, I have already proposed to provide Rs. 200 crore for power reforms and Rs. 500 crore for water reforms in NCT of Delhi.

I do not propose any new tax or increase in the present tax rates in the budget of Government of NCT of Delhi. I have highlighted some of the major plan programmes of Government of NCT of Delhi proposed to be funded by this budget. *....*

Madam Speaker, with these words I commend the Budget to the House.

माननीय अध्यक्ष जी, आर्टिकल 239 केबी के तहत दिल्ली में राष्ट्रपति शासन है और इसलिए दिल्ली एप्रोप्रिएशन वोट ऑन एकाउंट बिल 2014 है, वह इस सदन के अधिकार क्षेत्र में उसको पारित करना आता है, पहले 6 महीने का जो वोट ऑन एकाउंट था, वह 30 सितम्बर तक है क्योंकि इस सदन में अगले 6 महीने का पारित करना आवश्यक है तो इसको मैं आपके समक्ष रख रहा हूं। बजट की जितनी प्रस्तावना है और विस्तृत रूप से जो मेरा भाषण है, अगर आप मुझे अनुमति देंगी तो मैं सदन के पटल पर रख देता हूं। मैं सिर्फ उसके जो प्रमुख बिन्दु हैं, वह मैं आपके सामने बता देता हूं।

इस वर्ष दिल्ली का जो बजट है, वह 36776 करोड़ रुपये का है जिसमें 12066 नॉन-प्लांड और 17700 प्लांड एक्सपेंडिचर है। 36776 करोड़ रुपए व्यय के सामने 31,571 करोड़ रुपया टैक्स के माध्यम से इकट्ठा हुआ है। 11061 करोड़ रुपया नॉन टैक्स और 699.71 करोड़ रुपया कैपिटल रिसीट्स और बचा हुआ 3672.09 करोड़ रुपया केंद्र सरकार ने दिया है। इस बजट में कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया है। इस प्रस्तावना में विस्तृत रूप से है कि इस वर्ष दिल्ली में कमी को देखते हुए रोहिणी क्षेत्र में नया मेडिकल कॉलेज बनाया जाए। दक्षिणी दिल्ली का वह क्षेत्र जो देहात में आता है वहां मल्टी स्पेशिएलिटी अस्पताल नहीं है इसलिए वहां मल्टी स्पेशिएलिटी अस्पताल बनाया जाए। दिल्ली में डायलिसिस की कमी देखते हुए इस वर्ष पीपीपी मॉडल पर 50 डायलिसिस यूनिट लगाए जाएंगे। दिल्ली में एक्सीडेंट और ट्रॉमा केसिस को बढ़ता देख 110 मोबाइल एम्बुलेंस रहेंगी। कुछ सरकारी अस्पतालों में वन स्टाप सैंटर फॉर केसिस आफ सैक्सुअल एसॉल्ट के बारे में केंद्रीय बजट में कहा गया है, इसकी पायलेट स्कीम दिल्ली में लाई जाएगी। दिल्ली में सरकारी स्कूलों की कमी देखते हुए 20 नए स्कूल इस वर्ष खोले जाएंगे। हर विधानसभा क्षेत्र में लड़कियों के लिए हाई स्कूल सरकार की तरफ से होना अनिवार्य है। दो क्षेत्र ऐसे हैं जिनमें नहीं था, वहां बनवाया जाएगा। एक नया स्कूल आफ आर्किटेक्चर और डिजाइन दिल्ली में स्थापित किया जाएगा। दिल्ली में वृद्धावस्था पेंशन 3,90,000 लोगों को मिलती थी, बीच में कुछ रुकावट आई, इसका पुनः सिस्टम बनाया गया है अब 4,30,000 लोगों तक वृद्धावस्था पेंशन रिलीज की जाएगी। मानसिक दृष्टि से जिन्हें सहायता चाहिए जो मैंटली चैंलेंज्ड हैं, उनके लिए तीन नए होम्स, वर्किंग महिलाओं के लिए छः नए होस्टल बनाए जाएंगे। अभी 185 नाइट शैल्टर दिल्ली में हैं जहां सर्दियों में रात को लोग रहते हैं। इनको बढ़ाया जाएगा ताकि दिल्ली में कोई भी व्यक्ति सड़क पर न सोए। जेजे कलस्टर्स में जहां घरों में टाएलेट्स नहीं हैं, कम्युनिटी टाएलेट्स की व्यवस्था की जाएगी । 58064 इकोनामिकली वीकर सैक्शन्स के लिए घरों का निर्माण, पाइप्ड वाटर 50 अनाधिकृत कालोनियों तक पहुंचे और सीवेज 95 कालोनियों तक पहुंचे। इसके अलावा दिल्ली में पानी की कमी देखते हुए एक पक्का चैनल मुनक डैम से लेकर हैदरपुर तक बनाया जाएगा। रेनुका डैम को बनाया जाएगा जिसके लिए आबंटन केंद्रीय बजट के अंदर ही किया गया है। दो

वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, 500 ड्रिंकिंग वाटर के लिए एटीएम, चार नए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाए जाएंगे। 1380 नई लो फ्लोर बसें और 400 झुग्गी कलस्टर्स के लिए बसें दी जाएंगी। दिल्ली में बिजली की बढ़ती दर को देखते हुए कमजोर वर्ग विशेषकर 100 से 200 यूनिट तक और 201 से 400 यूनिट उनके ऊपर बोझ न आए, इन दोनों श्रेणियों में 1 रुपए 20 पैसे और 80 पैसे दूसरी श्रेणी में सब्सिडाइज्ड किया जाएगा जिससे बढ़ता हुआ दर उनके ऊपर लागू न हो। 260 करोड़ रुपया सब्सिडी के रूप में दिल्ली की बिजली के लिए कमजोर वर्गों के लिए दिया गया है। मैं इन शब्दों के साथ सिफारिश करूंगा कि इस बजट को सदन स्वीकार करे।… (*Interruptions*)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE (GULBARGA): Madam Speaker, the Hon. Minister has now presented the Budget of Delhi. When he has spoken so much on this, why can we not take up this discussion on Monday so that at least the other hon. Members will also contribute their views?

**माननीय अध्यक्ष :** अभी तो रखा है, पास नहीं कर रहे हैं।

…(व्यवधान)

SHRI ARUN JAITLEY: Discussion has to be fixed for one full day. … (*Interruptions*)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE : He has elaborately said so many things; we want to know whether it is in view of election in Delhi. … (*Interruptions*)

**माननीय अध्यक्ष :** अभी तो केवल बजट रखा है।

…(व्यवधान)

SHRI ARUN JAITLEY: I have only commended it to this House for acceptance. It will be taken up for discussion and only after discussion, it will be passed.

**माननीय अध्यक्ष :** बाद में चर्चा होनी है, अभी क्यों कर रहे हैं। अभी तो पेश किया है।

…(व्यवधान)

SHRI SUDIP BANDYOPADHYAY (KOLKATA UTTAR): Madam, I welcome the decision that it will be discussed but the Delhi Budget appears only as the BJP's election manifesto.

**माननीय अध्यक्ष :** वह आप बाद में बताइये। प्रेमचंद्रन जी, ऐसा नहीं होता है। यह डिस्कशन में आयेगा, आप उस समय बोलिये।

**वस्त्र मंत्रालय के राज्य मंत्री, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा जल संसाधन, नदी विकास और गंगा जीर्णोद्धार मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संतोष कुमार गंगवार):** आज बिजनेस एडवाइजरी कमेटी बैठ रही है, उसमें इसके लिए समय तय करेंगे और चर्चा करेंगे।

**माननीय अध्यक्ष :** हां, उस समय चर्चा करेगें और समय तय करेंगे। मैं सबको जानकारी के लिए इतना ही बताना चाहती हूं।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** खड़गे जी, आपको समय मिलेगा, अभी टेबल पर रखा है।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपको व्यवस्था नहीं देनी है। यह क्या हो रहा है।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप क्यों उत्तेजित हो रहे हैं, मैं कुछ समझ नहीं पा रही हूं। मैं आपकी जानकारी के लिए बताना चाहूंगी कि जनरल बजट पर डिसक्शन हो चुका है, माननीय वित्त मंत्री जी दो बजे यहां उत्तर देंगे, हम उसे दो बजे पारित करेंगे। अभी हम शून्यकाल ले लेते हैं।

---

...(व्यवधान)

**श्री राजेश रंजन (मधेपुरा) :** अध्यक्ष महोदय, मैं बोलना चाहता हूं।

**माननीय अध्यक्ष :** मैं आपको भी समय दूंगी। शून्य काल लेते हैं, इसका मतलब यह है कि आपको भी मुझे समय देना है, मुझे मालूम है। लेकिन पहले जिन्होंने नोटिस दिया है, मैं पहले उन्हें भी समय दूं। डा.भोला सिंह जी, आप बोलिये। आपको अपनी बात बिल्कुल थोड़े समय में कहनी है। शून्य काल में बहुत लम्बा भाषण नहीं देना है।

**डॉ. भोला सिंह (बेगूसराय) :** महोदया, मैं आसन के प्रति आभार प्रकट करता हूं। जब आप आसन पर होती हैं..

**माननीय अध्यक्ष :** आप अपने विषय पर आइये।

**डॉ. भोला सिंह :** तो लगता है कि खुदा की रुहानी झलक दिखाई पड़ती है। मैडम, बिहार ने राष्ट्रीय यज्ञ में अपनी बहुत सारी हड्डियां और जिस्म डाले हैं।

**माननीय अध्यक्ष :** आप बरौनी फर्टिलाइजर फैक्टरी की बात बोलिये।

**डॉ. भोला सिंह :** मैं बरौनी खाद कारखाने के बारे में आसन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। बरौनी खाद कारखाना चल रहा था, यह घाटे में था। तत्कालीन राष्ट्रीय जनतांत्रिक सरकार ने बंद करते हुए कहा कि यह कारखाना लाभप्रद नहीं है। जब गैस आधारित यूरिया का उत्पादन शुरू होगा तो हम इस कारखाने को बनाने और पुनर्जीवित करने में प्राथमिकता देंगे। यह कैबिनेट का फैसला था। केन्द्र सरकार ने लोक सभा में आश्वासन दिया। मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि मुझे पता चला है कि केन्द्र सरकार ने बंद खाद कारखाने को चालू करने के लिए...

**माननीय अध्यक्ष :** आपको अपना विषय एक मिनट में उठाना है, बहुत लम्बा भाषण नहीं देना है।

**डॉ. भोला सिंह :** मैं समाप्त कर रहा हूं, जो सीढ़ियां तय की, उसमें बरौनी खाद कारखाना सबसे पिछले पायदान पर है। मैं आपके माध्यम से वर्तमान सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि बिहार ने देश की आजादी के दीप जलाये। बिहार ने बरौनी पैट्रो-कैमिकल के लिए संघर्ष किया, बरौनी रिफाइनरी हुई, लेकिन पैट्रो-कैमिकल नहीं हुआ। बरौनी इंग्लैंड का कारखाना नहीं बन सका। मैं आज आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि हमारे माननीय अटल जी की सरकार का निर्णय था, आश्वासन था कि बरौनी के खाद कारखाने को पुनर्जीवित करने के लिए, गैस आधारित यूरिया कारखाना पुनर्जीवित करने के लिए हम इसे प्राथमिकता देंगे। वह हमारी अमानत है।

मैं सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि हमारी यह अमानत जो हमारे माननीय अटल जी ने दी थी, तत्कालीन सरकार ने दी थी।

**माननीय अध्यक्ष :** साध्वी सावित्री बाई फूले, आप बोलिये। भोला सिंह जी, बस बहुत हो गया, ऐसे नहीं होता है, मुझे सबको समय देना है।

**डॉ. भोला सिंह :** मैं चाहता हूं कि सरकार इस अमानत के साथ विश्वास देकर बिहार का जो पिछड़ापन है, उसे दूर करने के लिए कदम उठाये।

मैं इन्हीं शब्दों के साथ आपके माध्यम से इस बात को सदन के समक्ष ऱखना चाहता हूं।

**माननीय अध्यक्ष :** एक-एक मिनट में सबने बोलना है, बहुत सारे सदस्यों को बोलना है।

**साध्वी सावित्री बाई फुले (बहराइच) :** माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे भारत की सबसे बड़ी पंचायत में बोलने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूँ। महोदया, मैं अपने संसदीय क्षेत्र बहराइच, उत्तर प्रदेश, ग्राम पंचायत बुझिया, ग्राम पंचायत विकास खण्ड, तहसील नानपारा की तरफ सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री का ध्यान आकर्षित कराना चाहती हूँ। भारत सरकार द्वारा सन् 1959 व सन् 1960 में उपरोक्त ग्राम पंचायत की 792 एकड़ भूमि समाज कल्याण विभाग द्वारा सौ परिवारों को कृषि कार्य करने के लिए अनुसूचित जातियों को सुरक्षित कर दी गई थी। किंतु उस भूमि पर कुछ गैर जनपद, गैर ग्राम पंचायत के अन्य वर्ग के लोगों ने कब्जा कर लिया है। ऐसी स्थिति में उस भूमि को खाली करवा कर पात्र व्यक्तियों को वितरण करने का कार्य किया जाए। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** सावित्री जी, आपने जो विषय लिख कर दिया है, उससे संबंधित मुद्दा उठाएं। आपने जो नोटिस दिया है, उसी के बारे में मुद्दा उठाना है। आपने अपने संसदीय क्षेत्र बहराइच की नानपारे तहसील में जो कल्टिवेशन डिस्ट्राय होता है, उसको चैक करने की कुछ बात की है। आप उसी विषय पर अपनी बात रखिए।

...(व्यवधान)

**साध्वी सावित्री बाई फुले :** मैं अपने संसदीय क्षेत्र बहराइच, उत्तर प्रदेश के ग्राम पंचायत बोझिया मझाँव, विकास खण्ड मिहीनपुरवा, तहसील नानपारा की तरफ माननीय मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहती हूँ। भारत सरकार द्वारा सन् 1959 व 1960 में उपरोक्त ग्राम पंचायत की 792 एकड़ भूमि समाज कल्याण विभाग द्वारा अनुसूचित जाति विमुक्ति जाति के सौ परिवारों को कृषि करने के लिए सुरक्षित कर दी गई थी। किंतु उस भूमि को कुछ गैर जनपद तथा गैर ग्राम पंचायत के अन्य वर्ग के लोगों ने कब्जा कर लिया है।

ऐसी स्थिति में उस जमीन को खाली करवा कर पात्र व्यक्तियों को वितरण करने के लिए विभाग को आदेश कर दिया जाए।

**डॉ. नैपाल सिंह (रामपुर) :** अध्यक्षा जी, मैं उत्तर प्रदेश के रामपुर संसदीय क्षेत्र की जिला जेल के बारे में आपका ध्यान आकर्षित करना चाहूंगा।

महोदया, रामपुर की जिला जेल आबादी के बीच में आ गई है। आबादी के बीच में आने की वजह से नियमानुसार इनको दूसरे स्थान पर स्थानांतरित किया जाता है। लेकिन उसके लिए 8 किलोमीटर की आवश्यकता होती है। भारत की वर्तमान सरकार उस जेल को एक दूसरे मोहल्ले में ऐसी जगह रखना चाह रही है, जहां पर 16 कॉलोनियां हैं और दोनों तरफ रास्ता है तथा नैनिताल रोड़ पर है। जहां से पास में एक पॉलिटेक्निक भी है। महोदया, वहां पर एक चीनी मिल है, वह 15 साल पहले बंद हो गई है। वहां के जो मज़दूर हैं, वे 15 साल से नौकरी पर नहीं थे और उन्होंने छोटी-छोट नौकरियां कर के पक्के मकान बनाए हैं। आज उत्तर प्रदेश की सरकार ने उनको वहां पर उजाड़ना शुरू कर दिया है। लोग धरने पर बैठे हुए हैं, उनमें आक्रोश है। इस सदन के माध्यम से मेरा आपसे अनुरोध है कि सरकार को पुनः विचार के लिए रिपोर्ट भेजें, जिससे विकास की जगह विनाश न हो और उनको रोका जा सके तथा वे लोग अपना जीवन-यापन कर सकें।

SHRI M.B. RAJESH (PALAKKAD): Madam, I would like to draw the attention of this august House and the Government to a Bill which was unanimously passed by the Kerala Assembly in 2011. The Bill seeks to get compensation for the people affected due to excessive ground water exploitation by Coca Cola. The Government had appointed a high level expert committee and that committee estimated the damages to the tune of Rs.216 crore. On the basis of that expert committee recommendation, the Bill was passed unanimously by the Assembly. The Bill was sent to the Union Government for the Presidential assent. But the Bill is still pending with the Union Home Ministry for more than three years. The Union Government has failed to give any proper explanation for this extraordinary delay. It is suspected that somebody within the Government is trying to help Coca Cola by withholding the Bill and by not clearing the Bill for the Presidential assent.

I urge upon the Government to immediately send the Bill for Presidential assent so that the Bill passed by the Kerala Assembly is not sabotaged.

HON. SPEAKER: Shri N.K.Premachandran may be allowed to associate with the matter raised by Shri M.B.Rajesh.

श्री सतीश कुमार गौतम - उपस्थित नहीं।

श्री अर्जुन राम मेघवाल - उपस्थित नहीं।

**श्री पी.पी.चौधरी (पाली) :** महोदया, मैं आपका ध्यान राजस्थान के जोधपुर शहर की ओर आकर्षित करते हुए बताना चाहूंगा कि वर्तमान में पश्चिमी राजस्थान के लिए केवल जोधपुर हवाई अड्डा ही एकमात्र हवाई अड्डा है। जोधपुर सहित पाली, नागौर, जैसलमेर, बाड़मेर, जालौर, सिरोही आदि जिलों में बसने वाले लोग इसी हवाई अड्डे के द्वारा यात्रा करते हैं। यह पूरा रेगिस्तानी क्षेत्र है, जो पर्यटन की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण स्थान रखता है। बाड़मेर में रिफाइनरी व औद्योगिक क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास के कारण हवाई यात्रा की मांग निरंतर बढ़ती जा रही है। हवाई अड्डे का विस्तार किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए जमीन भी अधिगृहीत की जा चुकी है। वर्तमान में प्रतिदिन दिल्ली-जोधपुर-दिल्ली व मुम्बई-जोधपुर-मुम्बई के आने-जाने के लिए दो-दो हवाई सेवायें ही उपलब्ध हैं, जो दिन में 12 बजे से 3 बजे के मध्य ही हैं। इसके अतिरिक्त जोधपुर से कहीं और जाने के लिए कोई भी सीधी हवाई सेवा नहीं है। जबकि आई.आई.टी., एम्स, इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी, नेशनल लॉ स्कूल हैं, इसके अतिरिक्त यहां हैंडीक्राफ्ट व गंवार गम का अन्तर्राष्ट्रीय मार्केट होने के साथ-साथ सोलर व पवन ऊर्जा के केंद्र स्थापित हैं। इन जिलों के प्रवासी बड़ी तादाद में देश के कोने-कोने में विशेषकर बैंगलुरू, मुम्बई, आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु, दिल्ली व अहमदाबाद आदि में बसे हैं और इनका आवागमन निरन्तर रहता है। हवाई सुविधा त्वरित न होने की वजह से इन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

महोदया, मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि दिल्ली व मुम्बई से जोधपुर हेतु प्रातः व सांयकालीन हवाई सेवा प्रारम्भ करने तथा जोधपुर से चेन्नई व बैंगलुरू के लिए भी हवाई सेवा प्रारम्भ करने की कृपा करें।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री देवजी एम.पटेल अपने आपको श्री पी.पी. चौधरी जी के विषय के साथ सम्बद्ध करते हैं।

**श्री हरिनरायन राजभर (घोसी) :** महोदया, मैं आपके माध्यम से सदन का ध्यान आकर्षित कराना चाहूंगा कि उत्तर प्रदेश में जो अखिलेश यादव जी की सरकार चल रही है।

**माननीय अध्यक्ष :** आप नाम मत लीजिए। आप जो कहना चाहते हैं, वह बोलिए।

...(व्यवधान)

**श्री राजेश रंजन :** आप नाम मत लीजिए।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** पप्पू यादव जी, आप बैठिए। मैंने बोल दिया है कि नाम नहीं लेना है। राजभर जी, आप अपनी बात बोलिए।

**श्री हरिनरायन राजभर :** महोदया, उत्तर प्रदेश सरकार ने 17 अति पिछड़ी जातियों को अनुसूचित जाति में शामिल करने के लिए जो संस्तुति की है, जिसमें राजभर वगैरह 17 जातियां शामिल हैं, उनको अब तक क्यों नहीं केंद्र ने शामिल किया, अगर नहीं किया तो उसका क्या कारण है?

**माननीय अध्यक्ष :** ठीक है।

श्री राजीव सातव - उपस्थित नहीं।

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Madam, I would like to draw the attention of the concerned Ministry to the services of MTNL. Its services have been deteriorating from bad to worse with each passing day. MTNL was established decades ago with the objective of providing tele services along with IT-enabled services at an affordable price. However, the subscribers of MTNL are now switching over to other service operators, thanks to the poor quality of services provided by MTNL.

The TRAI monitors various telecom services through quarterly performance monitoring reports. The key findings of an operator assisted drive test of MTNL network in Delhi, which was conducted by an independent agency (TUV-SUD South Asia Private Limited) engaged by TRAI to audit and assess the quality of service during the quarter ending March, 2014 revealed that the performance of MTNL remained non-complied in respect of all the prime network parameters namely Blocked Call Rate, Call Drop Rate, Good Voice Quality and call set up success rate in most parts of South, North and East Delhi.

In case of Indoor Drive Test, MTNL could not meet the benchmark for the parameter `Good Voice Quality' and their performance level in February, 2014

was pegged at 88.36 per cent; and in March 2014 it stood at 91.16 per cent. So, the parameter with respect to `Voice Quality' remains a major area of concern.

As Members of Parliament we all are using MTNL services and are experiencing bitter quality of services provided by MTNL. MTNL should keep itself abreast with modern technological innovations in order to keep its pace intact, otherwise it will be great loss for this Government organisation MTNL.

**श्री राजीव सातव (हिंगोली) :** महोदया, मुझे बोलने का मौका देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। मेरे लोक सभा क्षेत्र में हिंगोली और किनवट, इन दो जगहों पर एक-एक घंटा लोगों को रूकना पड़ता है। रेलवे ओवर ब्रिज के बारे में हमारी पिछले कई सालों से डिमांड है। मेरी विनती होगी कि सरकार इसकी तरफ ध्यान दे।

SHRI B. VINOD KUMAR (KARIMNAGAR): Mr. Speaker Madam, I would like to speak with regard to the Civil Services Examination conducted by the UPSC.

Since the last few years, as and when CSAT examination is conducted, there is a section for comprehension test. The weightage of this section is 40 per cent of the CSAT paper. This comprehension test is being conducted only in English and Hindi. Many students who come from rural background study in their own mother tongue and vernacular languages. In the year 2011, 2012 and 2013, only four students from the State of Telangana and Andhra Pradesh got selected. In earlier years, there used to be more than 15 to 20 students who got selected.

In these circumstances, I request the Government to see that this comprehension test – weightage is around 40 per cent of the main paper – should be conducted in vernacular languages also.

I urge the Government to take action in this regard at the earliest.

**डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) :** माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं पिछले कई वर्षों से झाँसी-खजुराहो मार्ग के बारे में सदन में लगातार मामला उठाता रहा हूँ। पिछली सरकार के समय इस मार्ग के संबंध में सर्वे भी कराया गया था और भूमि अधिग्रहण की कार्रवाई भी प्रारंभ हुई थी। लेकिन फिर वह योजना अचानक बीच में रोक दी गई। इस मार्ग से बहुत बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक झाँसी से खजुराहो जाते हैं। लेकिन उस मार्ग की हालत देखने के बाद जब वे यहाँ से वापस अपने देश जाते हैं, तो हमारे देश के प्रति अच्छा भाव

लेकर नहीं जाते हैं, जिसके कारण हमारे यहाँ आने वाले पर्यटकों की संख्या भी प्रभावित हो रही है। अतः मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन का महत्व रखने वाले इस झाँसी-खजुराहो मार्ग पर पुनर्विचार करते हुए इसे फोर लेन एक्सप्रैस हाईवे में परिवर्तित करके शीघ्र इस मार्ग का निर्माण करवाया जाए। धन्यवाद।

**साध्वी निरंजन ज्योति (फतेहपुर) :** माननीय अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे ज़ीरो आवर में जन समस्या के ऊपर बोलने का मौका दिया, मैं इसके लिए आपका धन्यवाद करती हूँ।

महोदया, फतेहपुर, हमीरपुर बांदा और जालौन आदि कई जनपदों में बारिश न होने के कारण वहाँ वॉटर लैवल नीचे चला गया है जिससे वहाँ की जनता पीने के पानी के लिए त्राहि-त्राहि कर रही है। मैं आपके माध्यम से सरकार से आग्रह करती हूँ कि वहाँ हैण्डपम्प सक्सैस नहीं हैं। अतः वहाँ एकल टंकी पेयजल बनवाकर गाँवों में पानी की सप्लाई की जाए तो वह सफल होगा।

**श्री राम चरित्र निषाद (मछलीशहर):** माननीय अध्यक्ष महोदया, बहुत-बहुत धन्यवाद। मैं सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश के मछलीशहर से पहली बार चुनकर लोक सभा में आया हूँ। मैं आपके माध्यम से अपनी सरकार से यह निवेदन कर रहा हूँ कि मछलीशहर लोक सभा में देश की आज़ादी से आज तक 40 परसेंट ऐसे गाँव हैं जहाँ न बिजली है, न पानी है, न चलने का रास्ता है।

मैं आपके माध्यम से अपनी सरकार से अनुरोध करता हूँ कि हमारी लोक सभा में यह बुनियादी व्यवस्था कराने की कृपा करें।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री छोटेलाल जी, शून्यकाल के लिए दो विषय नहीं देते। एक ही विषय आपने शून्यकाल में उठाना है। यह ध्यान में रखें और किसी भी एक विषय पर अपनी बात कहें।

**श्री छोटेलाल (राबर्ट्सगंज) :** माननीय अध्यक्ष महोदया, उत्तर प्रदेश में सबसे पिछड़ा इलाका सोनभद्र ज़िला है जो तीन-चार प्रदेशों का बॉर्डर लगता है। वहाँ पर अनुसूचित जाति की दस जातियों को 2003 में जनजाति में सम्मिलित किया गया। उनको आज तक पंचायत चुनाव में आरक्षण न मिलने के कारण वे चुनावों से आज तक वंचित हैं। अब 2015 के पंचायत चुनाव आ रहे हैं। क्या वहाँ के आदिवासी जनजाति चुनाव लड़ेंगे या नहीं? वहीं आदिवासी जनजातियों को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उच्च्य शिक्षा में बी.ए. एवं बी.एड. तक फीस रोक देने से उच्च्य शिक्षा संस्थानों में आदिवासी छात्र-छात्राओं को परीक्षा देने से वंचित कर दिया गया है।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपको एक ही बात रखनी है।

**श्री छोटेलाल :** क्या उत्तर प्रदेश सरकार आदिवासियों की विरोधी है? उनकी फीस रोक दी गयी है, परीक्षा रोक दी गयी है। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपको अपनी डिमान्ड रखनी चाहिए।

**श्री कौशल किशोर (मोहनलालगंज) :** अध्यक्ष जी, मैं विषय चैंज कराना चाहता हूं।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप दूसरा विषय नहीं उठा सकते हैं, आपने जो विषय दिया है, आप वही उठा सकते हैं। आपने जो विषय दिया है, वही बोलिए, नहीं तो बैठ जाइए।

**श्री कौशल किशोर :** अध्यक्ष जी, ठीक है। मेरे यहां लखनऊ से कानपुर तक की जो रेलवे लाइन है, उस पर हरौनी स्टेशन है, जिस पर 30 से 35 हजार तक यात्री रोज़ाना आते-जाते हैं और वहां से प्रतिदिन काम पर मजदूर जाते हैं। लेकिन वहां पैसेंजर कभी भी टाइम से नहीं आती है। चार ट्रेनें ऐसी हैं, जिनका वहां रुकने का स्टॉपेजी दो-दो मिनट का बनना चाहिए। वहां पांच हजार के आस-पास एमएसटी के लोग हैं, जो प्रतिदिन आते-जाते हैं, इसलिए मैंने जिन चीजों को रखा है, इनको रेल मंत्री जी से आश्वासन दिला कर कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

**श्री विजय सांपला (होशियारपुर):** मैडम, मैं आपके माध्यम से देश में निजी ठेकेदार और निजी संस्थाओं के अंतर्गत कार्य कर रहे श्रमिकों के कल्याण का मुद्दा उठाना चाहता हूं। देखा गया है कि सरकारी, अर्द्ध-सरकारी संस्था, सार्वजनिक उपक्रम तथा अन्य विभागों में आजकल तृतीय श्रेणी और चतुर्थ श्रेणी के श्रमिकों को ठेकेदारों द्वारा या निजी संस्थाओं में जो काम करते हैं, उनको सही वेतनमान नहीं मिलता है। दिखाया कुछ जाता है, लेकिन होता कुछ है। मैं आपके माध्यम से यह मांग उठाना चाहता हूं, चूंकि मैं स्वयं एक श्रमिक रहा हूं और इस समस्या से जूझता रहा हूं, कि जो उनका वेतनमान है, वह सीधे सरकारी बैंकों द्वारा दिया जाए, ताकि उनको निजात मिले और देश का बहुत बड़ा जो श्रमिक वर्ग है, उसका कल्याण हो सके।

**श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल (महाराजगंज) :** महोदया, बिहार के छपरा जिले में जगदम महाविद्यालय और राजेन्द्र सरोवर के मध्य रेल सम्पार वर्तमान में आम जनता के लिए चिंता का सबब बना हुआ है। यह सम्पार, जो कि छपरा कचहरी रेलवे स्टेशन और छपरा जंक्शन के मध्य स्थित है, इस रेलवे लाइन पर दिनभर रेल गाड़ियों और माल गाड़ियों का आवागमन लगा रहता है, परिणास्वरूप दिन में अनगिनत बार सम्पार का गेट खुलता और बंद होता रहता है। चूंकि एक महत्वपूर्ण कॉलेज एवं शिक्षण संस्थान रेलवे समपार के उत्तर में है। इसकी वजह से कई बार ऐसा हुआ है कि छात्रों की परीक्षा भी समपार ज्यादा समय तक बंद रहने की

वजह से छूट गयी है। कई बार उस पर से इस पार टाउन में जो मरीज आते हैं, उनको दम भी तोड़ना पड़ा है।

महोदया, मैं माननीय रेल मंत्री जी से आपके माध्यम से आग्रह करना चाहता हूं कि उस सम्पार पर ओवरब्रिज शीघ्र बनाएं ताकि वहां के लोगों को समपार पर आने जाने में हो रही कठिनाइयों से निजात मिल सके और पूरे जिले के लोगों को सुविधा हो सके। अध्यक्ष महोदया आपने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय को सदन में उठाने का समय दिया इसके लिए आपका धन्यवाद करता हूँ।

SHRI R.K. SINGH (ARRAH): Hon. Speaker, thank you for giving me this opportunity. Thousands of acres of land in Bihar, and more specifically in my constituency Arrah, are lying parched because of the non-implementation of an inter-State water agreement. The Madhya Pradesh Government is not releasing any water at all from the Ban Sagar Dam, even though they are supposed to release 5,000 cusecs of water everyday. Because of this non-release of water, the seedlings are dying and very soon we will have a very serious situation.

So, I would urge the Ministry of Water Resources to look into this and to get the Madhya Pradesh Government to release the water according to the inter-State water agreement. Thank you.

SHRI ARVIND SAWANT (MUMBAI SOUTH): Hon. Speaker, I would like to thank you very much for granting me permission to raise this issue during the 'Zero Hour'.

This is regarding the Hindustan Antibiotics Limited, Pimpri, Pune which is the only PSU which has got huge infrastructure and manpower which, if provided support, can manufacture bulk drugs to serve the "Health for All' vision of the Government of India.

Madam, in fact, the Company is in crisis now. For the last six months, salary is not being paid to the employees. Their statutory payments like GPF, Gratuity and other benefits are not paid. They are requesting the Government to revive this company. Accordingly, a proposal was sent to the Government in 2012. It is still pending with the Government wherein it was stated that the land would

be sold out. The Maharashtra Housing and Area Development Authority has paid Rs.5 crore to the company. The balance of Rs.100 crore will be paid. For that matter, I seek the intervention of the hon. Minister of Chemicals and Fertilizers for the revival of the company. Around 1100 employees are waiting to get their salary. The Company is on the verge of closure.

Therefore, through you, Madam, during the 'Zero Hour', I would like to request the hon. Minister to pay attention to the revival of this Company urgently.

**श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर):** अध्यक्ष जी, आपने बीकानेर संसदीय क्षेत्र का शून्य काल में जो महत्वपूर्ण विषय उठाने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। बीकानेर बहुत महत्वपूर्ण स्थान है, टूरिस्ट डेवलपमेंट से भी महत्वपूर्ण है और अभी नागर विमानन मंत्री जी वहां गये थे, उन्होंने वहां पर टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन किया, लोकार्पण भी कर दिया।

महोदया, मेरा आपके माध्यम से यह कहना है कि उसकी सर्विस शुरू हो। टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन होने से लोग कहते हैं कि अभी कुछ नहीं हुआ तो मैं कहना चाहता हूं कि कोई एअर एजेंसी उसके लिए तय करें, चाहे एअर इंडिया तय करे, छोटा एटीआर तय कर ले। हमारा अभी टूरिस्ट का सीजन शुरू होने वाला है। उसमें विदेशी मेहमान बहुत आते हैं, देशी मेहमान भी बहुत आते हैं, इसलिए बीकानेर को टर्मिनल बिल्डिंग के साथ-साथ, एअर एजेंसी तय करके हवाई सेवा से जोड़ें। मैं आपके माध्यम से सरकार से यह अनुरोध करना चाहता हूं। आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।

**माननीय अध्यक्ष :** श्री देवजी एम. पटेल अपने आपको श्री अर्जुन राम मेघवाल जी के विषय के साथ सम्बद्ध करते हैं।

**श्री राम कृपाल यादव (पाटलीपुत्र) :** महोदया, मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करता हूं कि आपने बहुत ही महत्वपूर्ण और संवेदनशील, दर्दनाक विषय पर मुझे बोलने का अवसर दिया है।

महोदया, सदन और हम सब लोग चिन्तित रहते हैं और न जाने कितनी दफा इस पर चर्चा होगी कि क्या देश की महिलाओं की इज्जत और आबरू सुरक्षित रहेगी? उनके साथ देश के विभिन्न भागों में जो लगातार अत्याचार हो रहा है, क्या वह लगातार जारी रहेगा? यह बहुत चिन्ता का विषय है। सख्त कानून भी बन रहे हैं पर उनका कोई असर आम लोगों पर नहीं हो रहा है। पुनः एक इसी तरह की घटना कल बिहार के जहानाबाद इलाके में हो गयी। एक पॉलिटिकल पार्टी की कार्यकर्ता, जिसका नाम संगीता है, उसको घर में घुसकर लोगों ने निर्वस्त्र किया, मारपीट की और पूरे सामान को लूटकर ले जाने का काम

किया। मैं शहर की यह घटना बता रहा हूं। जहानाबाद शहर है, नगर थाना के अन्तर्गत यह इलाका आता है। वहां पुलिस मूकदर्शक बनी रही और चुपचाप उसकी इज्जत, आबरू लूटी जाती रही, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। क्या इसी तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति बिहार में होती रहेगी? इन दिनों बिहार में खासतौर पर महिलाओं के खिलाफ बड़े पैमाने पर अत्याचार बढ़े हैं। वहां हत्या, बलात्कार की घटनायें लगातार हो रही हैं। वहां की सरकार चुपचाप मौन धारण किए हुए है। मैडम, क्या हम ऐसा कुछ नहीं सोच सकते कि हमारे मन में जो इस तरह की भावना है, उससे हम अपने आपके निकाल पायें।

मैडम, वहां की सरकार आम लोगों को सुरक्षा देने में बिल्कुल फेल हो चुकी है। वहां विधि व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं है। सरकार मृतप्राय है। ...(व्यवधान) मैडम, आपको यह जानकार आश्चर्य होगा ...(व्यवधान) यह बहुत संवेदनशील मामला है। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** मालूम है।

**श्री राम कृपाल यादव :** महोदया, अभी तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुयी है, जो अभियुक्त हैं। ...(व्यवधान) वहां पर यह उस पॉलिटिकल पार्टी की कार्यकर्ता है जो सरकार को अभी समर्थन दे रही है। ...(व्यवधान) मगर वहां चुपचाप बैठकर, दोनों मिलकर अपराध की घटनायें लगातार बढ़ा रहे हैं। ...(व्यवधान) वह पिछड़ी जाति की महिला हैं। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप एसोशिएट कर दीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री राम कृपाल यादव :** महेदया, राज्य सरकार ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है। ...(व्यवधान) मैं आपके माध्यम से गृह मंत्री जी से इस ओर ध्यान देने का आग्रह करता हूं। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप सभी इनके साथ एसोशिएट करिए।

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल और श्री राजेन्द्र अग्रवाल, श्री रामकृपाल यादव जी द्वारा शून्य काल में उठाए गए विषय के साथ अपने-आप को संबंद्ध करते हैं।

...(व्यवधान)

**श्री राजेश रंजन :** अध्यक्ष जी, आप ने शूल्य काल में महत्वपूर्ण विषय पर बोलने के लिए मुझे अवसर प्रदान किया है, इसके लिए मैं आपको हृदय से धन्यवाद देता हूं। यह सिर्फ बिहार की औरतों की सम्मान और इज्जत का सवाल नहीं है। पूरे देश में औरतों का सम्मान दिन-प्रतिदिन घट रहा है। चाहे झारखंड, बंगाल का सवाल हो, कर्नाटक में बलात्कार की घटना हो, धनखड़ का इश्यू हो, या अन्य प्रदेशों की घटना

हो, जहानाबाद में पुलिस के सामने घटना घटी, सबसे बड़ी दर्दनाक बात यह है कि पुलिस मुकदर्शक बनी रही और 3 घंटे तक 50 क्रिमिनल्स, गुंडे एक औरत को निर्वस्त्र कर के, उसे लहू-लुहान कर दिया। निश्चित रूप से, यह देश के लिए शर्मनाक घटना है। यह सदन के लिए निश्चित रूप से चिंता का विषय है। सरकार को निश्चित रूप से निर्देश देनी चाहिए कि किसी भी कीमत पर इस तरह की पुनर्रावृत्ति देश में न हो।...(व्यवधान)

सहरसा जिले के सिमरी-बख्तियारपुर में औरतों को नंगा कर के डी.एस.पी. ने मारा है। ...(व्यवधान) उसने एक लड़की को इतना मारा है कि मैं उसके बारे में आपको नहीं बता सकता हूं। ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया, वहां के डी.एस.पी. को तुरंत बर्खास्त किया जाना चाहिए। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** ऐसी भाषा का प्रयोग न करें।

...(व्यवधान)

**श्री राजेश रंजन :** अध्यक्ष महोदया, ठीक है। ...(व्यवधान) उस डी. स.पी. के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए, जिसने उस औरत को सिमरी-बख्तियारपुर में मारा है। ...(व्यवधान) जिस पुलिस के सामने यह घटना घटी है, वह मुअतल होना चाहिए। ...(व्यवधान) बिहार के मुख्यमंत्री इस संबंध में कठोर कार्रवाई करें। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** अश्विनी जी, क्या आप बोलना चाहते हैं?

...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप सभी इनके साथ एसोसिएट करिए।

...(व्यवधान)

**श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) :** महोदया, आपने मुझे बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर बोलने के लिए समय दिया है, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देना चाहता हूं। बिहार के बक्सर, भागलपुर एवं अन्य जिलों में भीषण विद्युत संकट व्यापप्त है। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** कृपया इस प्रकार नहीं बोलिए।

...(व्यवधान)

**श्री अश्विनी कुमार चौबे :** महोदया, पिछले 15 दिनों में बिहार में मुश्किल से चार घंटे, पांच घंटे या छः घंटे तक बिजली रह पाती है। ग्रामीण क्षेत्र हो या शहरी क्षेत्र हो सभी जगह बिजली संकट व्याप्त है। बिहार में 2600 मेगावाट की आपूर्ति होती है। विद्युत आपूर्ति के विरुद्ध मुश्किल से औसतन 1200 मेगावाट से ले कर 1600 मेगावाट ही बिजली दी जाती है। आपको यह सुन कर आश्चर्य होगा कि उस में भी जो बिजली

वहां पर सी.एल.डी. से दी जाती है - पोल और तार इतने गड़बड़ हैं कि वहां तक बिजली पहूंच नहीं पाती है। देश-विदेश से लाखों काँवड़िया अजैगबीनाथ धाम से बाबा धाम की यात्रा करते हैं। वे बहुत कठिनाई में हैं। बिजली के बिना लाखों किसान अपने खेतों की सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं। इस कारण से पूरा जीवन संकटमय हो गया है। मैं विद्युत मंत्री जी से आग्रह करूंगा कि वे बिहार के इस मामले में, विशेष कर सावन के महीने में काँवड़ियों का जो शिविर चल रहा है, उसके लिए अलग से विद्युत का प्रावधान करें, ताकि वहां के जनजीवन को बचाया जा सके।

**श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ):** अध्यक्ष महोदया, संपूर्ण उत्तर प्रदेश में तथा विशेष कर पश्चिम उत्तर प्रदेश में विद्युत आपूर्ति की स्थिति अत्यंत खराब है। घोषित रूप से नगरीय क्षेत्रों में 15 घंटे से 20 घंटे तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 8 घंटे से 10 घंटे तक बिजली की आपूर्ति विभाग द्वारा बताई जा रही है। परन्तु, वास्तविकता यह है कि कटौति की घोषित घंटों में तो बिजली की आपूर्ति का सवाल ही नहीं है। आपूर्ति की घोषित घंटों में भी बिजली की आपूर्ति बाधित ही रहती है। परिणामस्वरूप, आम आदमी का जीवन दूभर हो गया है। किसानों के खेत सूख रहे हैं तथा उद्योग-धंधे बंद हो रहे हैं। दिनांक 17.07.2014 को, यानी कल ही, तारांकित प्रश्न 143 के जवाब में भारत सरकार के ऊर्जा मंत्री जी ने पिछले तीन वर्षों के आंकड़े दिए थे, उसके अनुसार उत्तर प्रदेश में पीक-आवर्स में अप्रैल-2011 से मार्च-2012 तक विद्युत आपूर्ति में 11.3 प्रतिशत की कमी थी। वर्ष 2011-12 में यह 2.3 प्रतिशत रही। वर्ष 2012-13 में यह 13.6 प्रतिशत रही। वर्ष 2013-14 में यह 5.8 प्रतिशत रही। परन्तु, अप्रैल-2014 से जून-2014, तीन माह की अवधि में यह 24.6 प्रतिशत हो गई।

अध्यक्ष जी, इन तीन महीनों में लोक सभा चुनाव के परिणाम आने के बाद के महीने भी शामिल हैं। इन आंकड़ों से एक ही निष्कर्ष निकलता है कि उत्तर प्रदेश की सत्ताधारी समाजवादी पार्टी की सरकार लोक सभा में मिली पराजय को पचा नहीं पा रही है तथा जनता से इसका बदला ले रही है। विद्युत की अनियमित तथा अपर्याप्त आपूर्ति का जो उल्लेख मैंने प्रारंभ में किया है, उसका यही कारण है। मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि वह इसमें हस्तक्षेप करके विद्युत आपूर्ति को सुनिश्चित कराए। यदि प्रदेश सरकार सैंट्रल पूल से बिजली खरीदने में अरूचि एवं असमर्थता दिखाती है तो केन्द्र सरकार द्वारा प्रदेश को दी जाने वाली आर्थिक सहायता में से विद्युत के मूल्य को समायोजित करते हुए विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।

**श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज):** अध्यक्ष महोदया, आपने एक बड़े ज्वलंत, अत्यन्त महत्वपूर्ण और अविलम्बनीय प्रश्न पर मुझे बोलने की अनुमति दी, इसके लिए मैं आपका आभारी हूं। एक तरफ हमारे माननीय सदस्यों ने अपने क्षेत्र और राज्य में बिजली कटौती से उत्पन्न संकट की तरफ आपका ध्यान

आकृष्ट किया है और सरकार से अपेक्षा की है। मैं उससे ज्यादा महत्वपूर्ण प्रश्न उठा रहा हूं। देश के जो 45 बिजली घर हैं, नेशनल थर्मल पावर कार्पोरेशन हो या प्राइवेट हो, उनसे ऊर्जा का उत्पादन होता है। खुद ऊर्जा मंत्रालय ने स्वीकार किया है कि 45 ऐसे बिजली घर हैं जिनके पास मात्र 7 दिनों का कोयला बचा हुआ है। उनमें से 4 बिजली घर ऐसे हैं जिनके पास कोवल 2 दिन का कोयला है। खुद ऊर्जा मत्री जी ने इसे स्वीकार किया है कि राज्यों में कोयले का उत्पादन कम हुआ है। यह अपने आप में काफी गंभीर संकट है। अगर उन बिजली घरों को 2 दिन या 7 दिन बाद कोयले की आपूर्ति नहीं हुई तो सारा उत्पादन ठप्प हो जाएगा। इससे आज जो स्टॉल्ड कैपेसिटी है, उसके सापेक्ष प्लांट लोड फैक्टर की कमी आने से जहां एक तरफ सूखे की स्थिति है, दूसरी तरफ चाहे दिल्ली राजधानी हो, शाम को पीक आवर में 5 हजार मेगावाट की आवश्यकता पड़ती है। उत्तर प्रदेश में 12 हजार मेगावाट की सापेक्ष 6 हजार मेगावाट मिल रही है। यह काफी ज्वलंत प्रश्न है। इसमें कौन जिम्मेदार है। एक एग्रीमैंट, लिंकेज होता है। उन थर्मल पावर को सभी बिजली घरों को कोल लिंकेज में कोयले के उत्पादन की कमी क्यों आई। कोयले के अभाव से उत्पादन प्रभावित होगा जो राष्ट्रीय क्षति होगी। सरकार इस पर तत्काल कदम उठाए।

**श्री अशोक महादेवराव नेते (गढ़चिरोली-चिमुर):** अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान महाराष्ट्र के मेरे संसदीय क्षेत्र गढ़चिरौली-चिमुर की ओर दिलाना चाहता हूं। वह क्षेत्र देश का बहुत ही पिछड़ा, घना आदिवासी बहुल व नक्सल प्रभावित जिला है। गढ़चिरौली जिले में बड़े पैमाने पर आदिवासी समाज रहता है। साथ ही ओबीसी समाज भी बड़े पैमाने पर रहता है। वहां के ओबीसी समाज का आरक्षण 1995 से पहले 19 प्रतिशत था। 1995 के बाद उनका आरक्षण 6 प्रतिशत कर दिया गया। इससे उनके मन में बहुत असंतोष है। वहां आदिवासी का आरक्षण 24 प्रतिशत किया गया है। उनका कहना यह नहीं है कि आदिवासी का आरक्षण 24 प्रतिशत क्यों किया गया, उनका कहना है कि हमारा जो 19 प्रतिशत आरक्षण था, वह उतना ही किया जाए।...(व्यवधान) पूरे देश में जो कानून बना हुआ है, पूरे देश के 52 प्रतिशत समाज के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण रखा गया है। उसके मुताबिक हर राज्य में आरक्षण दिया गया है। कुछ राज्यों में कम, ज्यादा दिया गया है। जैसे महाराष्ट्र में 19 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है जो सभी जिलों को मिलता था। लेकिन वर्ष 1995 के बाद गढ़चिरौली जिले के ओबीसी समाज के लिए 6 प्रतिशत आरक्षण किया गया। इसलिए उनके मन में बहुत असंतोष फैला हुआ है। इसके लिए उन्होंने कई बार आंदोलन किया। सरकार से कई बार निवेदन किया, कॉरैसपॉडैंस किया। फिर भी सरकार का उनकी तरफ अभी तक ध्यान नहीं गया।

मेरा आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि ओबीसी समाज का गंभीरता से ख्याल कर उन्हें न्याय दिलाने का प्रयास किया जाए।

**13.00 hrs**

SHRI N.K. PREMACHANDRAN (KOLLAM): Madam Speaker, I would like to raise a serious issue which is having national importance and which is concerning the farming community of our country.

Recently, the Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution have issued a letter to all the State Governments stating that those State Governments who are providing an amount above the Minimum Support Price for wheat and paddy, in their case the Food Corporation of India will not take part in the procurement process. This will adversely affect the procurement of paddy and wheat. Especially, I know in my State we are giving more than Rs. 7 per kilo to the farmers in procurement of paddy. In almost all the States, they are paying bonus above the Minimum Support Price of paddy and wheat. So the recent letter will adversely affect the procurement process.

So my submission, through you, Madam, to the Government as well as the Ministry of Consumer Affairs, Food and Public Distribution is to kindly review this position. Unless you are reviewing it, it will definitely affect the agricultural production and the food security of our country will be adversely affected.

Also, it has been very specifically stated in the letter – it is with me here – that it is applicable to both decentralized procurement States as well as the non-decentralized procurement States. It is affecting both types of the States. So the farming community will be affected. So, my submission is, you withdraw or review the position so as to help the farmers. Thank you, Madam.

**श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह) :** अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि इंदिरा आवास, मनरेगा के तहत पंचायत भवन का निर्माण हो, चाहे सांसद निधि की बात हो, भारत कोकिंग कोल, सैंट्रल कोल फील्ड लिमिटेड और दामोदर वैली कार्पोरेशन आदि क्षेत्र हैं, यहां पंचायती राज व्यवस्था के तहत, झारखंड में जब से पंचायत का चुनाव हुआ है, उस क्षेत्र में एक भी इंदिरा आवास का निर्माण नहीं

हुआ। उसका कारण है कि वे लोग नो ऑब्जेक्शन नहीं देते। उनका कहना है कि यह हमारी जमीन है, इसलिए हम इसका नो ऑब्जेक्शन नहीं देंगे। दामोदर वैली कार्पोरेशन की भी यही स्थिति है। इससे वहां जो दलित परिवार के लोग हैं, जो बीपीएल धारी हैं, उनके लिए न तो इंदिरा आवास बन रहा है और न ही मनरेगा का काम हो रहा है। आपको ताज्जुब होगा कि गिरिडीह के 16 पंचायत भवनों का आज तक निर्माण नहीं हुआ है। हमारा कहना है कि यदि उनको अनापत्ति प्रमाण-पत्र नहीं देना था, तो वहां पंचायत का चुनाव नहीं होता। सांसद निधि का भी काम नहीं हो रहा है।

अध्यक्ष महोदय, हम आपके माध्यम से भारत सरकार से मांग करते हैं कि इनको डायरेक्शन दिया जाये कि वे सरकारी काम में बाधा उत्पन्न न करें और अनापत्ति प्रमाण-पत्र दें, ताकि वहां के इंदिरा आवास, पंचायत भवन और मनरेगा के तहत जो विकास कार्य होने हैं, वे हो सकें।

अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का समय दिया, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

**योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर):** अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दे की ओर आकर्षित कर रहा हूं। जो समाचार आ रहे हैं, उनमें कहा गया है कि इराक के अंदर इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया का जो विवाद चल रहा है, उसमें भारत के कुछ नौजवानों के नाम आये हैं जो उन आतंकियों की ओर से इराक की आम जनता के अंदर जो क्रूरता बरती जा रही है, उसमें उनकी संलिप्तता है। यह गंभीर मामला तब आया जब अफगानिस्तान से अमेरिकी सेनाओं और नाटो की सेनाओं की वापसी इस वर्ष होनी है। उस स्थिति में अगर भारत के कुछ लड़कों की वहां संलिप्तता है और वे उस क्रूरतम मानवता के खिलाफ किये जा रहे अपराध में संलिप्त हैं, तो यह हमारी आंतरिक सुरक्षा के लिए एक गंभीर संकट है।

अध्यक्ष महोदया, मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहूंगा कि वह इस मामले का संज्ञान ले और इस प्रकार के तत्वों के साथ कड़ाई से निपटे।

SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Madam, I would like to invite the attention of this august House to a serious matter. Due to heavy rain, the entire coast of Kerala, especially in my constituency, is facing severe sea erosion attacks. Due to massive sea erosion, a lot of houses have been damaged. As a result, thousands of people have been evacuated and put in rehabilitation camps. The only solution to this problem is to construct maximum number of seawalls. But it needs a huge amount of money. For the last so many years, the Government of

India has not given any financial assistance to construct these seawalls by saying that this would not come under the disaster natural calamities norms.

Therefore, my submission to the Government is to change the norms regarding this matter. This should be treated as a national disaster. The National Disaster Management Authority should look into this matter. It should give assistance to the State Government by constructing seawalls.

As far as the assistance given by the National Disaster Management Authority is concerned, no allocation of money has been done to the National Disaster Management Authority for this purpose. Poor fishermen are in great danger. They are in a very difficult situation.

In this regard, I would like to humbly request the Government to examine this issue, change the norms and put this issue under the natural calamities.

**श्री गणेश सिंह (सतना) :** अध्यक्ष महोदया, मैं आपका धन्यवाद करता हूँ कि मुझे आपने बोलने का अवसर दिया। मेरे संसदीय क्षेत्र में दो बड़े पर्यटन एवं धार्मिक स्थल हैं। एक चित्रकूट और दूसरा मैहर है। चित्रकूट में भगवान राम ने साढ़े ग्यारह वर्ष के वनवास का समय बिताया था। वहाँ पर " रामायणम् " के नाम से राज्य सरकार के सहयोग से हर वर्ष हम लोग एक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। देश-विदेश में भगवान राम के जीवन चरित्र के बारे में जो नाटिकाएँ हैं, वे वहाँ प्रस्तुत की जाती हैं। मैं भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय से मांग करता हूँ कि चित्रकूट एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थान है, उसे राष्ट्रीय कार्यक्रम समझकर, अपनी तरफ से सहयोग करें। इसी प्रकार से मैहर जहाँ माँ शारदा की पवित्र पीठ है में तीन दिवसीय " बाबा अलाउद्दीन खाँ संगीत समारोह" हर वर्ष फरवरी के महीने में आयोजित किया जाता है। उसमें भी अंतर्राष्ट्रीय स्तर के शास्त्रीय संगीत के जानकार लोग अपनी कला का प्रस्तुतीकरण करते हैं। यह कार्यक्रम भी राज्य सरकार के सहयोग से होता है। लेकिन हम चाहते हैं कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय एवं पर्यटन मंत्रालय द्वारा इसमें सहयोग दिया जाए। इसके साथ-साथ, अभी भारत सरकार ने जो " नमामि गंगे" योजना शुरू करने का एलान किया है, गंगा पवित्र नदी है, इस कारण उसे शामिल किया गया है। इसी प्रकार से मंदाकिनी नदी है। चित्रकूट में लाखों लोग वहाँ पर दीपावली के समय और हर माह के अमावस्या पर जाते हैं और मंदाकिनी नदी में स्थान करके उसके प्रति श्रद्धा प्रदर्शित करते हैं। निश्चित तौर पर उस नदी का विस्तार बहुत ज्यादा नहीं है। इसे उस राष्ट्रीय परियोजना में शामिल किए जाने की माँग

करता हूँ। इसी तरह संस्कृति मंत्रालय से मैं चाहता हूं, " रामायणम् " रामचरितमानस पर आधारित ग्रंथ है, उसका एक सचित्र ग्रंथालय के परिसर के रूप में वहाँ पर बनाया जाए। मैं आपके माध्यम से संस्कृति मंत्रालय से माँग करता हूँ।

SHRIMATI V. SATHYABAMA (TIRUPPUR): Thank you, Mr. Chairman, Sir, for giving me an opportunity to raise an important issue concerning my Tiruppur Parliamentary Constituency. I thank our hon. Chief Minister, Amma, who has given me an opportunity to speak in this House.

Madam, this is my maiden speech. The Salem-Cochi-Kanyakumari Road (NH-47) is an important National Highway in Tamil Nadu. In Tiruppur Parliamentary Constituency – the above road is from kilometer 59/0-102/0 that is from Bhavani (Lakshmi Nagar) to Chengapalli – the work of four-laning of highway had been taken up by NHAI and toll operation was commenced from August, 2009. The total length of this stretch is 43 kilometers but, on this stretch, service road has not been provided for 18 kilometers. There are 22 major and 15 minor junctions on this stretch. Out of 22 major junctions, only eight junctions had been provided with road over bridges and 14 major junctions had been left without any type of bridges. Even for the eight major bridges constructed, except for one at Lakshmi Nagar and another at Chengapalli, all other bridges have not been provided with approach roads on either side.

Hence the motorists have to circumnavigate through the old bypass roads and reach the intersecting major roads. The infrastructure for the project is totally incomplete on field. Due to incomplete nature of the project, more than 300 cases had been filed in police stations during the last three years. There were a lot of minor accidents which occurred in this stretch but those were not accounted for. These accidents threw a lot of families into pathetic situation and those who lost their family head in these accidents were left out unsupported like orphans.

As a remedial measure to the frequent fatal accidents, the left out portion of service roads, approach roads to bridges and over bridges at the above vulnerable junctions have to be constructed.

During the formation of four-laning, a lot of trees had been cut down. To minimize pollution, a large number of trees have to be planted along sides of the road.

So, I would request the Union Government, through this August House, to take an early action for avoiding road accidents.

**श्रीमती अंजू बाला (मिश्रिख) :** धन्यवाद अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया।

महोदया, राष्ट्रीय मार्ग संख्या 91 जो दिल्ली से शुरू होकर साहिबाबाद, गाजियाबाद, दादरी, सिकन्दराबाद, बुलन्दशहर, अलीगढ़, एटा, कन्नौज होते हुए मेरे लोक सभा क्षेत्र मिश्रिख की, बिल्हौर विधानसभा क्षेत्र के अरौल, बिल्हौर, चौबेपुर, मन्धना होते हुए कानपुर तक जाता है। इस मार्ग की दिल्ली से कानपुर तक कुल लम्बाई 478 किलोमीटर है। जब से देश आजाद हुआ है, तब से आज तक यहां फोर-लेन सड़क नहीं बनी, बननी चाहिए थी, लेकिन अब तक नहीं बनी है।

मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से का ध्यान इस ओर आकर्षित करना चाहती हूं कि वहां पर फोर-लेन सड़क बनाई जाए। धन्यवाद।

SHRI MULLAPPALLY RAMCHANDRAN (VADAKARA): Madam, it is with heavy heart that I draw your kind attention to a shocking incident that has happened in Chennai last week. One honourable sitting judge of the Madras High Court, who was to attend a book release ceremony along with other fellow judges, was denied entry into the Tamil Nadu Cricket Association Club solely on the ground that he did not adhere to the dress code, as he was clad in *dhoti*.

This incident has touched the conscience of every patriotic Indian as it smacks of idiosyncrasies of the British Raj. This incident also reminds us of the discrimination meted out to the father of the Nation in South Africa where he had undergone tribulations because he had worn a turban.

Let the whole country know whether we are still living in a colonial era and apartheid is still being practised in our country. We are a sovereign, democratic country and we suffered a lot to attain Independence. This shameful incident is a slur on the very image of this country. I would urge upon the Government to take necessary steps so that such ridiculous and colonial practices are done away with.

**श्री विद्युत वरन महतो (जमशेदपुर):** धन्यवाद अध्यक्ष महोदया। हमारे संसदीय क्षेत्र में दण्डछत्र माल जाति की काफी आबादी है। यह जाति मूलतः खेतिहर मजदूर है और ये लोग बहुत गरीब हैं। सामान्य जाति होने के कारण उनको किसी तरह की कोई सुविधा सरकार से नहीं मिल पाती है। वहीं पड़ोसी राज्यों पश्चिम बंगाल और ओडिशा में यह जाति जनजाति की श्रेणी में आती है।

आपके माध्यम से मैं सरकार से मांग करना चाहता हूं कि इन लोगों की पारिवारिक एवं सामाजिक स्थिति को मजबूत करने के लिए, जिस प्रकार ये लोग पश्चिम बंगाल और ओडिशा में अनुसूचित जाति में शामिल है, उसी तरह झारखण्ड की दण्डछत्र माल जाति को भी अनुसूचित जाति में शामिल किया जाए।

HON. SPEAKER: The House stands adjourned for Lunch to meet again at 2.15 p.m.

**13.14 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned for Lunch till Fifteen Minutes past Fourteen of the Clock.*

**14.15 hrs** *The Lok Sabha re-assembled after Lunch at Fifteen Minutes past Fourteen of the Clock.*
( Hon. Speaker *in the Chair*)

## GENERAL BUDGET (2014-15) – GENERAL DISCUSSION DEMANDS FOR EXCESS GRANTS (GENERAL)-(2011-12) – CONTD.

HON. SPEAKER: The House will now take up Item No. 15 and 16 together.

Hon. Minister.

***श्री ददन मिश्रा (श्रावस्ती)**- माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार के पहले आम बजट में उल्लिखित पूर्णतः जनहित को समर्पित प्रस्तावों की मैं प्रशंसा करता हूँ एवं समर्थन करता हूँ। भारत की जनता के हितों को ध्यान में रखकर बनाया गया यह बजट निश्चित रूप से भारतीय जनमानस में खुशहाली लायेगा एवं देश के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करेगा। संतुलित एवं हर वर्ग तथा हर समाज को ध्यान में रखकर प्रस्तुत इस आम बजट के लिए मैं माननीय वित्त मंत्री जी को बधाई देता हूँ।

मेरा माननीय वित्त मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र श्रावस्ती-बलरामपुर (उत्तर प्रदेश) में निम्न जनहित के कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए सम्पन्न कराने के लिए समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।

1. प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना नामक एक नई स्कीम का प्रस्ताव करते हुए इस प्रयोजन के लिए 1000 करोड़ रूपए का प्रावधान करके सरकार ने किसानों के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझा है। सिंचाई में सुधार आने से भारत का किसान खुशहाल होगा। मैं इसके लिए भी भारत सरकार के प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बलरामपुर-श्रावस्ती की भूमि बहुत उपजाऊ है, किंतु सिंचाई के साधनों के अभाव में किसान उपजाऊ जमीन से फसल का लाभ नहीं ले पाते हैं। अतः मैं सरकार के माध्यम से भारत सरकार से अपील करता हूँ कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना स्कीम के तहत बलरामपुर-श्रावस्ती जिले में सिंचाई के साधन मुहैया करवाए जाएं। राप्ती कैनाल परियोजना की धीमी गति के कारण परियोजना की लागत निरंतर बढ़ती जा रही है, अतः परियोजना तीव्र गति से पूरी करवायी जाये।

2. पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सरकार की प्रतिद्धता के तहत मेरी मांग है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के तहत श्रावस्ती में बौद्ध हवाई पट्टी का विस्तार करते हुए उसे इस तरह व्यवस्थित किया जाए कि छोटे और

* Speech was laid on the Table

मझोले विमान आसानी से लैण्ड कर सकें और वहां से उड़ान भर सकें ताकि देश-विदेशों से आने वाले पर्यटकों को सुविधा मिल सके और पर्यटन का विकास हो।

3. सोहेलवा वन प्रभाग श्रावस्ती और बलरामपुर जिलों में समेट कर भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर 452 वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है। इस वन्य जीव विहार का क्षेत्र है, जहां वन्य जीवों का प्राकृतवास है। अतः दुधवा और कतर्निया की तरह सोहेलवा वन्य जीव विहार की नैसर्गिक छटा सैलानियों का स्वागत करने को तैयार है। बहते पहाड़ी नाले और शिवालिक पहाड़ियों का मनोरम दृश्य इसकी खूबसूरती को चार चांद लगाता है। बाघ, गुलदार, भालू, हिरन या फिर चीतल सभी जंगल में घूमते मिल जायेंगे। नेपाल की तलहटी से तराई के मैदानी इलाके तक फैला सोहेलवा वन प्रभाग को कुदरत से बेपनाह खूबसूरती की दौलत मिली है। सैलानियों की सुविधा के अनुरूप इस क्षेत्र को विकसित करने के लिए टूरिज्म प्रोजेक्ट तैयार करके सोहेलवा वन प्रभाग को राष्ट्रीय स्तर का पर्यटन स्थल बनाया जाए।

4. बलरामपुर जिले की पहचान जर्जर और खस्ताहाल सड़कों से होती है, बलरामपुर मुख्यालय को जोड़ने वाले सभी मुख्य मार्गों की हालत एक जैसी है। गोण्डा से बलरामपुर मार्ग की कुल दूरी 42 किलोमीटर है, लेकिन इस दूरी को तय करने में घण्टों लग जाते हैं। मार्ग की गिट्टियां जगह-जगह उखड़ी हैं। बलरामपुर उतरौला मार्ग सिद्धार्थनगर को जोड़ता है, इस सड़क की हालत अत्यंत दयनीय हो चुकी है, इसे सी.आर.एफ. के अंतर्गत सुधारने के लिए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाये।

5. बलरामपुर तुलसीपुर रोड से बेलहा मोड़ से इटवा सिद्धार्थनगर जाने वाली सड़क की हालत अत्यंत खराब है। अतः सी.आर.एफ. के अधीन चौड़ीकरण एवं उच्चीकृत कर कार्य सुनिश्चित किया जाए। बौद्ध परिपथ को एन.एच. के अधीन तुलसीपुर से आगे सिद्धार्थनगर तक बढ़ाया जाए।

6. बहराईच भिनगा रोड 4 लेन का बनाया जा रहा है, भिनगा से चौधरीडीह तक 2 लेन का कार्य चल रहा है। चौधरीडीह से तुलसीपुर तक सी.आर.एफ. योजना में जोड़ दिया जाए।

7. दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के तहत श्रावस्ती एवं बलरामपुर को सम्मिलित किया जाये। ये दोनों जिलें अति पिछड़े हुए हैं। अतः इन जिलों में विद्युतीकरण से वंचित सभी गांवों में दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना के तहत विद्युतीकरण सुनिश्चित करवाया जाये।

8. बलरामपुर पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय अटल बिहारी वाजपेयी और नाना जी देशमुख की कर्मभूमि रही है। गोरखपुर और लखनऊ के बीच कोई मेडिकल कॉलेज न होने से मध्य पूर्वांचल के लोगों को काफी असुविधा होती है। अतः हमारी मांग है कि आदरणीय अटल जी के नाम से एक मेडिकल कॉलेज बलरामपुर में स्थापित किया जाए।

श्रावस्ती की शिक्षा दर पूरे प्रदेश में न्यूनतम है। अतः मध्य पूर्वांचल के शैक्षिक विकास हेतु नानाजी के नाम से एक इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना श्रावस्ती में की जाए।

***श्रीमती संतोष अहलावत (झुंझनू)-** मैं माननीय वित्त मंत्री द्वारा पेश किये गये बजट की भरपूर सराहना करती हूँ। भारत में पिछले दो वर्षों से आर्थिक विकास दर 5% से भी कम रही, दूसरी ओर विश्व के विकसित देशों में आये आर्थिक संकट से बाहर निकलने की जो गति है वह धीमी है। वहीं भारत की जनता के विभिन्नवर्ग इन परिस्थितियों से भारत को बाहर निकालने में असफल रहे। पूर्व सरकार के कारण एक नयी सरकार को नई उम्मीद के साथ चुना है। एक तरफ तो खजाना खाली और दूसरी तरफ आम जनता की उम्मीदें। इस कठिन परिस्थिति में हमारे वित्त मंत्री जी ने जो आर्थिक कुशाग्रता का परिचय दिया है, इसलिये वे निश्चित ही प्रशंसा के पात्र हैं। यह बजट आगे भारत की अर्थव्यवस्था की क्या दशा और दिशा रहेगी, कैसे सोयी अर्थव्यवस्था में गति आयेगी, रोज़गार निर्माण, गरीबी उन्मूलन, कमज़ोर वर्गों का उत्थान कैसे होगा। इन सबके लिये नीतियों का सूचक है। निश्चित रूप से यह बजट एक सकारात्मक शुरूआत है।

यह एन.डी.ए. सरकार प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा देगी, लेकिन इसके प्रति नीतियाँ बहुत ही प्रगतिशील और नयी हैं। यह घरेलू उद्योग और व्यवसाय की पूरक होंगी, न कि एक प्रतिद्वंदी की भूमिका में होगी। भारत में एक " नियो-मिडिल क्लास " का उदय हुआ है, जो अपने जीवन स्तर को ऊपर उठाना चाहती है और ये अभी हाल ही में गांवों से शहर को आये हैं। इसलिए एक सौ " स्मार्ट सिटी " को विकसित किया जायेगा। युवाओं में उद्धमशीलता विकसित करने हेतु बहुत-प्रवीणता (मल्टी स्किल्स) के कार्यक्रम चलाये जायेंगे।

इस बजट में महिलाओं और बच्चों के विकास के लिए काफी सशक्त योजनायें हैं। इस बार महिला सुरक्षा जो कि महिलाओं के लिए एक अहम् जरूरत है। " सार्वजनिक सड़क परिवहन सुरक्षा " योजना और बड़े शहरों में " क्राईसिस मैनेजमेंट सेंटर " खोलने की योजना प्रशंसनीय है। बालिकाओं के प्रति समाज और परिवार की उदासीनता को दूर करना इस सरकार की प्राथमिकता है और इसके लिए " बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओं " जैसे कार्यक्रम को शुरू किया गया है। महिलाओं को आर्थिक प्रगति की मुख्य धारा में आने के लिए " जेंडर मेन स्ट्रीमिंग " कार्यक्रम लागू किया जा रहा है।

भारत की आत्मा गाँवों में बसती है और जब तक आत्मा संतुष्ट नहीं होगी, तब तक देश सुखी नहीं हो सकता। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मनरेगा, गाँवों की गरीबी दूर करने के लिए कार्यक्रम " आजीविका " वाटर शेड डेवलपमेंट कार्यक्रम, गाँवों के शत-प्रतिशत घंटों के विद्युतीकरण के लिए " दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना " जैसे कार्यक्रम लागू किये जायेंगे। ये सारे कार्यक्रम नये रूप में, फलप्रद, उत्पादक और उपयोगी बनाये जायेंगे। गाँवों में सुरक्षित पेयजल और खासकर फ्लोराईड, आर्सेनिक

---

* Speech was laid on the Table

जैसे प्रदूषकों से लड़ने के लिए सरकार ने अपना ध्यान आकृष्ट किया है। इसका मैं विशेष रूप से स्वागत करती हूँ,क्योंकि मेरा जिला झुंझनू इस समस्या से काफी प्रभावित है।

भारत की कुल जी.डी.पी. का 1/6वाँ भाग कृषि से आता है और एन.डी.ए. सरकार इस बजट में कृषि के लिए अति महत्वाकांक्षी योजनायें लेकर आयी है। राजस्थान के लिए कृषि विश्वविद्यालय स्वागत योग्य कदम है। दूसरी ओर हॉर्टीकल्चर विश्वविद्यालय का निर्माण भी स्वागत योग्य कदम है। कृषि को " ग्लोबल वार्मिंग " जैसी चुनौतियों से लड़ने के लिए " नेशनल एडपटेशन फंड " कृषि में 4% की वृद्धि का लक्ष्य द्वितीय हरित क्रांति को प्रोटीन क्रांति की ओर मोड़ना, " भूमिहीन किसानों " के लिए नाबार्ड द्वारा प्रायोजित " सेल्फ हेल्प ग्रुप " का निर्माण, आठ लाख करोड़ रूपये, कृषि ऋण के लिए देना सरकार का कृषि क्षेत्र हेतु लिया गया सराहनीय कदम है।

जैसा कि सर्वविदित है कि लघु उद्योग का साधारणतः मालिकाना हक दलित, जनजाति और पिछड़े वर्ग के लोगों के पास है और सरकार ने इनके उत्थान के लिए बहुत सारे सराहनीय कदम उठाए हैं, जिनका मैं स्वागत करती हूँ। इसमें उद्यमशीलता के विकास और नई कंपनी की शुरूआत के लिए 10,000 करोड़ का फंड मुहैया कराया है।

अब मैं राजस्थान को विशेष रूप से लाभ पहुँचाने वाले कार्यक्रमों के लिए धन्यवाद करती हूँ।" बन्धु कल्याण योजना " राज्य की जनजातियों के उत्थान के लिए उठाया गया एक सराहनीय कदम है। राजस्थान के लिए 500 करोड़ रूपये सौर ऊर्जा के विकास के लिए, अजमेर को हेरिटेज सिटी बनाने हेतु बहुत-बहुत धन्यवाद देती हूँ।

अंत में मैं अपने बजट संबंधी भाषण का समापन सरदार वल्लभ भाई पटेल के वचनों से करना चाहती हूँ। वे भारत वर्ष के आदर्श पुरूष है और उनकी मूर्ति के निर्माण के लिए 200 करोड़ रूपये इस बजट में भारत सरकार ने नियोजित किये हैं ताकि भारत की जनता भारत के उत्थान के लिए उनसे प्रोत्साहन ले। यह बजट उनके सपनों को साकार करने की ओर अग्रसर है। इस बजट ने भारत के प्रत्येक वर्ग का ख्याल रखा है और जो उनके इस कथन को साकार करता है किः-

" मेरी एक इच्छा है कि भारत एक अच्छा उत्पादक हो और इस देश में कोई भूखा न हो, जो अन्न के लिए ऑसूं बहाता हुआ हो।"

***श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत (जोधपुर)-** देश में तीन दशकों के बाद सशक्त जनादेश से बनी नरेन्द्र मोदी सरकार में वित्त मंत्री अरूण जेटली द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट में पिछले तीन वर्षों से आर्थिक मंदी, मूल्य वृद्धि व अपूरणीय घाटे से जूझ रही अर्थव्यवस्था को उच्च वृद्धि दर की ओर अग्रसर करने की एक सशक्त पहल की गयी है। इस बजट की दूसरी प्रमुख विशेषता यह है कि इसमें किसानों, हस्तशिल्पियों, अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, महिलाओं, सैन्य बलों व अर्द्ध सैन्य बलों सहित देश के प्रत्येक छोटे व बड़े वर्ग की अपेक्षाओं को पूरा करने का अधिकतम प्रयास किया गया है। बजट में राजस्व संसाधनों की कमी के उपरांत भी राजकोषीय घाटे को 4.1 प्रतिशत पर रख कर सरकार ने आर्थिक व वित्तीय अनुशासन पर भी अपनी प्रतिबद्धता को दृढ़तापूर्वक व्यक्त किया है। जबकि यू.पी.ए. के शासन में विगत तीन वर्षों में 2013-14, 2012-13 एवं 2011-12 में केन्द्र का राजकोषीय घाटा देश के सकल घरेलू उत्पाद का क्रमशः 4.5 प्रतिशत, 4.9 प्रतिशत व 5.7 प्रतिशत रहा है। इसलिये, यू.पी.ए. सरकार से विरासत में मिली ऐसी आर्थिक ह्रास एवं घाटे की अर्थव्यवस्था में मात्र डेढ़ माह में अचानक इससे अधिक कुछ कर लेना सहज नहीं था।

**कर राहतः-** सामान्य मध्यम वर्ग को कभी-कभी आयकर की दरों में कटौती की अपेक्षा विशेष रहती है। वर्तमान में हमारे सकल घरेलू उत्पाद के अनुपात में देश का कर राजस्व अतयंत न्यून होने एवं पिछले वर्ष की देयताओं को भी यू.पी.ए. सरकार द्वारा 2014-15 के लिए टाल देने से इस बार व्यय भार काफी था। तथापि, ऐसी परिस्थिति में भी आयकर सीमा को 2 लाख से बढ़ाकर 2.5 लाख एवं वरिष्ठ नागरिकों के लिए 2.5 लाख से बढ़ाकर 3 लाख कर देने से छोटे आयकर दाताओं को पर्याप्त राहत मिली है। पब्लिक प्रोविडेन्ट फण्ड में भी कर मुक्त बचत की सीमा एक लाख से बढ़ाकर डेढ़ लाख कर देने व अन्य भी कुछ और कर राहतों के फलस्वरूप प्रत्यक्ष करों से होने वाली आय में सरकार को लगभग 22,200 करोड़ रूपये की राजस्व में कमी आयेगी। लेकिन इससे बचत, निवेश व आर्थिक वृद्धि दर बढ़ाने में सहायता ही मिलेगी। प्रत्यक्ष करों में राहत की दृष्टि से सरकार द्वारा गृह ऋण पर चुकाये जाने वाले ब्याज की आयकर से कटौती हेतु सीमा 1.5 लाख से बढ़ाकर 2 लाख कर देने से जहाँ मध्यम वर्गीय लोगों को कर राहत मिलेगी, वहीं देश में आवास निर्माण व तत्संबंधी आर्थिक गतिविधियों में वृद्धि होगी।

**औद्योगिक उत्पादन में गिरावट को रोकने की सशक्त पहलः-** विगत चार वर्षों से देश में उत्पादक उद्योगों की वृद्धि दर में निरंतर गिरावट आ रही थी और वर्ष 2013-14 में उत्पादक उद्योगों की वृद्धि दर ऋणात्मक हो गयी थी। उत्पादक उद्योगों में गिरावट का ऐसा दौर विगत 26 वर्षों में पहली बार आया है। ऐसे में बजट में औद्योगिक वृद्धि को पुनः गति देने के लिए जो अप्रत्यक्ष करो में राहत दी गयी है, उससे अवसंरचना क्षेत्र

---

* Speech was laid on the Table

और उत्पादक उद्योगों के क्षेत्र में ही वृद्धि होगी। उत्पादक उद्योगों में भी लघु उद्योगों को दी गयी राहत से रोज़गार संवर्द्धक लघु उद्योग विशेष लाभांवित होंगे। किसी भी वर्ष में उत्पादन उद्योगों में नये संयंत्र व मशीनरी में 25 करोड़ रूपये का निवेश करने वाली इकाइयों को 15 प्रतिशत की दर में निवेश भत्ता मध्यम उद्योगों को बढ़ावा देगा। कई अन्य उद्योग श्रेणियों के लिए भी नये निवेश पर आयकर छूट दी गयी है। विद्युत उत्पादन, सम्प्रेषण और वितरण के क्षेत्र में दस वर्षीय कर अवकाश आगामी 31.03.2017 तक प्रदान करने के प्रस्ताव से देश ऊर्जा सुरक्षा की ओर बढ़ेगा। कुछ मामलों में घरेलू उत्पादन संवर्द्धन के लिए आदायों में जो सीमा शुल्क छूटें दी गयी हैं, उससे भी देश में कुछ और उद्योगों का विकास होने की अपेक्षा की जा सकती है। विगत वर्ष में चालू खाता घाटा चाहे सकल घरेलू उत्पाद के 2012-13 के 4.7 प्रतिशत के स्तर के दर से घटकर 1.7 प्रतिशत के स्तर पर आ गया है। तथापि, सीमा शुल्क में कटौती में सावधानी की आवश्यकता है, वह सावधानी इस बजट में रखी गयी है। अनेक अध्ययनों से यह बात सामने आयी है कि पिछले दिनों काले धन को निर्यात आय के रूप में वापस लाने से चालू खात घाटा में यह कमी आयी है।

**कृषि सम्बंधी प्रमुख प्रावधानः-** किसानों को कृषि कार्यों के लिए संस्थागत ऋण प्राप्त करना एक प्रमुख समस्या रहती है। ऐसे में वर्ष 2014-15 में कृषि क्षेत्र के लिए 8 लाख करोड़ रूपये का कृषि क्षेत्र ऋण का लक्ष्य कृषि कार्यों के लिए संसाधनों की उपलब्धता बढ़ाने वाला सिद्ध होगा। सस्ता बैंक ऋण सुलभ होने से किसान सूदखोरों के चंगुल से मुक्त होगा। ये ऋण उनको 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज पर उपलब्ध होगा। उसमें भी समय पर पुनर्भुगतान करने पर 3 प्रतिशत का अतिरिक्त प्रोत्साहन या छूट मिलेगी। कृषि के लिए 7 प्रतिशत पर ऋण और उसे समय पर लौटाने की दशा में उसमें 3 प्रतिशत का अतिरिक्त प्रोत्साहन किसानों को वित्तीय राहत देगा। किसानों के अतिरिक्त, भूमिहीन किसानों की समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए ऐसे किसानों के 5 लाख संयुक्त कृषि समूहों को नाबार्ड के माध्यम से धन की व्यवस्था एक अच्छी पहल है।

कृषि में घटते निवेश पर नियंत्रण की दृष्टि से और उस क्षेत्र में दीर्घकालिक निवेश बढ़ाने के लिए सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को पुनर्वित्त सहायता उपलब्ध कराने के लिए 5000 करोड़ रूपये की प्रारंभिक निधि के साथ नाबार्ड में "दीर्घकालिक ग्रामीण ऋण निधि" स्थापित करने का प्रस्ताव भी महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। इससे बैंक किसानों को स्थायी विकास हेतु दीर्घावधि कृषि ऋण उपलब्ध कराने में सक्षम होंगे। देश में ऋणग्रस्तता के कारण बड़ी संख्या में किसानों ने विगत वर्षों में आत्महत्याएं की हैं। संस्थागत ऋण के अभाव में ऊँची ब्याज दरों पर गैर सरकारी स्रोतों से लिये अल्पावधि ऋणों के कारण ही ऐसा हुआ है। इस दृष्टि से "अल्पावधि सहकारी ग्रामीण ऋण पुनर्वित्त निधि" के अंतर्गत 50,000 करोड़ के आबंटन से किसानों को उचित ब्याज दर पर समुचित अल्पावधि ऋण मिल सकेंगे। किसानों के तकनीकी ज्ञान में संवृद्धि और उन्हें आधुनिकतम तकनीकों आदि की समुचित जानकारी प्रदान करने और साथ ही

जैविक कृषि जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी प्रदान करने के लिए किसानी टी.वी. के नाम से 100 करोड़ रूपये के कृषि चैनल की स्थापना भी अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी।

कृषि उपजों के मूल्यों में उतार-चढ़ाव के कारण उनकी उपज का उन्हें सही दाम नहीं मिल पाता है। इस दृष्टि से कृषि उपज के मूल्यों में अस्थिरता दूर करने के लिए 5 सौ करोड़ रूपये की मूल्य स्थिरिकरण निधि की स्थापना से किसानों को उनकी उपज का बेहतर मूल्य मिलना संभव हो सकेगा। देश में देशी नस्ल का पशुधन आज विलोपन की ओर बढ़ रहा है। ऐसी दशा में बजट में देशी नस्ल के पशुधन के विकास के लिए 50 करोड़ रूपये की राशि एक अच्छी पहल है। इसे देखते हुए लगता है कि सरकार इस दिशा में एक बड़ी पहल करने का मानस रखती है।

**सभी वर्गों की अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयासः-** विगत 3 वर्षों से संसाधनों के अभाव से जूझती अर्थव्यवस्था की विरासत प्राप्त होने पर भी केन्द्रीय बजट में समाज के सभी वर्गों के लिए संसाधनों के आबंटन व राहत के पर्याप्त प्रावधान इस बजट की एक महत्वपूर्ण विशेषता है। अनुसूचित जाति व जनजाति वर्गों के कल्याण के लिए अनुसूचित जाति योजना के अंतर्गत 50,548 करोड़ रूपये व जनजाति योजना के अंतर्गत 32,387 करोड़ रूपये का प्रावधान के साथ ही अनुसूचित जाति के उद्यमिता संवर्द्धन हेतु 200 करोड़ रूपये का अतिरिक्त प्रावधान और वनबन्धु कल्याण योजना के अंतर्गत 100 करोड़ रूपये के अतिरिक्त आबंटन से एक सशक्त व नवीन पहल की गयी है। इसी क्रम में गांवों के शहरीकरण के लिए व वहाँ नगरीय स्तर की नागरिक आधारित रचनाएँ सुलभ कराने के लिए " श्यामा प्रसाद मुखर्जी शहरीकरण मिशन" के अधीन प्रस्तावित योजना गाँवों में निवास करने वाले वर्ग को समुचित सुविधाएँ प्रदान करेगी। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में सभी घरो को 24 घण्टे बिजली की आपूर्ति सुलभ करने के लिए " दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना" के अंतर्गत घरो की आपूर्ति लाईनों के पृथककरण और बिजली की आपूर्ति में सुधार के लिए 500 करोड़ रूपये का प्रावधान, ग्रामीण परिवारों को निर्बाध विद्युत आपूर्ति की दिशा में प्रभावी प्रयास सिद्ध होगा और उन्हें वर्ष भर 24 घण्टे बिजली की आपूर्ति सुलभ हो सकेगी। इसी प्रकार स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत 2019 तक प्रत्येक घर तक स्वच्छता (सेनिटेशन) की सुविधा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य व स्वच्छता के संवर्द्धन की दृष्टि से महत्वपूर्ण योजना है। ग्रामीण क्षेत्रों के विकास की दृष्टि से ग्रामीण गृह योजना के अधीन, ग्रामीण गृह विस्तार हेतु राष्ट्रीय आवास बैंक के लिए 8 हजार करोड़ का अतिरिक्त आबंटन, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत 14 हज़ार 389 करोड़ रूपये के आबंटन, राष्ट्रीय ग्राम पेयजल कार्यक्रम के अंतर्गत 36 सौ करोड़ के आबंटन से गाँवों में निवासरत परिवारों को भारी राहत मिलेगी।

देश में बड़ी संख्या में शिक्षित व अशिक्षित बेरोज़गार हैं, वही दूसरी और कौशल के अभाव में अनेक कार्यों के लिए हस्त-शिल्पी व कारीगर नहीं मिलते हैं। इस दृष्टि से देश की जनसंख्या के बड़े भाग को रोज़गार में नियोजन योग्य बनाने के लिए " दक्ष भारत " के नाम से विभिन्न प्रकार के हस्त-शिल्पों यथा वैल्डिंग, सुथारी, जुता मरम्मत, भवन निर्माण कारीगर या राज मिस्त्री, लोहारी, बुनकर आदि का कौशल विकसित करने का जो राष्ट्रीय बहुदक्ष कार्यक्रम (मल्टी स्किल प्रोग्राम) प्रस्तावित किया है, वह देश में स्वरोज़गार को बढ़ावा देने में अत्यंत प्रभावी सिद्ध होगा। बुनकरों के लिए 50 करोड़ रूपये के प्रावधान, ग्रामीण स्वरोज़गार के लिए " आजीविका " के नाम से महिला स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण उद्यमिता के विकास हेतु 100 करोड़ रूपये का प्रावधान नीरांचल के नाम से " जल संग्रहण परियोजना " के लिए 2,142 करोड़ रूपए का प्रावधान जैसी योजनाएँ ग्रामीण क्षेत्रों में आम व्यक्ति में स्वावलम्बन विकसित कर अच्छा आर्थिक परिवर्तन आएगा।

मोदी सरकार के इस पहले बजट में महिला सुरक्षा पर 150 करोड़ रूपये का प्रावधान, पब्लिक रोड ट्रांसपोर्ट पर प्रायोगिक परीक्षण परियोजना पर 50 करोड़ का प्रावधान और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं जैसे कार्यों पर 100 करोड़ रूपये का प्रावधान, मातृशक्ति के प्रति परिवेदन क्षमता का परिचायक है। विकलांग व्यक्तियों के लिए समान अवसरों की रचना के प्रस्ताव और दृष्टिहीन व्यक्तियों के लिए ब्रेल लिपि में मुद्रण और ब्रेल लिपि वाले करेंसी जैसे छोटे-छोटे वर्गों पर केन्द्रित योजनाएँ, विभिन्न वर्गों को उचित राहत देने वाली सिद्ध होगी। लोक कल्याण की दृष्टि से सर्व शिक्षा अभियान पर 28,600 करोड़ रूपये और राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान पर 4,966 करोड़ रूपये के प्रावधान विद्यालयीन शिक्षा के स्तर में सुधार लाएंगे, वहीं 500 करोड़ रूपए के प्रस्ताव वाला पं. मदन मोहन मालवीय नव अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम शिक्षक गुणवत्ता में भी सुधार लाएगा। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में 5 आई.आई.टी. और 5 आई.आई.एम. की स्थापना से ज्ञान आधारित क्षेत्रों में रोज़गार के लिए जन संसाधनों की उपलब्धता बढ़ेगी। नये अखिल भारतीय चिकित्सा संस्थानों के प्रस्ताव और 12 नये मेडिकल कॉलेज भी मेडिकल शिक्षा को बढ़ावा देंगे। नदी जोड़ा परियोजना पर प्रतिवेदन के लिए 100 करोड़ रूपये का प्रावधान अंततः देश में नदी जोड़ने की क्रांतिकारी योजना के लिए नींव का पत्थर सिद्ध होगा।

**रक्षाः वांछित प्राथमिकताः** - देश के चारों ओर बाह्य सुरक्षा संकटों को देखते हुए रक्षा पर 2 लाख 30 हज़ार करोड़ रूपये के प्रावधान के साथ पिछले बजट की तुलना में 14 प्रतिशत की वृद्धि स्वागतयोग्य है। सैनिकों के लिए एक रेंक, एक पेंशन योजना जेसे प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 100 करोड़ रूपए का प्रावधान और रक्षा आधुनिकीकरण के लिए 5 हज़ार करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान सुरक्षा के प्रति सरकार की उच्च संवदेनशीलता का परिचायक है।

**पर्यटन व संस्कृतिः-** पर्यटन पर 500 करोड़ रूपये, तीर्थ स्थानों के विकास पर 100 करोड़, विरासत नगरी यथा मथुरा, अमृतसर, गया, कांचीपुरम आदि के लिए 200 करोड़ का प्रावधान, पुरातात्विक महत्व के स्थानों के विकास पर 100 करोड़ रूपए का प्रावधान जैसे प्रस्ताव संस्कृति एवं पर्यटन के संवर्द्धन को बढ़ावा देने वाले हैं। पावन नदियों के संरक्षण, इनकी शुद्धता, घाटों के विकास, "नमामि गंगे "के अंतर्गत एकीकृत गंगा संरक्षण पर 2037 करोड़ का प्रावधान सभी धर्मप्राण राष्ट्रवासियों के लिए प्रसन्नतादायक है। घाटों के विकास के लिए अमरनाथ, केदारनाथ विभिन्न स्थानों पर 100 करोड़ रूपए का प्रावधान भी हमारी संस्कृति के प्रति सम्मान की अच्छी पहल है। पूर्वोत्तर विकास हेतु मणिपुर में खेल विश्वविद्यालय की स्थापना, 12 नये मेडिकल कॉलेजों की स्थापना, कृषि अनुसंधान, नदी जोड़ो परियोजना पर प्रतिवेदन तैयार करने के लिए 100 करोड़ का प्रावधान पूर्वोत्तर के लिए जैविक कृषि संवर्द्धन प्रस्ताव, रेल संयोजन, अरूण प्रभा जैसे टी.वी. चैनल का प्रावधान सुदूर पूर्वोत्तर क्षेत्रों में विकास को बढ़ावा देंगे।

बजट में नये बंदरगाहों, विमान पत्तनों एवं राजमार्गों के विकास और आंतरिक नौवहन आदि अवसंरचनात्मक परियोजनाओं पर समुचित निवेश के प्रावधानों से भी निवेश व रोज़गार को बढ़ावा मिलेगा।

***योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर)-** सन् 2014-15 का आम बजट जिसे माननीय वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली द्वारा 10 जुलाई,2014 को इस सदन में प्रस्तुत किया गया, जिसके समर्थन में मैं अपने विचार व्यक्त कर रहा हूँ। देश की वर्तमान आर्थिक स्थिति पर गौर किया जाए तो देश के अंदर आम बजट प्रस्तुत करना किसी चुनौती से कम नहीं था और खास तौर पर जब खराब मानसून और ईराक संकट ने इस चुनौती को बढ़ा दिया हो।

भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व की माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार के सामने जहां महंगाई पर प्रभावी अंकुश लगाने की चुनौती है, तो वहीं वित्तीय घाटा कम करना और विकास दर को तेज करने की एक भारी चुनौती भी है। उस सबके बावजूद समाज के सभी तबकों का ध्यान रखते हुए एक विकासोन्मुखी बजट प्रस्तुत करने के लिए मैं वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली को बधाई देता हूँ। यह बजट न केवल वित्तीय घाटे को 4.1 प्रतिशत से कम करके 3.5 प्रतिशत तक लाने में सफल होगा,अपितु महंगाई पर भी प्रभावी अंकुश लगाने में सफल होगा। आर्थिक सुधारों और सामाजिक सराकारों को एक साथ चला पाना अत्यंत कठिन है, लेकिन दोनों मोर्चों पर अपना अचूक निशाना साधने के लिए जो प्रावधान किए गए हैं। हमें विश्वास है कि सरकार इसमें संतुलन बनाने में सफल रहेगी। इस सरकार को ऐसे समय में देश की बागडोर मिली है, जब देश की आर्थिक स्थिति डावांडोल है। सकल घरेलू उत्पाद पिछले 2-3 वर्षों में 5 प्रतिशत का आंकड़ा भी पार नहीं कर पा रहा है और इसी में खराब मानसून और ईराक संकट " कोढ़ में खाज " का काम कर पा रहा है। सीमित विकल्पों में सावधानीपूर्वक महंगाई पर लगाम लगाते हुए वित्तीय घाटा कम करना अत्यंत आवश्यक है। बजट में इस प्रकार की सकारात्मक सोच स्पष्ट परिलक्षित होती है। अब तक नई सरकार ने जो कार्य संस्कृति विकसित की है, वह इसका उदाहरण है।

कर प्रक्रिया में सरलीकरण से राजस्व में बढ़ोतरी होगी, उद्योग एवं व्यापार में निवेश बढ़ेगा। इससे भी विकास में तेजी आएगी। बजट भाषण में वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) को लागू करने से भी उद्योग और व्यापार को जहां एक नई दिशा मिलेगी, वहीं निर्यात को भी गति मिलेगी। महंगाई से त्रस्त मध्यम आय वर्ग की परेशानी को ध्यान में रखकर आयकर में छूट की सीमा 2 लाख से बढ़ाकर 2.5 लाख करना, धारा 80 सी के तहत बीमा प्रीमियम, पी.पी.एफ. तथा पी.एफ के लिए 1 लाख से छूट को बढ़ाकर 1.5 लाख करना, आवास ऋण में ब्याज की सीमा 1.5 लाख से 2 लाख करना महंगाई से राहत दिलाने में महत्वपूर्ण कार्य करेगा। रोज़गार कार्यालयों को युवाओं के कैरियर केन्द्र के रूप में बदलने और उनके लिए विशेष अवसर विकास केन्द्रों की स्थापना करना युवाओं के लिए अत्यंत लाभदायक होगा। विनिर्माण क्षेत्र में नई

* Speech was laid on the Table

जान फूँकने के लिए बुनियादी ढांचा परियोजनाओं हेतु निवेश बढ़ाने की बात कही गई है। सड़क, पोर्ट, एयरपोर्ट, ऊर्जा, स्मार्ट सिटी विकास, गामीण क्षेत्रों को शहरी सुविधा उपलब्ध कराने, आवासी और सामाजिक क्षेत्र के विकास तथा वित्तीय क्षेत्र में बचत आदि तमाम ऐसे प्रावधान हैं, जो अत्यंत आवश्यक एवं लाभदायक होंगे।

" प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना " खेती की उत्पादकता बढ़ाने और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह कर सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में रोज़गार सृजन के तमाम कार्यक्रम गांव से पलायन को रोकने में मददगार होंगे।

बजट भाषण में वरिष्ठ नागरिकों की पेंशन बीमा योजना की पुनर्वहाली, ई.पी. स्कीम से सभी अंशदाता सदस्यों से रू. 1000 के प्रतिमाह का न्यूनतम पेंशन की सुविधा, अनुसूचित जाति एवं जनजाति के कल्याण के लिए घोषित कार्यक्रम, दृष्टिबाधिक व्यक्तियों के लिए मुद्रा में चिन्हित करना तथा 15 नई ब्रेल प्रेसों की स्थापना तथा 10 मौजूदा ब्रेल प्रेसों के आधुनिकीकरण की घोषणा इस सरकार के सामाजिक सरोकार को प्रदर्शित करता है तथा बजट भाषण में " बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं " की घोषणा, सभी बालिका विद्यालयों में शौचालय तथा शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की घोषणा सरकार के महिला सुरक्षा और उत्थान के प्रति जागरूकता एवं संवेदनशीलता को प्रदर्शित करते हैं।

सबके लिए स्वास्थ्य की घोषणा, देश के अंदर 4 नए आयुर्विज्ञान संस्थान जिसमें से एक पूर्वी उ.प्र. के लिए भी घोषित हुआ है, के लिए मैं वित्त मंत्री को धन्यवाद देता हूँ। इस सम्बन्ध में मेरा आग्रह है कि पूर्वी उ.प्र. के लिए घोषित आयुर्विज्ञान संस्थान को गोरखपुर में स्थापित किया जाए।

अध्यापकों के प्रोत्साहन एवं प्रशिक्षण हेतु पं. मदन मोहन मालवीय अध्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम, जयप्रकाश नारायण राष्ट्रीय मानविकी उत्कृष्ट कार्यक्रम की घोषणा तथा देश में 5 नए आई.आई.टी. तथा 5 नए आई.आई.एम. की घोषणा स्वागतयोग्य है। मौजूदा समय में देश के अंदर 13 राज्यों में आई.आई.एम. हैं, जिनमें पश्चिम बंगाल, गुजरात, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, झारखण्ड, उत्तराखण्ड, केरल, मध्य प्रदेश, मेघालय, हरियाणा, रायपुर तथा तमिलनाडु हैं तथा 15 राज्यों में आई.आई.टी. हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश में दो कानुपर और वाराणसी, उत्तराखण्ड में रूड़की, भुवनेश्वर, चैन्नई, गुवाहाटी, हैदराबाद, इन्दौर, गांधीनगर, जोधपुर, खड़गपुर, मण्डी, दिल्ली, मुम्बई, पटना, रोपड़ है। आई.आई.टी., आई.आई.एम. तथा एम्स जैसी संस्थाएँ अगर इसी प्रकार देश के अंदर खुलती रहीं तो आने वाले समय में विश्वस्तरीय संस्थानों की कमी नहीं रहेगी। इस सम्बंध में मेरा माननीय वित्त मंत्री से प्रस्ताव है कि पूर्वी उ.प्र. के गोरखपुर के लिए भी एक आई.आई.टी. और एक आई.आई.एम. स्वीकृत किया जाए।

लखनऊ और अहमदाबाद में मेट्रो परियोजना के लिए धनराशि का आवंटन स्वागतयोग्य है। इस प्रकार का प्रावधान अन्य 10 लाख की आबादी वाले नगरों के लिए भी किया जाना चाहिए और मेट्रो की सुविधा आस-पास के कस्बों तक पहुंचाई जानी चाहिए। इस सम्बन्ध में गोरखपुर महानगर को मेट्रो सुविधा से जोड़ने और उसे पिपराइच, भटहट, पीपीगंज, सहजनवां, बासगांव, कौड़ीराम, चौरी-चौरा तक विस्तार दिया जाए।

कृषि इस देश में सदैव से स्वावलम्बन का एक आधार रहा है। आज़ादी के बाद कृषि क्षेत्र की हुई उपेक्षा के कारण किसान बदहाल हुआ है। सकल घरेलू उत्पाद (जी.डी.पी.) में कृषि का योगदान लगातार कम हुआ है। सन् 1950 में यह योगदान 50 प्रतिशत से अधिक था, आज यह मात्र 14 प्रतिशत रह गया है। कृषि के लिए पहली बार सरकार की संवेदना जागती हुई दिखाई दी। प्रत्येक किसान के लिए मृदा परीक्षण स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराने की घोषणा तथा 100 चलती-फिरती मृदा परीक्षण प्रयोगशालाएं, असम और झारखण्ड में 2 उत्कृष्ट कृषि अनुसंधान संस्थान की स्थापना, 2 कृषि विश्वविद्यालय और 2 बागवानी विश्वविद्यालय की घोषणा, स्वदेशी पशुओं की नस्ल सुधारने के लिए योजना की घोषणा करना तथा कृषि ऋण के लिए 8 लाख करोड़ रूपये की घोषणा स्वागतयोग्य है। पूर्वी उ.प्र. के गोरखपुर में एक कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की जाए।

देश के अंदर औद्योगिक विकास के लिए औद्योगिक कॉरिडोर की स्थापना, जिससे देश के अंदर औद्योगिक विकास का वातावरण बनेगा तथा रोज़गार के बेहतर सृजन भी होंगे और देश की विकास दर भी बढ़ेगी। इलाहाबाद से हल्दिया के बीच जल मार्ग का विकास, गंगा की अविरलता एवं निर्मलता के लिए "नमामि गंगे" के लिए धन का आबंटन, नदियों को जोड़ने की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट के लिए धन का आबंटन स्वागतयोग्य है। कृषि के बाद देश में रोज़गार सृजन के लिए वस्त्र उद्योग दूसरा महत्वपूर्ण क्षेत्र है। हथकरघा उद्योग को बढ़ावा देने के लिए तथा देश के अंदर 6 स्थानों पर हथकरघा क्लस्टर स्थापित करने के लिए धन का आबंटन स्वागतयोग्य है। "एक रैंक-एक पेंशन" को पूर्ण रूप से लागू करने के लिए धन आबंटन, प्रिंसेस पार्क के लिए 100 करोड़ रूपये, युद्ध स्मारक के लिए भी 100 करोड़ रूपये का प्रावधान करना देश के सैनिकों का सम्मान है। पुलिस का आधुनिकीकरण आंतरिक सुरक्षा को सुदृढ़ करेगा। कश्मीरी प्रवासियों के पुनर्वास करने के लिए धन का आबंटन करना देश के आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई की विजय है तथा हिमालय जो हमारे उत्तरी सीमा की सुरक्षा के साथ-साथ जैव विविधता का केन्द्र भी है, के लिए राष्ट्रीय हिमालयन अध्ययन केन्द्र की स्थापना स्वागतयोग्य है।

यूरिया और खाद्य सब्सिडी को न हटाकर सरकार ने सराहनीय कार्य किया है। देश के अंदर ऑर्गेनिक खेती को बढ़ावा देना तथा एक यूरिया नीति की घोषणा स्वागतयोग्य है। इस सम्बन्ध में मेरा

प्रस्ताव है कि भारतीय उर्वरक निगम लिमिटेड की बंद गोरखपुर समेत सभी उर्वरक संयंत्रों का पुनरूद्धार किया जाए। इसके साथ ही मैं माननीय वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत आम बजट का समर्थन करता हूँ।

*श्री अक्षय यादव (फ़िरोज़ाबाद) :** मैं यह अवगत कराना चाहता हूँ कि माननीय वित्त मंत्री द्वारा 12 जुलाई को लोक सभा में आम बजट पेश किया गया यह बजट देश की आम जनता की उम्मीदों के विपरीत रहा । इस बजट में उत्तर प्रदेश के साथ-साथ अन्य प्रदेश भी उपेक्षा के शिकार रहे। इस बजट में कोई भी स्थायी योजना उत्तर प्रदेश के लिए नहीं लायी गयी जैसा कि सभापति महोदय जो आपको अवगत होगा कि फिरोजाबाद जिला प्रदेश में ही नहीं, बल्कि देश के इतिहास में एक गौरवपूर्ण स्थान रखता है । यहां कांच एवं चूड़ी का प्रमुख उद्योग है । और इसी कारण इसे इतिहास में सुहागनगरी के नाम से जाना जाता है । माननीय वित्त मंत्री साहब जी ने अपने बजट में कांच उद्योग की पूर्णतया उपेक्षा की गई है ।

जैसाकि चुनाव में भाजपा द्वारा अनेक लोक-लुभावन नारे दिये गये थे, लेकिन यह सरकार भी पूर्ववर्ती सरकार की तरह केवल वादे तक ही सीमित रह गयी माननीय वित्त मंत्री द्वारा बजट पेश करते समय ऐसी किसी भी स्थायी योजना की बात नहीं कि जिसे जनता की उम्मीदें थी । देश की जनता नयी सरकार को नया सबेरा के रूप में देख रही थी, लेकिन परिणाम इसके ठीक विपरीत रहा ।

माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा इस बजट में किसानों की समस्या के साथ-साथ, शिक्षा, उद्योग आदि की भी उपेक्षा की गयी । बजट 2014-15 में आम आदमी के ऊपर बोझ साबित हो रहा है । क्योंकि इस बजट में किसी भी दीर्घकालीन योजना की बात माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा नहीं की गयी है ।

इस आम बजट में माननीय मंत्री जी द्वारा सामाजिक ढांचे के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों की भी उपेक्षा की गयी, इस सरकार ने केवल पूंजीपतियों के फायदे को ध्यान में रखकर यह बजट पेश किया है ।

मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि आपने इस बजट में क्या ऐसा कोइ प्रावधान किया है जिससे जनता का भी भला हो सके ।

---

* Speech was laid on the Table.

**[*]श्री मोहनभाई कल्याणजीभाई कुंदरिया (राजकोट)-** सर्वप्रथम मैं भारत के वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी को बधाई देता हूँ कि उन्होंने भारत की जनता के हितों की रक्षा करने वाला दूरदर्शी एवं विकासोन्मुखी बजट प्रस्तुत किया है। वित्तमंत्री के सम्मुख अनेक चुनौतियां थीं। देश की विकास दर 5 प्रतिशत के न्यूनतम स्तर तक पहुँच चुकी थी, जबकि मुद्रास्फीति की दर द्विअंकी बन चुकी थी। इसके अलावा बेरोज़गारी, बुनियादी सुविधाओं की कमी, कमज़ोर आधारभूत संरचना एवं गरीबी जैसे प्रश्नों ने भारत के अर्थव्यवस्था को अत्यंत विकट स्थिति में धकेल दिया था। ऐसे समय में वित्तमंत्री ने समग्रतापूर्ण दृष्टि वाला बजट प्रस्तुत करके भारत को प्रगति के पथ पर ले जाने की पहल की है। वित्तमंत्री ने देश के सामान्य से सामान्य व्यक्ति से जुड़े हुए विषयों का समावेश अपने बजट में किया है और बढ़ रही महंगाई से देश के प्रत्येक नागरिक को सहूलियत देने का प्रयास किया है। सरकार ने ग्रामीण एवं शहरी दोनों क्षेत्रों में विकास को प्राधान्य दिया है। ग्रामीण क्षेत्र के विकास के लिए श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन की घोषणा की गई है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति बढ़ाने के लिए दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना और मार्ग निर्माण के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत 14,389 करोड़ रूपये की रकम का आबंटन किया गया है। महिलाओं के स्व-सहाय समूहों को 4 प्रतिशत की दर से ऋण देने का प्रावधान किया गया है। ऐसा होने से महिला सशक्तिकरण और महिलाओं द्वारा संचालित ग्राम उद्योगों को प्रोत्साहन मिलेगा। सरकार ने 100 शहरों को स्मार्ट शहर बनाने की घोषणा की है। इस प्रकार भारत के शहर अधिक स्वच्छ, सहूलियत पूर्ण एवं रहने योग्य बनेंगे। इसके अलावा सरकार ने भारत के नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की है। सरकार का यह निर्णय प्रशंसनीय है। सरकार ने निर्णय लिया है कि 2019 तक देश के प्रत्येक घर को मूलभूत सेनिटेशन सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। स्वास्थ्य के क्षेत्र में सरकार ने 12 नये मेडिकल कॉलेज शुरू करने की घोषणा की है। इसके अलावा एम्स जैसी संस्थाओं की स्थापना के लिए 500 करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। कुपोषण के खिलाफ अभियान चलाकर केवल 6 महीनों में कुपोषण से लड़ने की सरकार ने प्रतिबद्धता व्यक्त की है। शिक्षा के क्षेत्र में सरकार ने राष्ट्रीय सर्व शिक्षा अभियान के लिए 28635 करोड़ रूपये एवं राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान के लिए 4166 करोड़ रूपये का प्रावधान किया है। ऐसा होने से भारत शिक्षा के क्षेत्र में अग्रसर होगा। इस बजट में वित्त मंत्री ने कृषि, खाद्य सुरक्षा, उद्योग, सुरक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी, खेल इत्यादि अनेक क्षेत्रों में अपनी दीर्घादृष्टि द्वारा विकास की संभावनाओं का आकलन करके उसे वास्तविक स्वरूप प्रदत्त करने की दिशा में अनेक प्रावधान किये हैं।

---

[*] Speech was laid on the Table

वित्त मंत्री द्वारा किये गये प्रावधानों का सम्मान करने के साथ-साथ मैं यहाँ अपने कुछ नम्र सुझाव देना चाहता हूँ।

इस वर्ष कम वर्षा होने की संभावना व्यक्त की गई है। अगर ऐसा हुआ तो खाद्यान्न के उत्पादन में भी कमी आएगी। ऐसी स्थिति में सरकार को यह ध्यान रखना होगा कि देश में खाद्यान्न की उपलब्धता पर कोई विपरीत असर न पहुंचे एवं खाद्यान्न के दामों में वृद्धि न हो।

सरकार ने एन.एच.आर.एम. के तहत एक सर्वव्यापक बीमा योजना शुरू करने की घोषणा की है। जब भी इस प्रकार की योजना अस्तित्व में आए तो यह सुनिश्चित किया जाए कि इसके तहत गरीबों को मुफ्त में दवाई एवं चिकित्सा उपलब्ध करवाई जाए।

एन.डी.ए. की सरकार ने देशभर में पक्की सड़कें बनवाने के लिए निर्णय लिया है। मेरी यह गुज़ारिश है कि देश की सभी बस्तियों को पक्की सड़कों से जोड़ा जाए, जिससे की समग्र देश में परिवहन सरल और सुलभ बन सके।

अगर मैं अपने क्षेत्र की बात करूँ तो राजकोट ज़िला उद्योग क्षेत्र में संपूर्ण भारत में अग्रसर है। राजकोट, सौराष्ट्र का सबसे बड़ा और सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण शहर है। धार्मिक एवं अध्यात्मिक क्षेत्रों में सौराष्ट्र का स्थान प्रमुख है। यही कारण है कि सौराष्ट्र को वायु मार्ग से दिल्ली से जोड़ा जाए। सौराष्ट्र के 2 करोड़ और राजकोट के 25 लाख लोगों की ओर से मैं आपसे विनती करता हूँ कि राज़कोट और दिल्ली के बीच में एयर इंडिया की विमान सेवा तुरंत शुरू की जाए।

वर्ष 2012-13 के दौरान किये गये मूंगफली और कपास के दावों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। वर्ष 2012 में 48262 हैक्टेयर क्षेत्र में मूंगफली बोयी गयी थी। इस संबंध में बीमा एजेंसियों ने प्रीमियम भी वसूल कर लिया था, किंतु अब तक फाईनल सेटलमेंट हो नहीं पाया है। यह बात अत्यंत गंभीर है, क्योंकि किसान अत्यंत विकट परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। मेरी मांग है कि इन किसानों को तुरंत ही बीमे की रकम चुकायी जाए।

सरकार ने बजट में देश के प्रत्येक वर्ग और व्यक्ति का ध्यान रखा है। लोगों ने इस बजट को प्रेमपूर्वक अपनाया है। मेरा दृढ़ विश्वास है कि सरकार अपना लक्ष्य प्राप्त करेगी और देश को विकास के उच्च्व क्षितिज तक ले जाएगी।

**[*]श्री देवजी एम. पटेल (जालौर)-** वर्ष 2014-15 का केन्द्रीय बजट भारत के चहुँमुखी विकास की आधारशिला है। भारत की जनता ने एक भारत-श्रेष्ठ भारत के निर्माण के लिए अपना मत दिया है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत के जनमानस ने पूर्ण बहुमत दिया है, जो पिछले 30 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। सारे विश्लेषक सर्वे राजनीतिक पंडितों की भविष्यवाणियों को नकारते हुए जनता ने पूर्ण बहुमत दिया है। आज भारत में युवाओं की संख्या सबसे ज्यादा है। देश का युवा परिवर्तन चाहता है। भारत का युवा विकास चाहता है, उसने विकास को वोट किया है। आज का युवा ग्लोबल विलेज की कल्पनाओं को साकार करना चाहता है। इस दिशा में यह बजट निर्णायक बजट है। यह बजट रोज़गार सृजन मजबूत,आधारभूत संरचना सुशासन की दिशा को आगे ले जाने वाला है।

भाजपा शासन का यह पहला बजट है। यह बजट पूर्णतः भारतीय संस्कृति पर आधारित है। यह बजट चाणक्य के सिद्धांतों पर चलने वाला है, जो यह बताता है कि शासन को जहां सबकी चिंता करनी चाहिए, वहीं करो का संग्रह उस प्रकार से करना चाहिए जैसे सूर्य समुद्र से जितना पानी वाष्प के रूप में लेता, उसे वर्षा के रूप में धरती को वापस कर देता। इसी प्रकार शासन को भी जनता से कर संग्रह करना चाहिए। बिना अतिरिक्त बोझ दिये, यह बजट किसान,गरीब,भूमिहीन, मजदूर, अनुसूचित जाति,जनजाति, महिला, युवा, बुजुर्ग एवं ग्रामीण भारत के हितों को प्राथिमकता देनेवाला है। वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी द्वारा प्रस्तुत 2014-15 का यह बजट माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा घोषित सबका साथ-साथ विश्वास नारे के प्रति प्रतिबद्धता का कार्यरूप है। यह बजट देश के कोने-कोने को विकास से जोड़ने वाला है। इस बजट से भारत उन ऊँचाईयों को हासिल कर सकता है, जिनका भारत सही में हकदार है। यह बजट आने वाले वर्षों में भारत को विश्व में शक्ति केन्द्र बनाने की यात्रा का पहला चरण है।

राजस्थान में कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना होने से राज्य में कृषि के क्षेत्र में क्रांति आयेगी। यह राज्य के हित में उठाया गया क्रांतिकारी कदम है। वहीं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना किसानों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अब खेती के लिए किसानों की मानसून पर निर्भरता कम होगी। हर खेत को पानी, हर हाथ को काम के नारे को भाजपा की सरकार ने साकार करने का प्रयास किया है। आज देश में कृषि क्षेत्र सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 1/6 को योगदान देती है तथा हमारी जनसंख्या का मुख्य हिस्सा जीविका के लिए इसी पर निर्भर है। कृषि को लाभप्रद बनाने के लिए इसे तकनीक से जोड़ने की जरूरत है। वर्तमान में कृषि को व्यवसायिक बनाने के लिए आधरभूत संरचना,आधुनिकीकरण सरकारी व निजी दोनो प्रकार के निवेश बढ़ाये जाने की तत्काल जरूरत है। भारतीय कृषि अनुसंधान केन्द्र, पूसा इस क्षेत्र में अच्छा

---

[*] Speech was laid on the Table

कार्य कर रहा है। लेकिन इस देश का दुर्भाग्य है कि देश में आज़ादी के बाद इस तरह के संस्थान और नहीं स्थापित किये गये। हमारी सरकार ने पहले ही बजट में ऐसी दो संस्था स्थापित करने का निर्णय लिया है। यह किसानों के हित में उठाया गया स्वागतयोग्य कदम है। किसानों के लिए सबसे बड़ी मुश्किल का समय होता है, जब उसके उपज को उचित मूल्य नहीं मिलता है। कृषि एक ऐसा क्षेत्र है, जहाँ किसान अपने उत्पादन का मूल्य तय नहीं करता है, बल्कि खरीददार ही फसल का मूल्य तय करता है। इस मूल्य की अस्थिरता से किसानों को बचाने के लिए हमारी सरकार ने मूल्य स्थिरीकरण निधि स्थापित करने के लिए 500 करोड़ की राशि की व्यवस्था की है। किसानों का साथी होता है पशु, जिससे किसान खेती करता है और खेती के काम में लेता है। पशुपालन करके वह अपनी आर्थिक स्थिति को ठीक करता है। गौ-पालन से किसान अपने परिवार का पोषण करता है। इस प्रकार पशुपालन खेती की रीढ़ है। भारत के वातावरण में विदेशी नस्ल की गाये बहुत उपयोगी नहीं होती है। अतः हमारी सरकार ने देशी पशु नस्लो के विकास के लिए 50 करोड़ रूपये का फंड रखा है। इसी के साथ मत्स्य पालन को बढ़ावा देकर नीली क्रांति की शुरूआत करने जा रही है। किसानों की दूसरी बड़ी समस्या होती है भण्डारण की। भण्डारण की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण किसानों को अपना अनाज़ ओने-पोने दाम पर बेचना पड़ता है, जिसके कारण हमारे किसानों को आत्महत्या जैसे कदम उठाने पड़े हैं। यह सुन मुझे अत्यधिक पीड़ा होती है। जब हमारे अन्नदाता ही भूखे रहेंगे तो इस देश का क्या होगा। इस समस्या को देखते हुए हमारी सरकार ने कृषि ऋण, अल्पावधिक फसल ऋण, ग्रामीण संरचना के विकास के लिए ग्रामीण अवसंरचना विकास निधि दीर्घावधिक ग्रामीण ऋण निधि, अल्पावधिक सहकारी ग्रामीण ऋण उत्पादक विकास और उत्थान निधि, भूमिहीन किसानों के लिए संयुक्त कृषि समूहों के लिए 5 लाख के धन की व्यवस्था करने का प्रस्ताव है। नई खेती तकनीकों जैसे- जल संरक्षण, जैविक खेती आदि संबंधित विषयों पर वास्तविक समय सूचना के प्रचार-प्रसार के लिए किसान टी.वी. शुरू करने जा रहे हैं। इस तरह हमारी सरकार की प्रथम प्राथमिकता है किसान। अन्नदाता सुखी भव नारे के साथ मैं अपनी सरकार की ओर से किसानों को आश्वस्त करता हूँ कि कृषि में 4 प्रतिशत विकास दर बनाये रखने के लिए वचनबद्ध हैं।

100 स्मार्ट सिटी के लिए 7060 करोड़ रूपये की व्यवस्था कर भारत विश्वस्तरीय शहरीकरण की ओर बढ़ेगा। सभी के लिए स्वास्थ्य के तहत निःशुल्क दावा सेवा और निःशुल्क जाँच सेवा प्रदान करना इस बजट की प्राथमिकता है। वित्त मंत्री जी द्वारा एम्स जैसे 4 नये संस्थान खोलने की घोषणा अत्यंत सराहनीय है। ग्रामीण भारत में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए 15 मॉडल एवं रिसर्च सेंटर स्थापित करेगी, जो स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर अनुसंधान करेंगे।

पंडित मदन मोहन मालवीय न्यू टीचर प्रोग्राम की शुरूआत हुई है। पांच नये आई.आई.टी. और पांच नये आई.आई.एम. की स्थापना गुणवत्तापूर्ण उच्चतर शिक्षा युवाओं के सपनों को साकार करेगी। डिजिटल इण्डिया कार्यक्रम की शुरूआत से गांव ब्रॉडबैंड से जुड़ जायेंगे। राष्ट्रीय इंटरनेट एवं तकनीकी मिशन भी शुरू किया जायेगा। सबके लिए वर्ष 2022 तक सरकार सबके लिए घर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार ने जहां होम लोन पर टैक्स में छूट दिया है, वहीं नेशनल हाउसिंग बैंक को 4000 करोड़ भी उपलब्ध कराये हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर युवाओं में रोज़गार उन्मुखता एवं उद्यमिता एवं उद्यमिता विकास के लिए स्किल इण्डिया प्रोग्राम शुरू किया जा रहा है। यह योजना पारम्परिक व्यवस्थाओं को भी प्रशिक्षण देगा। शारीरिक रूप से निःशक्तजनों के लिए संस्थानों में सुविधाएँ उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है, ताकि उनको समान अवसर मिल सकें।

बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं योजना के तहत बालिकाओं के लिए विशेष योजना का प्रावधान है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधान किये गये। इस बजट में आधारभूत संरचना पर भी विशेष ध्यान दिया गया है।

सड़क परिवहन के साथ-साथ शिपिंग और नये एयरपोर्ट भी विकिसत होंगे। गंगा नदी पर जलमार्ग का विकास करना है। यातायात एवं परिवहन की दृष्टि से ये परियोजनाएँ भारत को आधारभूत संरचना के क्षेत्र में वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनायेगी। बजट में पांच पर्यटन सर्किट बनाने के निर्णय से रोज़गार सृजन से युवाओं को काम मिल सकेगा।

वन रैंक-वन पेंशन से सैन्य बल आधुनिकीकरण एवं मेमोरियल की स्थापना के प्रावधान से भारतीय सेना का मनोबल ऊँचा होगा और देश की सुरक्षा मजबूत होगी।

नदियों को जोड़ने की योजना की शुरूआत से देश में सूखा और बाढ़ की समस्या से निज़ात मिलेगी। हमारी सरकार महत्वपूर्ण खेलों के लिए देश के विभिन्न गांवों में राष्ट्रीय स्तर की खेल अकादमी बनायेगी। यह अकादमी अन्तर्राष्ट्रीय सुविधाओं से पूर्ण होंगी।

यह बजट उद्योग जगत से लेकर गांवों के किसान, युवाओं, महिलाओं के हित में बनाया गया है। मैं इस बजट का समर्थन करता हूँ।.

***श्रीमती ज्योति धुर्वे (बैतूल) :** माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत बजट वर्ष 2014-15 निश्चित रूप से अत्यंत प्रशंसनीय एवं सराहनीय है । गत कुछ वर्षों में भारत की अर्थव्यवस्था में अत्याधिक गिरावट देखी गई है । जो उपाय वित्त मंत्री जी ने घोषित किए हैं, वे मुद्रास्फीति के निम्न स्तर, निम्न राजकोषीय घाटे एवं नियंत्रणीय चालू खाता घाटे सहित आर्थिक स्थायित्व के साथ-साथ अगले तीन चार वर्षों में 7-8 प्रतिशत की वृद्धिदर बनाए रखने की शुरूआत है । जब उच्च वृद्धि अनिवार्य है और आदरणीय प्रधानमंत्री जी से लोगों की अपेक्षाएं काफी अधिक है इसलिए हम और प्रतिबद्ध होकर मजबूत भारत के सृजन में कोई कसर नहीं रखेंगे । हमें अच्छी तरह याद रखना होगा कि वर्ष 2011-12 में सकल घरेलू उत्पाद दर 5.7 प्रतिशत से घटकर वर्ष 2012-13 में 4.9 प्रतिशत एवं वर्ष 2013-14 में 4.5 प्रतिशत की गिरावट अधिक राजस्व जुटा कर नहीं बल्कि व्यय में कटौती करके प्राप्त की गई थी । व्यय में कटौती करके राजस्व घाटे को कम करना समस्या का समाधान नहीं है । अतः मुझे आशा है कि माननीय वित्त मंत्री जी एवं आदरणीय प्रधानमंत्री जी के विचार ''सबका साथ सबका विकास'' का ध्यान रखकर इस समस्या का उचित समाधान करेंगे । राजकोषीय घाटे को कम करने का जो रोड़मैप है, वर्ष 2015-16 में 3.6 प्रतिशत एवं वर्ष 2016-17 में 3 प्रतिशत पर लाना अत्यंत सराहनीय कदम है । आपने अनुसूचित जातियों/जनजातियों को सुरक्षा प्रदान करने का जो भरोसा दिलाया है उससे निश्चित रूप से इनका जीवन और सुखमय होगा । आपका राज्यों को वस्तु एवं सेवाकर (जीएसटी) के बारे में आश्वस्त किया जाना अति उत्तम कदम है । आपका निवेशक समुदाय को आश्वस्त किया जाना और उनको यह समझाना कि हम ऐसी स्थायी और भावी कराधान योजना की व्यवस्था उपलब्ध कराने हेतु प्रतिबद्ध है जो निवेशकों के अनुकूल और विकास प्रेरक होगी । इससे निश्चित रूप से भारतीय एवं विदेशी निवेशक समुदाय हमारे कर प्रशासन पर विश्वास करेगा और देश के विकास में भागीदार होगा । साथ ही साथ आपके प्रशासनिक और कानूनी कदलाव करने के फैसले से चार लाख करोड़ से अधिक कर की मांग संबंधित मामले न्यायालयों में विचाराधीन है । इससे करदाताओं के मुकदमों संबंधित चिंताओं का समाधान निकलेगा । प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) से विदेशी निवेशकों को प्रोत्साहन मिलेगा एवं भारतीय अर्थव्यवस्था भी तेजी से विकसित होगी ।

स्मार्ट शहरों के निवास का खर्चा जो नव-मध्यम वर्ग एवं गरीब वर्ग को आवास के साथ-साथ समस्त शहरी व्यवस्था प्रदान करेगा और इसके निर्माण के तीन वर्ष के लॉक इन के चलते एफडीआई के लिए क्षेत्र और पूंजी की अपेक्षा को क्रमशः 50 हजार वर्गमीटर से घटाकर 20 हजार वर्गमीटर क्षेत्र तथा 10 मिलियन अमेरिकन डालर से घटाकर 5 मिलियन डालर करने से स्मार्ट शहरों के निर्माण में तेजी आएगी ।

---

* Speech was laid on the Table.

वित्त मंत्री जी का सुझाव है कि हमारी बैंकिंग प्रणाली को सुदृढ़ किए जाने की अत्यंत आवश्यकता है । इससे सरकार खुदरा शेयरों की बिक्री से धन जुटाएगी जिससे वित्तीय स्थिरता निश्चित आ पाएगी । सरकारी क्षेत्रों के उपक्रम सार्वजनिक उपक्रमों (पीएसयू) को पूंजीगत निवेश के जरिए 247,941 करोड़ रूपये की धनराशि देने से सरकारी क्षेत्र के उपक्रम अधिक सृजन एवं स्थिर होंगे । इसके अतिरिक्त स्मार्ट शहर का निर्माण, ई-वीजा से देश के नागरिकों को आसान एवं अत्यधिक सुविधा मिलने जा रही है । किसान विकास पत्र से बैंक बचतों में निवेश करने वाले लोगों को अधिक बढ़ावा मिलेगा । दक्ष भारत युवाओं और गरीबों के उद्यम कौशल को और अधिक बढ़ावा देगा । प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना से मानसून पर निर्भरता में कमी आएगी जिससे किसानों को लाभ निश्चित रूप से मिलेगा ।

वर्तमान सरकार अनुसूचित एवं अनुसूचित जनजातियों के विकास हेतु इनके युवा उद्यमियों को आईएफसीआई द्वारा ऋण उपलब्ध कराने से उनको अधिक स्वाबलंबी बनाया जा सकेगा ।

माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण हेतु वरिष्ठ पेंशन बीमा योजना को पुर्नजीवित करने का प्रयास एवं प्रस्ताव सराहनीय है । विकलांग एवं दृष्टिबाधित व्यक्तियों के लिए भी प्रोतसाहन की योजना बनी है । 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना से बेटियों के प्रति कुछ लोगों की उदासीनता समाप्त हो जाएगी । प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अधिक लाभ मिलेगा । मनरेगा से लोगों को ग्रामीण क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की सोच प्रशंसनीय है ।

वित्त मंत्री जी की सोच 'सबके लिए स्वास्थ्य' तथा इस हेतु निशुल्क औषधि सेवा के शुरू किए जाने से स्वस्थ भारत की परिकल्पना की जा सकती है । डिजीटल भारत का सपना गांव एवं शहर की दूरी कम करेगा । सूक्ष्म, मझौले, मध्यम उद्यम क्षेत्रों के विकास से कमजोर तबके के लोगों को लाभ मिलना स्वभाविक है । माननीय वित्त मंत्री जी ने विद्युत उत्पादन को बढ़ाने हेतु इस बजट में जोर दिया है तथा कोयला उत्पादन बढ़ाने के लिए उनके सुझाव स्वागत योग्य है । इस बजट में देश की सुरक्षा को सर्वोपरि रखा गया है तथा इसके साथ कोई समझौता नहीं किया गया है । सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण पर विशेष जोर दिया गया है । आंतरिक सुरक्षा हेतु बजट को 2013-14 की तुलना में बढ़ोत्तरी किए जाने से पुलिस बलों के प्रोत्साहन में बढ़ोत्तरी होगी, नदियों को जोड़ने से सिंचाई तथा पेयजल की समस्याओं से निदान मिलेगा । गंगा संरक्षण घाटों का विकास सराहनीय योजनाएं है । खेल के प्रति पिछली सरकार का रवैया उदासीन रहा है । वित्त मंत्री जी योजनाओं से देश में खेल को बढ़ावा मिलेगा, साथ ही खिलाड़ी अधिक प्रोत्साहित होंगे ।

पिछली यूपीए सरकार द्वारा दी गई सब्सिडी में जो टैक्स के रूप में पचास लाख करोड़ का अतिरिक्त भार हम पर पड़ा है, उसे लौटाना पड़ेगा । आज विदेशी वस्तुओं का सबसे बड़ा बाजार भारत है

तथा खरीददार भी भारत है । आज भी हम 70 प्रतिशत माल विदेशों से खरीदते है, चाहे फर्टीलाइजर हो, तेल हो या पॉवर लिंकेज हो । यह हमारी रीढ़ की हड्डियां हैं जिसकी बदौलत हम देश का ढांचा बनाए रखते हैं । यह हमारी 70 प्रतिशत मूल खरीददारी है । वर्तमान सरकार की सोच है थोड़ी पूंजी, आय अधिक। हम टेक्नोलोजी (तकनीकी) क्षेत्र में भारत को उभारना चाहते हैं और हम चाहते हैं कि इसी के माध्यम से जो आज कहीं ना कहीं टेक्नोलोजी में विदेशी नियंत्रण में है, इसी तकनीकी को हम आगे ले जाकर भारत का नियंत्रण करवाना चाहते हें, इसी हेतु वित्त मंत्री जी ने बजट में डिफेंस में 49 प्रतिशत एफडीआई का प्रस्ताव किया है जो स्वागत योग्य है । यह कैसे हो कि हम गरीब व्यक्ति, आम व्यक्ति एवं मध्यम वर्ग के व्यक्ति तक पहुंचने की क्षमता हो जो सौ फीसदी तक होने का इरादा रखते हैं ।

आज हमारा होल्डिंग केपीटल 51 फीसदी है, इसे 90 से 100 फीसदी तक पहुंचाने की सोच माननीय वित्त मंत्री जी की है जो महत्वकांक्षी सोच है । नई योजना कैसे बने इसके लिए मूल सोशल सेक्टर को बदलने के लिए हम पूरी तरह प्रतिबद्ध है । सोशल सेक्टर से जितना लाभ गरीब, पिछले, दलित, अनु. जाति, अनु. जनजाति तथा मध्यम वर्ग के लोगों को मिलेगा, इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे, आय बढ़ेगी तथा रहन-सहन का स्तर ऊंचा उठेगा तथा देश की आर्थिक स्थिति बढ़ेगी । विगत 10 वर्षों में उत्पादन कम होने के कारण कहीं ना कहीं इसका प्रभाव लोगों एवं युवाओं की नौकरी पर पड़ा, उसकी आमदनी पर पड़ा, टैक्स पर भी प्रभाव पड़ा । मध्यम वर्ग ऐसा वर्ग है जो लंबी सोच और भविष्य को ध्यान में रखकर निवेश करता है, उसकी सोच को हमारे वित्त मंत्री जी ने उनको 100 प्रतिशत इन्सेन्टीव देने का साहसिक निर्णय किया है । वित्त मंत्री ने ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने हेतु तथा भारत को संपूर्ण रूप से विकसित करने हेतु आने वाले निवेशकों के कर में छूट का प्रावधान रखा है । आने वाले दिनों में ज्यादा से ज्यादा पावर और एनर्जी जेनरेट हो तथा देश के संपूर्ण विकास में सहायक हो । बजट प्रस्ताव में मैन्युफेक्चरिंग क्षेत्र में जो ड्यूटी लगाई जाती थी, उसको कम करने का निर्णय लिया गया है । प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष कर को कम करने का निर्णय साहसिक एवं सरकार का सराहनीय कदम है । इस बचत के माध्यम से वह अपने घर का सपना देख सकता है, पढ़ने का सपना देख सकता है तथा ब्याज के फायदे उठा सकता है । ईएमआई के माध्यम से आवासी ऋण को कम किया गया है ति 0 प्रतिशत पर करने की संभावना भी मंत्री जी ने जताई है । यूपीए सरकार में 14 प्रतिशत की दर से हाउसिंग लोन होने के कारण आम व्यक्ति के घर का सपना 10 वर्षों में पूरा नहीं हुआ ।

अतः वर्ष 2014-15 का बजट जो माननीय वित्त मंत्री जी द्वारा प्रस्तुत किया गया है, अत्यंत प्रशंसनीय एवं स्वागत योग्य है जिसमें माननीय प्रधानमंत्री की सोच को पूरी तरह देखा जा सकता है ।

**[*]श्री रामसिंह राठवा (छोटा उदयपुर)**- भारतीय लोकतांत्रिक शासन के 67 साल के इतिहास की एक अविरल और विलक्षण घटना है। श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में स्पष्ट बहुमत के साथ राजग की गठबंधन सरकार। श्री नरेन्द्र मोदी जी के अच्छे दिनों की और सुशासन के शुभारंभ की घटना निश्चित ही शुभ और श्रेयस्कर है। जिस तरह से हमारा गुजरात, हमारा इसलिए की मैं गुजरात के छोटा उदयपुर का प्रतिनिधित्व करता हूँ। गुजरात एक सबसे सफल, सबसे धनी, सबसे उन्नत और शांतिपूर्ण राज्य है। पूरे राज्य को श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने मुख्यमंत्री के रूप में तीन कार्यकालों में इन स्थितियों तक पहुंचाया है। अब वही सफलता, वह शांति, वही आर्थिक विकास, वही उन्नति और वही जन-जन के उन्नयन का स्वप्न सम्पूर्ण राष्ट्र में चरितार्थ होते हुए देखेंगे। श्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने निःस्वार्थ व्यक्तित्व, अपने ओजस्वी कर्मों, अपने निश्छल प्रेम और उन्नत भारत के स्वप्न के द्वारा करोड़ों लोगों का दिल जीतकर एक आशा और विश्वास का वातावरण बनाया है। वे कर्मठ एवं जीवट वाले व्यक्तित्व है, जिनके नेतृत्व में संपूर्ण भारत उन्नति के नये शिखरों पर आरूढ़ होने को तत्पर है। इसकी आहट हाल ही में प्रस्तुत रेल बजट और आम बजट में सुनाई दी है। आम बजट ने देश की जनता के हृदय में आशा की उम्मीदें जागृत की है। मेरी दृष्टि में चरमरायी हुई अर्थव्यवस्था के लिए यह बजट अंतिम पंक्ति में खड़े आदमी के लिए एक संजीवनी और सर्वोदय के रूप में आया है। यह बजट भारत को संकट से बाहर निकालने के लिए प्रतिबद्ध एवं आश्वस्त है। यह गरीबों तथा समाज के वंचित तबको के लिए उम्मीद की एक किरण है। मेरा विश्वास है कि यह बजट भारत को न केवल तरक्की की नई ऊँचाईयों पर पहुंचायेगा बल्कि सरकार के उद्देश्यों से विश्व में भारत की एक अलग छवि का निर्माण होगा।

वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी ने हज़ारों करोड़ रूपयों का प्रावधान 100 स्मार्ट शहरों, गंगा नदी परियोजना, खेल विश्वविद्यालय, पूर्ण स्वच्छता, ग्रामीण क्षेत्रों में विद्युत सप्लाई बढ़ाने के लिए दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना, एम्स, आई.आई.एम., कृषि के लिए बुनियादी ढांचे के लिए कोष, मदरसों का आधुनिकीकरण, तकनीकी विकास कोष, मौसम सुधार का बुनियादी ढांचा, युद्ध स्मारक और युद्ध संग्रहालय, मथुरा और आगरा जैसे शहरों की विरासत सुरक्षित रखने और नदियों को जोड़ने आदि के लिए किया है। यहां इस बात का उल्लेख करना उचित होगा कि एन.डी.ए. सरकार को देश की अर्थव्यवस्था बेहद ही खराब हालत में मिली है। यद्यपि सरकार सख्त कदम उठाने के लिए तैयार है, लेकिन इस बात की संभावना है कि मौजूदा आर्थिक हालात और खराब मानसून नई सरकार को ऐसा करने की अनुमति न दे। इस परिदृश्य में भी नई सरकार अगले तीन-चार वर्षों में 7-8 प्रतिशत आर्थिक विकास दर का लक्ष्य प्राप्त करने का संकल्प

---

[*] Speech was laid on the Table

रखती है, जिसके लिए अधिक संसाधनों को पैदा करने की जरूरत है। यद्यपि 4.1 प्रतिशत के राजस्व घाटे का लक्ष्य चुनौतीपूर्ण है, लेकिन सरकार ने इस चुनौती को स्वीकार कर लिया है। इस परिप्रेक्ष्य में खर्चों पर नज़र रखने के लिए व्यय प्रबंधन आयोग का गठन किया जाएगा और सब्सिडी की पूरी तरह समीक्षा की जाएगी। खासतौर पर खाद्य और तेल सब्सिडी की समीक्षा होगी। कश्मीरी शरणार्थियों के पुनर्वास के लिए 500 करोड़ रूपए का प्रावधान बजट में किया गया है। इन कदमों की प्रशंसा की जानी चाहिए। ये फिलहाल प्रारंभिक कदम हैं और दिशापूर्ण भी हैं, जिनसे अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिलेगा।

बजट में रक्षा के लिए 2.29 लाख करोड़ रूपए का प्रावधान है और बीमा तथा रक्षा क्षेत्र में विदेशी निवेश को 49 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा गया है। श्री अरूण जेटली जी का यह पहला बजट है, जो पूरी तरह से संतुलित है। उसका फोकस 100 स्मार्ट शहरों, विदेशी निवेश, सब्सिडी प्रबंधन आदि पर है। यह प्रशंसनीय है। आने वाले दिनों में हम उम्मीद कर सकते हैं कि वित्तीय अनुशासनहीनता की बुराईयों की अर्थव्यवस्था समाप्त होगी और समाज के सभी वर्गों, खासतौर पर भारत के गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार सुनिश्चित होगा।

विचारों और सामग्री से भरा यह एक मिला-जुला बजट है। जिसमें एन.डी.ए. सरकार की मंशा और दिशा अच्छी दिखाई देती है। यह उम्मीदों से भरा बजट है। करों की दरें नीचे करने और टैक्स का दायरा बढ़ाना, राजस्व एकत्र करने के लिए प्रगतिशील कदम है, जिससे उद्योगों के विकास के लिए टैक्स प्रेरक माहौल बनेगा। अब समय आ गया है कि बाह्य दबावों से अर्थव्यवस्था को बेहतर ढंग से बचाकर पिछले दो सालों के विपरीत भारत की विकास दर को गति दी जाए। यद्यपि कृषि और औद्योगिक क्षेत्रों को प्रोत्साहित करने के लिए भविष्य के बजटों पर अधिक ध्यान केन्द्रित करने की जरूरत होगी। राज्यों को ई-प्रणाली स्थापित करने और उसने बनाए रखने में सहायता करने के साथ ही ई-गवर्नेंस को प्रोत्साहित करने के लिए बहुत कुछ करने की जरूरत है, लेकिन भाजपा की नई सरकार से यह उम्मीद करना कि वह एक ही महीने में ठोस योजनाओं के साथ आगे आ जाये या सभी समस्याओं को तुरंत हल कर दें तो यह खुद को भुलावे में रखने जैसा होगा।

देश ने 67 सालों में जितना विकास करना चाहिए था, उतना विकास नहीं हो पाया। अब अवसर सामने है और इसके शुभ संकेत इस बजट में दिखाई देते हैं। यदि निवेशकों (घरेलू या विदेशी) का विश्वास भी बहाल हो जाए तो आधी समस्या तो यूं ही हल हो जाएगी। हमें उम्मीद करनी चाहिए कि यह बजट सरकार में समाज के सभी वर्गों का विश्वास बहाल करेगा।

दार्शनिक और राजनीतिक विचारक थॉमस पेन ने कहा था-" हमारे अंदर इतनी शक्ति है कि हम विश्व को पुनः आरंभ कर सकते हैं।" मैं यहां विश्व को पुनः आरंभ करने की बात नहीं कहूँगा, लेकिन यह

विश्वास के साथ कह सकता हूँ कि भारत का विकास और अभ्युत्थान निश्चित ही आरंभ हो चुका है। गांधी और नेहरू के बाद राष्ट्रीय नेताओं के कदम छोटे होते गए और परछाईयां बड़ी होती गई। आज के तीव्रता से बदलते समय में हमें अपनी और राष्ट्रीय जीवन प्रणाली की रचना करनी है। लोकतंत्र श्रेष्ठ प्रणाली है पर संचालन में शुद्धता और पवित्रता हो, जनभावना लोकतंत्र की भावना होती है, लोक सुरक्षित रहेगा तभी तंत्र सुरक्षित रहेगा।

मुझे विश्वास है कि श्री मोदी जी के नेतृत्व में लोक मंगल होगा और लोकतंत्र को शुद्ध साँस मिलेगी। लोक जीवन और लोक तंत्र की अस्मिता को गौरव देने के शुभ दिन आ गए हैं। आओ मिलकर देश को तरक्की की ओर अग्रसर करें।

**[*]श्री राम कृपाल यादव (पाटलीपुत्र)-** मैं आम बजट 2014 का समर्थन करता हूँ। पहली बार किसी भी सरकार ने इतना संतुलित बजट पेश किया है। इसमें समाज के सभी वर्गों एवं देश के सभी राज्यों का ख्याल रखा गया है। कह सकते हैं कि यह पूरे देश का बजट है।

बिहार में आई.आई.एम. खोलने तथा भागलपुर में टेक्सटाईल मेगा क्लस्टर के प्रस्ताव की घोषणा का स्वागत करता हूँ। बिहार एक कृषि प्रधान राज्य है। 89 फीसदी आबादी गांवों में रहती है। यहां भूमिहीन किसानों की काफी संख्या है। बिना भू-स्वामित्व के उनको बैंकों से लोन नहीं मिलता है। जिसके कारण वे ऊँचे ब्याज दर पर बाज़ार से लोन लेते हैं और कर्ज के चंगुल में फँस जाते हैं। इससे बचाने के लिए नाबार्ड द्वारा भूमिहीन किसान के संयुक्त कृषि समूहों को 5 लाख के धन की व्यवस्था के प्रस्ताव का स्वागत करता हूँ। सिंचाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रधानमंत्री सिंचाई योजना मील का पत्थर साबित होगी।

बिहार में भंडारण की क्षमता नहीं होने के कारण कृषि उत्पादन काफी बर्बाद होता है। पूरे देश में वैज्ञानिक भण्डारागार के निर्माण के लिए 5000 करोड़ रूपए आवंटित किया गया है, जिससे किसानों का काफी फायदा होगा और उनकी आर्थिक उन्नति होगी।

अल्पसंख्यक समाज के लोग अपनी जीविका उर्पाजन के लिए पुश्तैनी कला पर निर्भर हैं। उनकी इस कला को जीवित रखने और उसमें वैज्ञानिक तरीके के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए कौशल एवं प्रशिक्षण संवर्द्धन हेतु कार्यक्रम की शुरूआत करने की घोषणा का स्वागत करता हूँ। साथ ही मदरसों के आधुनिकीकरण हेतु 100 करोड़ की अतिरिक्त राशि के आवंटन का भी स्वागत करता हूँ।

प्रधानमंत्री जी का देश में स्मार्ट सिटी बनाने का जो सपना है। उससे देश में विकास का एक नया अध्याय शुरू होगा। वित्त मंत्री जी ने 100 स्मार्ट सिटी के निर्माण की घोषणा की है। मेरी मांग है कि बिहार में अधिक से अधिक स्मार्ट सिटी का निर्माण किया जाये। बिहार में शहरीकरण की प्रक्रिया काफी धीमी है। वहां मात्र 11 प्रतिशत ही शहरीकरण है। इस योजना से सभी सेक्टरों के विकास में तेजी आयेगी।

---

[*] Speech was laid on the Table

मैं बिहार के विकास के लिए इसे विशेष राज्य का दर्जा देने की मांग करता हूँ। बिहारवासियों का मानना है कि जब तक बिहार के 10 करोड़ 38 लाख लोगों का विकास नहीं होगा, तब तक देश का विकास पूरी तरह संभव नहीं है। उत्तरी बिहार बाढ़ से तो दक्षिणी बिहार सुखाड़ से ग्रसित रहता है। नदियों को जोड़ने की योजना में बिहार को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। पड़ोसी देश नेपाल से प्रत्येक साल बिहार को बाढ़ का दंश झेलना पड़ता है। अगर भारत सरकार इस समस्या को राष्ट्रीय समस्या मान कर पहल करे तो बिजली का भी उत्पादन होगा और बिहार बाढ़ से भी बचेगा।

बिहार में पर्यटन उद्योग की अपार संभावनाएँ हैं। हालांकि बुद्ध सर्किट के विकास की घोषणा से पर्यटन उद्योग को गति मिलेगी। जैन सर्किट और सूफी सर्किट की भी अपार संभावनाएं हैं। इस ओर ध्यान दिया जाये।

बिहार में बिजली की भारी समस्या है। बरौनी, कांटी, बाढ, नवीनगर, पीरपैंती बिजली परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा कराया जाये। बिहार में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की अपार संभावनाएं हैं। मुजफ्फरपुर में लीची उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए प्रसंस्करण यूनिट का निर्माण कराया जाये। पटना में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को बढ़ावा देने के लिए एक रिसर्च सेन्टर की स्थापना की जाये।

पटना में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के हवाई अड्डे का निर्माण कराया जाये, जहां कारगो की भी सुविधा हो। बिहार में गया और मोतिहारी में प्रस्तावित केन्द्रीय विश्वविद्यालय के निर्माण में तेजी लायी जाये। पटना विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाये। बिहार में नये इंजीनियरिंग, मेडिकल और कृषि विश्वविद्यालय की स्थापना की जाये।

बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग के फोर लेनिंग का कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है। एन.एच.डी.पी. के अंतर्गत स्वीकृत सभी योजनाओं को जल्द पूरा करने की दिशा में गंभीर प्रयास किये जाये।

**[*]श्री सुनील कुमार सिंह (चतरा)**- माननीय वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय बजट पर बहस में कुछ सुझाव पेश करना चाहता हूँ। माननीय वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी द्वारा वर्ष 2014-15 का केन्द्रीय बजट भारत के चतुर्दिक विकास की आधारशिला है। भारत की जनता ने परिवतन के लिए निर्णायक मत दिया है। यह बजट परिवर्तन की दिशा में उत्प्रेरक होगा। इससे रोज़गार सृजन, सुदृढ़ आधारभूत संरचना और सुशासन की दिशा में देश आगे बढ़ेगा। गरीबी उन्मूलन की दिशा में यह निर्णायक बजट है।

भाजपा शासन का यह प्रथम बजट कौटिल्य द्वारा अर्थशास्त्र में प्रतिपादित सिद्धांतों का मूर्तरूप है, जो यह बताता है कि शासन को जहां सबकी चिंता करनी चाहिए, वहीं करों के संग्रहण में मधुमक्खी जिस तरह हर पुष्प से बिना उसको क्षति पहुंचाये शहद का संग्रहण करती है, उसी प्रकार शासन को भी जनता से कर संग्रहण करना चाहिए। साथ ही यह बजट गरीब, किसान, भूमिहीन, मज़दूर, पिछड़ा, अनुसूचित जाति व जनजाति, महिला, युवा, बुजुर्ग एवं ग्रामीण भारत के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर विकास के अंतिम कतार पर बैठे व्यक्ति के उत्थान के प्रति भाजपा की प्रतिबद्धता का साकार रूप है। वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी द्वारा प्रस्तुत 2014-15 का यह बजट माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा घोषित-" सबका साथ-सबका विकास " नारे के प्रति प्रतिबद्धता का कार्यरूप है। यह बजट आने वाले वर्षों में भारत को वैश्विक शक्ति का केन्द्र बनाने की यात्रा का प्रारंभिक चरण है। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री Mr. Joseph Stiglitz का यह कहना है कि किसी देश की प्रगति का आंकलन उसके जी.डी.पी. के वृद्धि दर से नहीं होता है। बल्कि उस देश का जनसाधारण कितना खुश है, उससे होता है। इस कसौटी पर यह बजट जी.डी.पी. के वृद्धि दर से आगे भारत को खुशहाल बनाने की दिशा में मील का पत्थर है। ळ.क्.च्. से G.D.H. (Gross Domestic Happiness) की दिशा में कदम बढ़ाने की शुरूआत है।

इस केन्द्रीय बजट ने पहली बार चुनावी घोषणा पत्र में किये गये वादों को साकार करने का साहस किया है। जनता ने जिस एजेंडा को भारी समर्थन देकर भाजपा को शासन की बागडोर सौंपी है, उसको पूरा करने का संकल्प दिखता है इस बजट में। इसमें प्रमुख उदाहरण क्रमशः ये हैं-

---

[*] Speech was laid on the Table

भाजपा के घोषणा पत्र में महंगाई की रोकथाम के लिए कीमतें स्थिर करने के लिए कोष का गठन, टैक्स की प्रक्रिया को सरल और तर्कसंगत बनाना, पर्यटन को बढ़ावा, महिला सशक्तीकरण, रोज़गार रहित विकास का अंत, आई.टी. सेक्टर का विकास, बुनियादी ढाँचा निर्माण, कृषि को प्रोत्साहन, पूर्वोत्तर और हिमालयन राज्यों का विकास, पवित्र नदी गंगा और नदियों का संरक्षण, नए शहर इत्यादि प्रमुख है। भविष्य में अन्य दलों पर यह दबाव होगा कि वे अपने घोषणा-पत्र में सोच-समझकर संतुलित बनाये और उस पर अमल करे।

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना कृषि के क्षेत्र में युगान्तकारी परिवर्तन का वाहक होगी। खेती के लिए किसानों की मानूसन पर निर्भरता कम होगी।

झारखड जैसे प्रदेश में भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान की स्थापना से खेती को बढ़ावा मिलेगा। कृषि में 4 प्रतिशत की वृद्धि दर बनाये रखने की प्रतिबद्धता के साथ ही कहा गया है कि द्वितीय हरित क्रांति लायेंगे और " प्रोटीन क्रांति " के क्षेत्रों पर ध्यान देंगे। प्रोटीन क्रांति से तात्पर्य दलहन की खेती से है। माननीय जेटली जी मैं आपका ध्यान आकृष्ट करते हुए बताना चाहूँगा कि चतरा लोक सभा के अंतर्गत पड़ने वाले जिले चतरा, लातेहार और पलामू दलहन उत्पादन का क्षेत्र है। सरकारों की उपेक्षा से दलहन की खेती मृत्यु के कगार पर है। अगर इस क्षेत्र के किसानों को प्रोत्साहन और समर्थन प्राप्त हुआ तो देश को दाल के आयात के लिए विदेशों पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा और हमारी विदेशी पूँजी अक्षण्णु बनी रहेगा। खेती को बढ़ावा मिलने के चलते गांव और गरीब का जीवन स्तर ऊपर उठेगा। 100 नई मोबाईल मृदा परीक्षण प्रयोगशाला खुलने से किसानों को लाभ होगा। " भूमिहीन किसान योजना " के तहत ऋण की उपलब्धता से भूमिहीन किसानों को लाभ होगा।" मूल्य स्थिरीकरण कोष " के निर्माण से कृषि उत्पाद का सही दाम मिलने में किसानों को सुविधा होगी।

भारतीय पशु नस्ल विकास एवं मत्स्य विकास के लिए परियोजना की शुरूआत से ग्रामीण क्षेत्रों की आय वृद्धि होगी। कृषि ऋण पर ब्याज दर घटाने से किसान को लाभ होगा।

भंडारण संरक्षण कोष कृषि उत्पादन को बचाने में सहायक होगा। नई यूरिया नीति बनाने से किसान को राहत मिलेगी। किसान टी.वी. कृषि संबंधित आधुनिक व वैज्ञानिक जानकारियां किसानों तक पहुंचाने में लाभकारी सिद्ध होगा।

"श्यामा प्रसाद मुखर्जी रू-अर्बन" ग्रामीण क्षेत्रों में शहरों की भांति नागरिक संरचना एवं उनसे संबंधित सेवाएँ शुरू कर ग्रामीण जीवन स्तर को शहरों के समकक्ष बनायेंगे।" दीनदयाल उपाध्याय ग्राम ज्योति योजना" ग्रामीण क्षेत्रों में 24 घंटे निर्बाधित बिजली हर घर को उपलब्ध कराने में सक्षम होगा। "स्वच्छ भारत अभियान" ग्रामीण भारत को खुले में शौच के अभिशाप से मुक्त करेगा।" प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना", "आजीविका एन.आर.एल.एम., वाटर शेड प्रबंधन, पंचायती राज, स्वच्छ पीने का पानी इन मदों में बजट की वृद्धि ग्रामीण भारत की उन्नति के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। आदिवासी कल्याण के लिए "वन बंधु कल्याण योजना" झारखंड जैसे राज्य में आदिवासियों के जीवन स्तर में गुणात्मक परिवर्तन लायेगा। अनुसूचित जाति के कल्याण हेतु बजट में भारी वृद्धि के साथ ही उनके लिए उद्यमिता विकास के लिए राशि उपलब्ध कराने से देश में नये मध्यम वर्ग में उनकी सहभागिता बढ़ेगी।

100 स्मार्ट सिटी के लिए 7060 करोड़ रूपये की व्यवस्था कर भारत विश्व स्तरीय शहरीकरण की ओर बढ़ेगा। "सभी के लिए स्वास्थ्य" के तहत निःशुल्क दवा सेवा और निःशुल्क जांच सेवा प्रदान करना इस बजट की प्राथमिकता है। वित्त मंत्री जी द्वारा एम्स जैसे 4 नये संस्थान खोलने की घोषणा अत्यंत सराहनीय है। आने वाले वर्षों में भारत सरकार झारखण्ड सहित सभी राज्यों में एम्स के समान चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करायेगी। ग्रामीण भारत में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए 15 मॉडल एवं रिसर्च सेंटर स्थापित करेगी जो स्थानीय स्तर पर स्वास्थ्य से संबंधित मुद्दों पर अनुसंधान करेंगे।

पंडित मदन मोहन मालवीय न्यू टीचर प्रोग्राम की शुरूआत हुई है। पांच नये आई.आई.टी. और पाँच नये आई.आई.एम. की स्थापना गुणवत्तापूर्ण उच्चतर शिक्षा युवाओं के सपनों को साकार करने में सक्षम होगी। डिजिटल इण्डिया कार्यक्रम की शुरूआत से गांव ब्रॉडबैंड से जुड़ जायेंगे। राष्ट्रीय ग्रामीण इंटरनेट एवं तकनीकी मिशन की शुरूआत गांवों और स्कूलों में होगी। गुड गवर्नेंस को बढ़ावा देने के लिए एक प्रोग्राम शुरू किया जायेगा। सबके लिए घर वर्ष 2022 तक सरकार सबके लिए घर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हे। इसके लिए सरकार ने जहां होम लोन पर टैक्स में छूट दिया है, वहीं नेशनल हाउसिंग बैंक को 4000 करोड़ रूपए भी उपलब्ध कराये हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर युवाओं में रोज़गार उन्मुखता एवं उद्यमिता विकास के लिए" स्किल इण्डिया प्रोग्राम" शुरू किया जा रहा है। यह योजना पारंपरिक व्यवस्थाओं को भी प्रशिक्षण देगा। शारीरिक रूप

से निःशक्तजनों के लिए विशेष संस्थानों एवं सुविधाओं का प्रावधान किया गया है ताकि उनको समान अवसर मिल सकें।

" बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ " योजना के तहत बालिकाओं के लिए विशेष योजना का प्रावधान है। महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधान किये गये हैं। इस बजट में आधारभूत संरचना पर विशेष ध्यान दिया गया। सड़क परिवहन के साथ-साथ शिपिंग और नये एयरपोर्ट भी विकसित होंगे। गंगा नदी पर " जल मार्ग विकास " योजना इलाहाबाद से हल्दिया के बीच 1620 कि.मी. दूरी का बनेगा। जो छः वर्षों में पूरा होगा, जिसकी लागत 4200 करोड़ रूपए होगी। यातायात एवं परिवहन की दृष्टि से ये परियोजनाएँ भारत को आधारभूत संरचना के क्षेत्र में वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनायेंगी। वहीं बिजली, कोयला, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रावधान किये गये हैं। वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली जी के द्वारा खनिज की रॉयल्टी दरों में संशोधन किये जाने के आश्वासन से झारखण्ड को विशेष फायदा होगा। झारखण्ड प्रदेश अपने खनिजों की रॉयल्टी दर में संशोधन की मांग वर्षों से करता आ रहा है।

बजट में पांच पर्यटन सर्किट बनाने के निर्णय से झारखण्ड राज्य को जहां पर्यटकों से अतिरिक्त राजस्व एवं आय की प्राप्ति होगी, वही रोज़गार सृजन के माध्यम से युवाओं को काम मिल सकेगा। इस योजना का लाभ झारखण्ड में स्थित ज्योर्तिलिंग, वैद्यनाथ धाम (देवघर) इठकोरी, कालेश्वरी (हण्टरगंज), मधुबन, पारसनाथ, जीवाश्म पार्क सहित झारखण्ड के अन्य पर्यटन स्थलों को नई पहचान मिलेगी।

" वन रेंक- वन पेंशन " सैन्य बल आधुनिकीकरण एवं वार मेमोरियल की स्थापना के प्रावधान से भारतीय सेना का मनोबल ऊँचा होगा और देश की सुरक्षा मजबूत होगी। वहीं दूसरी ओर आंतरिक सुरक्षा के लिए बजट प्रावधान बढ़ाने से पूरे देश में अमन चैन व शांति स्थापित करना आसान होगा। " राष्ट्रीय पुलिस स्मारक " के निर्माण से पुलिस बल के मनोबल में वृद्धि होगी। पुलिस आतंकवाद, उग्रवाद आदि की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होगी।

हिमालयन प्रदेशों एवं पूर्वोत्तर के राज्यों के लिए खेलों के प्रोत्साहन के लिए विशेष योजना बनाई गई है। अरूण प्रभा योजना पूर्वोत्तर भारत के लिए चालू की जायेगी। पूर्वोत्तर राज्यों के लिए ऑर्गेनिक खेती के लिए विशेष सुविधा दी जायेगी।

नदियों को जोड़ने की योजना की शुरूआत से देश में सूखा और बाढ़ की समस्या से निज़ात मिलेगी। विस्थापित कश्मीरियों के पुनर्वास के लिए 500 करोड़ रूपए का प्रावधान भारत की एकात्मकता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। युवाओं के लिए यंग लीडरशिप प्रोग्राम चलाया जायेगा। युवाओं के लिए रोज़गाररहित विकास की अब तक की अवधारणा को समाप्त कर रोज़गारोन्मुख विकास हेतु शुरूआत हुई है। सरकार महत्वपूर्ण खेलों के लिए देश में विभिन्न गांवों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर अकादमी बनायेगी। यह अकादमी अंतर्राष्ट्रीय सुविधाओं से पूर्ण होगी।

टैक्स को तर्कसंगत बनाने के लिए टैक्स नीति में सुधार कर उसे आसान बनाना, अप्रत्यक्ष हस्तांतरण की श्रेणी में 2012 में हुई पिछली तारीख से संशोधन से संबंधित नए मामलों की जांच के लिए सीबीडीटी की सहमति से उच्च स्तरीय समिति की नियुक्ति का प्रावधान है। वरिष्ठ नागरिकों को टैक्स छूट की सीमा 2.50 लाख से बढ़ाकर 3 लाख की गई है, जबकि निःशक्त और विकलांगों की सुविधा व कल्याण के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। इस साल के अंत तक पूरे देश में जी.एस.टी. लागू हो जायेगा। व्यक्तिगत आयकर में छूट की सीमा दो लाख से बढ़ाकर दो लाख पचास हज़ार कर दी गयी है और वरिष्ठ नागरिकों के लिए दो लाख पचास हज़ार रूपए से बढ़ाकर तीन लाख कर दी गयी है। 80 सी में छूट 1 लाख से 1.5 लाख कर दी गयी है। हाउसिंग लोन में छूट 1.5 लाख से दो लाख कर दी गयी है। करों के भुगतान को लेकर लगभग 4 लाख करोड़ रूपए के मामले विभिन्न न्यायालयों में लंबित हैं। इसके लिए प्रत्यक्ष करों से संबंधित विधायी एवं प्रशासनिक परिवर्तन की घोषणा किये जाने के लिए वित्त मंत्री जी धन्यवाद के पात्र है। इससे सामान्यजनों को लाभ पहुंचेगा। एक्साईज व कस्टम ड्यूटी में छूट देकर भारतीय उद्योग व निर्माण क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा, जिससे रोज़गार के अवसर बढ़ेंगे। भारतीय उद्योग जगत वैश्विक चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होगा।

चतरा संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत झारखण्ड का चतरा, लोतहार जिला और पलामू जिले का एक विधान सभा क्षेत्र आता है। यह पूरा क्षेत्र विकास की दृष्टि से अत्यंत पिछड़ा और उपेक्षित रहा है। सर्वविदित है कि झारखण्ड के ये तीनों जिले अतिउग्रवादी गतिविधियों के लिए चिन्हित क्षेत्र हैं। यह क्षेत्र प्राकृतिक संसाधनों के दृष्टिकोण से देश के विकास की गति में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन कर सकता है। इस क्षेत्र में कोयला, एल्यूमिनियम, बॉक्साईट, डोलामाईट एवं अन्य खनिज

संपदा है। वन उपज और कृषि उपज विशेषकर दलहन उत्पादन की दृष्टि से भी यह क्षेत्र महत्वपूर्ण है। प्राकृतिक संसाधन, प्राकृतिक सौन्दर्य एवं मानव संसाधन की दृष्टि से यह क्षेत्र देश के उन्नत क्षेत्रों के समकक्ष है, परंतु आज तक विकास की जो दिशाहीन यात्रा रही, उसके कारण यह क्षेत्र आज भी आज़ादी से पूर्व की स्थिति में ही खड़ा है। इसे प्रतीक्षा है कि एक ऐसे विकास पुरूष और एक ऐसी सरकार का जो राजनैतिक दबाव समूहों से परे आर्थिक और प्राकृतिक संसाधनों के उपलब्धता के अनुरूप देश के सभी क्षेत्रों का एक रूप विकास कर सकें। अतः आपसे अनुरोध है कि इस क्षेत्र की जनता को विश्वास दिलाने की कृपा करें कि विकास के अंतिम कतार में बैठे व्यक्ति और क्षेत्र तक पहुंचना हमारी सरकार का लक्ष्य है।

मैं माननीय वित्त मंत्री से आग्रह करूँगा कि हम भारतीय वित्त प्रबंधन की भारतीय शैली को विकसित करें। हम GDH (सकल घरेलू खुशहाली) को मापने की नई पद्धति की शुरूआत करें। हमें अपना " तीसरा पथ " (Third Way) आर्थिक विकास के लिए विकसित करना होगा। जिसकी शुरूआत आपने इस बजट से की है।

माननीय वित्त मंत्री श्री अरूण जेटली द्वारा प्रस्तावित यह बजट जहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित " एकात्म मानव दर्शन " के केन्द्र बिन्दु विकास की अंतिम सीढ़ी पर बैठे व्यक्ति के उदय के प्रति प्रतिबद्ध है, वहीं दूसरी ओर अपने विभिन्न बजटीय प्रावधानों से सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की संकल्पना को भी साकार करता है। भारत को Global Power और एक भारत-श्रेष्ठ भारत बनाने की दिशा में हमारा अभियान माननीय नरेन्द्रभाई मोदी जी के नेतृत्व में " सबका साथ-सबका विकास मंत्र के साथ परम वैभव के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रारंभ हो गया है। यह बजट उसी दिशा में प्रारंभिक चरण है।

अंत में कहना चाहता हूँ कि-

" कौन कहता है आसमां में सुराख नहीं हो सकता।

एक पत्थर तो तबियत से उछालो यारो।।

***श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद)-** सर्वप्रथम मैं भारत सरकार को बधाई देता हूँ कि देश की विषम आर्थिक परिस्थितयों पर नियंत्रण करने के लिए माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के निदेशन में भारत वर्ष के लोगों का दिल जीतने वाला बजट प्रस्तुत किया गया है। इस बजट की प्रशंसा देश के प्रत्येक गरीब, किसान, व्यापारी, मेहनतकश मजदूर, उद्यमी, व्यापारी, बुजुर्ग, विकलांग, वुद्धिजीवी, मध्यम वर्ग तथा आम लोगों ने की है।

यू.पी.ए. सरकार ने भारत का विकास अस्थिर, असंतुलित, असमन्वित तथा अप्रोत्साहित कर दिया था। जिसके कारण भारत के लोगों की कई तस्वीर बन गईं। आज़ादी के बाद कई वर्षों तक कांग्रेस की सरकार चली, लेकिन लोगों की समस्याओं का निदान नहीं हो पाया। क्षेत्रीय असंतुलन बढ़ता गया। लुभावने नारे देकर लोगों के वोट लेती रही। कभी गरीबी हटाने के नाम पर तो कभी श्रीमती इन्दिरा गांधी की हत्या के बाद टुअर होने के नाम पर, कभी अमेरिका से न्यूक्लियर समझौता के नाम पर, कभी एक सौ दिन में महंगाई घटा देने के नाम पर तो कभी आम लोगों की बात जैसे लुभावने नारे देती रही। देश की आर्थिक संतुलन की स्थिति यह है कि देश में किसी प्रदेश की प्रति व्यक्ति औसत आय 40 हज़ार प्रति व्यक्ति है तो किसी राज्य में 2 लाख रूपये है। बाज़ार एक है, वस्तुओं के दाम देश में एक है, लेकिन आमदनी भिन्न है।

भारत में कृषि योग्य भूमि का 64 प्रतिशत मानसून पर निर्भर करता है, सिंचाई का कोइ प्रबंध नहीं है। वर्तमान बजट मे प्रधानमंत्री सिंचाई योजना का निर्णय लेकर वित्त मंत्री जी ने देश और किसान के हित में बड़ा निर्णय लिया है।

मध्यम वर्ग को आयकर में 50 हज़ार रूपये का स्लेब बढ़ाकर तथा बुजुर्गों के लिए 3 लाख की सीमा कर काफी आशीर्वाद लिया है। मध्यम वर्ग के लोगों को होम लोन के ब्याज पर आयकर में छूट, सोलर लाइट को सस्ता, गरीब के जूते, मोबाइल आदि जैसी वस्तुओं को सस्ता कर गरीब का हृदय जीतने का काम किया है। अटल जी के सपनो को साकार करने के लिए नदियों को जोड़ने के लिए सर्वेक्षण कार्य प्रारंभ करना बहुत बड़ा कदम है। गरीबों के घर में बिजली, शुद्ध पेयजल, छात्राओं के लिए विद्यालय में पानी, शौचालय की व्यवस्था, गरीबों के लिए दीनदयाल आवास योजना, शहरों के विकास के लिए योजना जैसे अनेकों महत्वाकांक्षी योजनाएं सरकार ने बनाई हैं। जिसकी मैं प्रशंसा करता हूँ।

मैं धनवाद लोक सभा क्षेत्र जो झारखण्ड राज्य में आता है। इसकी समस्याओं की और वित्त मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूँ।

---

* Speech was laid on the Table

धनबाद जिले में सिन्दरी का खाद कारखाना बंद पड़ा है। यह स्थान दामोदर नदी के किनारे है तथा मुश्किल से 2 कि.मी. पर कोयला का अपार भंडार है। जमीन की कमी नहीं है। आधारभूत संरचनायें काफी सुदृढ़ है। पिछली यू.पी.ए. की सरकार ने अपने कैबिनेट मीटिंग में यहाँ सेल के द्वारा स्टील प्लांट खोलने के लिए 34 हज़ार करोड़ रूपये की सैद्धांतिक स्वीकृति दी थी, लेकिन दो वर्ष हो गये इसमें कोई प्रगति नहीं हुई।

मेरे संसदीय क्षेत्र के बोकारो स्टील प्लांट के विस्तारीकरण हेतु 2008 में बोकारो जाकर तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने शिलान्यास किया, लेकिन आज तक यह कार्य संपन्न नहीं हो पाया। मेरे क्षेत्र में मिथेन गैसे प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है, लेकिन इसके स्थानीय उपयोग हेतु कोई नीति नहीं बन पाई।

झारखण्ड में 42 प्रतिशत से अधिक लोग गरीबी रेखा से नीचे रहते हैं, उनकी गरीबी को दूर करने के लिए विशेष कार्य योजना बनाने की आवश्यकता है। धनबाद में एशिया का प्रतिष्ठित माइनिंग कॉलेज इण्डियन स्कूल ऑफ माइंस है, जिसे वर्षों से आई.आई.टी. का दर्जा देने हेतु मांग की जा रही है। सरकार इस पर ध्यान देकर आई.आई.टी. का दर्जा दे।

माननीय वित्त मंत्री जी झारखण्ड की बहुतायत भूमि खदानों में चली जाती है। आपने रॉयल्टी के दर को पुनः निर्धारण करने की बात कहकर झारखण्ड के लोगों में नई आशा जगाई है, इसके लिए आपके प्रति आभारी हूँ। आपने झारखण्ड में हॉर्टीकल्चर युनिवर्सिटी देकर इस राज्य के सम्मान को बढ़ाया है, इसके लिए भी आपको धन्यवाद देता हूँ।

*SHRI SHIVKUMAR UDASI (HAVERI): I am extremely grateful to you for having me this opportunity to put forth my views on the Union Budget 2014-15.

Hon. Finance Minister has very rightly prioritized areas that would require more focus. It is indeed gratifying that agriculture happens to be one such area which has been accorded due importance in this Budget.

It understood the nature of problems afflicting the Indian economy are structural in nature. This Budget has pressed the accelerator in policy reforms in Defence, Insurance, Housing and Education.

A welcome move for crores of tax payers in the country was the FM's announcement of an increase in personal income tax exemption limit by Rs. 50,000 across all categories. Individual tax payers below the age of 60 years earning an amount up to Rs. 2.5 lakhs would now be exempted from paying income tax compared to earlier limit of Rs. 2 lakhs. In case of senior citizens above the age of 60 years, the exemption limit gets increased to Rs. 3 lakhs; an increase from the existing Rs. 2.5 lakhs.

The tax exemption limit has been hiked, the ceiling for saving enjoying tax concessions has been raised by 50%, the upper limit for deposits in the middle class-favoured Public Provident Fund (PPF) has been increased by 50% and for relatively better off among them, there is the increase in tax exempt interest payments on housing loans. In an attempt to boost household savings, the Finance Minister has announced an increase in exemption limit for investments under Section 80C of IT Act.

Foreign and domestic capital may not have got the "big bang" announcements they had hoped for, but there are many goodies for them in Budget 2014. For foreign capital there is the decision to further open up the defence production and insurance sectors and relax norms for real estate investment. For foreign institutional investors based in the country there is the decision to treat

* Speech was laid on the Table.

business income as capital gains. For all foreign companies operating in India there is the promise to be much more careful in applying Indian laws on retrospective taxation.

This budget is in the right direction for farming community. Agricultural growth target set at 4%. There is an urgent need to step up investment both Public and Private, in agro-technology development and creation and modernization of existing agri-business infrastructure. Our Government will work closely with the State Governments to re-orient their respective APMC Acts to provide for establishment to private markets.

This budget is providing every farmer with a soil health card to check any imbalance in fertilizer use and setting up of mobile testing labs, launching of a new Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana to improve access to irrigation in rain-fed areas. The Union Budget not only set a target of Rs. 8 lakh crore during 2014-15 towards rural credit, it introduced a Rs. 5,000 crore warehouse infrastructure fund.

By strengthening the value chain from production to distribution and marketing the budget addresses several core concerns, Creation of national markets, producer organizations and excise exemptions are welcome steps towards making farming more profitable and market-driven. To check volatility of food price, the budget announced a Rs. 500 crore price -stabilization fund. The budget also reiterated the present Government's commitment towards reforming the food sector. Restructuring FCI (Food Corporation of India) reducing transportation and distribution losses and efficacy of PDS (Public Distribution System) would be taken up on priority is welcome step.

This budget is remarkable plan for round-the-clock power. Power is a vital input for economic growth and our Government is committed to providing 24x7 uninterrupted power supplies to all homes. Deen Dayal Upadhyaya Gram Jyoti Yojana for feeder separation will be launched to augment power supply to the rural areas for strengthening sub-transmission and distribution system. Proposals

for feeder segregation and distributed solar generation will improve the availability and quality of power supply in rural areas.

This budget set aside a sum of Rs. 100 crore for the need to convert employment exchanges into career centers for providing information about job availability. These centers will also extend counselling facilities to the youth for selecting the jobs best suited to their ability and aptitude.

This budget highlights the critical role that and educated and skilled workforce plays driving economic growth, significantly, the Government has taken steps to make education a quality-driven sector by beginning to shift the focus to outputs. It indicates the Government's intention to address the need for quality education for our youth.

The opening up of FDI will bring in opportunity for cheaper capital for smaller projects as well, improving quality and delivery of low cost and affordable housing projects. The announcement to set up a National Industrial Corridor Authority to coordinate the development of the industrial corridors, with smart cities linked to transport connectivity, will have a positive impact on the growth and development of the landlocked regions in the country.

Reduction of custom duty on LCDs and LEDs below 19-inch from 10% to 0%, will encourage local production. The incentives to invest in manufacturing will help increase the manufacturing base in India. It is a prudent move by the Government. The duty concession will help revive manufacturing of TVs in the SME (small and medium enterprises) sector and create employment opportunities.

Budget has put the roads sector on a fast track mode. An increase in the budgetary support to the roads and highways sector by 13.48 percent to Rs. 28,881 crore for the current financial year. The total plan outlay stands at Rs. 37,881 crore, including an internal and extra budgetary resource (IEBR) of Rs. 9,000 crore, according to the Budget documents. It looks like the finance ministry and the transport and highways ministry are collaborating with each other with the Finance Minister echoing the Transport Minister's roadmap to lay down 23km of

road/highway everyday. This vision has been well augmented by the proposed infusion of funds into NHAI and the proposal to work on select expressways in conjunction with the development of industrial corridor.

The Government's energy security plans include harnessing renewable sources such as solar energy, biomass and wind power along with coal, gas, hydrometer and nuclear power to bring about an "energy revolution" in the country. The proposals for power sector presage a positive direction, to enhance energy security through renewable energy sources with both, large scale projects and distributed projects, and transmission lines connecting green energy corridors to load centres. The Government's focus on clean energy in the budget has been very holistic and, therefore, a step in the right direction that will provide strong impetus for the industry. Government has unleashed a flurry of schemes to educate, empower and protect women and the girl child and sensitize people to gender equality. The proposed Beti Bachao Beti Padao Yojna Scheme to improve to plight of the girl child, aims to increase awareness and focus on campaigns to sensitize people towards gender equality in India. A total amount of Rs. 100 crores has been allotted for the Beti Bachao Beti Padhao Yojana. The process of sensitization must begin early; therefore, the school curriculum must have a separate chapter on gender mainstreaming. Government attaches utmost importance to the welfare of girl child.

With these words, I support the Budget.

***श्री राजकुमार सैनी (कुरूक्षेत्र):** मैं राजकुमार सैनी प्रथम बार इस सदन में लोक सभा क्षेत्र कुरूक्षेत्र से चुनकर आया हूँ। मुझे बजट चर्चा मे ंसम्मिलित होने का मौका मिला इसके लिए मैं इस महान सदन के सभी सदस्यों का धन्यवाद करता हूँ।

दूसरा धन्यवाद मैं माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्रभाई मोदी जी का करता हूँ जिनकी वजह से पूरे विश्व में भारत के प्रजातंत्र को गौरवपूर्ण दृष्टि से देखा व सराहा गया।

तीसरा धन्यवाद मैं धर्मक्षेत्र कुरूक्षेत्र की जनता का करना चाहूँगा, जिस धरती से मैं चुनकर आया हूं, जहां प्राचीनकाल में महाभारत का युद्ध हुआ और अन्याय पर न्याय की जीत हुई। आज फिर वहां के लोगों ने देश के इतने बड़े उद्योगपति, पूंजीपति व कोयला चोर के खिलाफ मुझे जिताया मैं कुरूक्षेत्र की जनता को शत् शत् नमन करता हूँ।

इंसान को जिंदा रहने हेतु रोटी, कपड़ा और मकान की जरूरत है। अच्छे जीवन-यापन हेतु बिजली, पानी, सड़क की जरूरत है। अच्छे बौद्धिक विकास हेतु शिक्षा और स्वास्थ्य की जरूरत है और सुरक्षा और शांति से जीने हेतु आंतरिक व बाहरी सुरक्षा की जरूरत है। हमारे वित्त मंत्री जी ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रभाई मोदी जी के नेतृत्व में एक ऐसा चहुमुंखी विकास करने व रोज़गार के साधन जुटाने वाला बजट पेश किया है। जिसमें हर वर्ग से जुड़ी हर समस्या का समाधान है।

मैं सबसे पहले जिक्र करना चाहूंगा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है, जहां की 50 प्रतिशत जनता की आजीविका कृषि पर आधारित है। जिस पर वित्त मंत्री जी ने 1000 करोड़ रूपये प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के तहत कृषि को बढ़ावा देने हेतु प्रावधान किया और हरियाणा और तेलंगाना में 200 करोड़ रूपए कृषि उद्यान के लिए प्रावधान कर यह साबित कर दिया है कि यह सरकार लोगों को काम के मौके देकर कमा कर खाने की पक्षधर है।

इंसान को तन ढँकने के लिए सस्ते अच्छे कपड़े की पूर्ति हेतु हमारे वित्त मंत्री जी ने 6 बड़े वस्त्र मेगा क्लस्टर स्थापित करने के लिए 200 करोड़ रूपए का प्रावधान कर अपनी मंशा दर्शाई है कि वह हर क्षेत्र की पूर्ति के साथ-साथ रोज़गार भी उत्पन्न करें। यह बहुत ही सराहनीय कदम है।

आज हमारे शहरों में मकान खरीदना, बनाना आम आदमी की पहुंच से परे हैं। जिसके लिए माननीय प्रधानमंत्री जी ने 100 बड़े शहरों के निर्माण हेतु उन लोगों के सपनों को साकार करने के लिए जिन्हें अच्छा व सस्ता घर चाहिये 7060 करोड़ रूपये का प्रावधान इस वित्त वर्ष में रखा है और 4000 करोड़ रूपए अलग से इस वित्त वर्ष के लिए प्रस्तावित हैं। इस स्कीम में 2022 तक हर व्यक्ति का अपना घर

---

* Speech was laid on the Table

होगा। इस बात से साफ जाहिर होता है कि यह सरकार कितनी दूरदृष्टि रखती है परंतु यहां पर यह कहने से भी मैं संकोच नहीं करूँगा कि इस बढ़ती आबादी पर रोक लगाने के लिए चीन की तरह कोई ठोस कानून नहीं लाया जायेगा तब तक हम इस समस्या को सुलझा नहीं पायेंगे।

मैं इस महान सदन को बताना चाहता हूँ कि जिस प्रकार से पूर्व प्रधानमंत्री माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी के समय से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत जिन दूरगामी क्षेत्रों में विकास को गति मिली थी। पिछली सरकार ने इस ओर 10 प्रतिशत भी काम न करके उन लोगों को तो हताश-निराश किया ही है, परंतु वहां से फल-सब्जियां इत्यादि जो उपलब्ध हो सकती थी, जिससे कि बाज़ार भाव संतुलित हो सकता था, उससे देश महरूम रहा और विकास ठप हुआ। आज इस सरकार ने पुनः इस योजना को आगे बढ़ाते हुए 14000 करोड़ रूपये का प्रावधान सड़कों के लिए और दूर-दराज़ के क्षेत्रों के विकास और आवास के लिए 8000 करोड़ रूपए का प्रावधान कर अपनी गंभीरता जताई है। जहां मैं बजट का समर्थन करता हूँ वही वित्त मंत्री जी का भी धन्यवाद करता हूँ।

आज़ादी के 67 वर्ष के पश्चात् भी देश स्वच्छ पानी से वंचित है। यह भला किसका कसूर है। यह कसूर उनका है, जिन्होंने इस देश पर लंबे समय तक राज किया हो, परंतु यह सरकार कटिबद्ध है 20000 बसावटों पर 3600 करोड़ रूपये खर्च कर हर व्यक्ति को स्वच्छ पानी उपलब्ध कराने का काम करेगी।

दुनिया के किसी भी देश की तरक्की और विकास का आंकलन अगर होता है तो उस देश की बिजली आपूर्ति से आंका जाता है। मुझसे एक बार जर्मनी दौरे में एक जेपनीज ने पूछा कि आपके देश में बिजली कितने घण्टे मिलती है तो मेंने कहा एवरेज 8 घण्टे तो उसका जबाव था कि आपका देश दुनिया की दौड़ में हर रोज़ 16 घण्टे पीछे रह जाता है। इस कमी को दूर करने के लिए हम निम्नलिखित कदम उठा सकते हैं-

क. आज हमें सुदूर क्षेत्रों से थर्मल प्लांट तक कोयला ढुलाई के लिए रेलवे का अत्यधिक इस्तेमाल करना पड़ता है, इसके विपरीत इस सारे खर्च को बचाने के लिए हम थर्मल प्लांट कोयला खदानों के पास लगाए और बिजली का ट्रांसमिशन पूरे देश में करें।

ख. हमारे पास दुनया भर का पानी फ्री में हिमाचल/उत्तरखण्ड/जम्मू कश्मीर और अन्य पर्वतीय राज्यों से समुद्र में जा रहा है। हम पूरे बजट को समेट कर सबसे पहले बजट का एक बड़े हिस्से से एक-एक किलोमीटर की दूरी पर बिजली घर बनाकर बिजली पैदा करना चाहते हैं, जहां से असंख्य लोगों को रोज़गार के अवसर प्राप्त होंगे। इसके लिए वित्त मंत्री जी ने दीनदयाल उपाध्याय ज्योति ग्राम योजना के तहत 24 घण्टे 7 दिन बिजली आपूर्ति हेतु 500 करोड़ रूपये का अलग से प्रावधान कर एक आशा की किरण जगाई है।

आज शिक्षा और स्वास्थ्य की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूँ। सरकारी स्कूलों व अस्पतालों की बजाए आज प्राइवेट स्कूल और अस्पताल पर जनता का ज्यादा विश्वास स्थानांतरित हो चुका है। इसका मूल कारण पिछली सरकारों ने तन्ख्वाहे तो दी पर सेवाओं की बजाए हड़तालों और भ्रष्टाचार को जन्म दिया। यदि कोई पूछने वाला होता तो देश का ये हाल न होता। अभी तक लाख रूपये पाने वाला कर्मचारी हड़ताल कर देता है, परंतु 10000 रूपये प्राइवेट सेक्टर में तन्ख्वाह पाने वाला 12 घण्टे काम करने के पश्चात् भी उफ तक नहीं करता। हम प्राईवेट सेक्टर और सरकारी सेक्टर की विषमता को नज़दीक लाए। हमारे वित्त मंत्री जी ने जहां एक और एम्स तथा शिक्षण संस्थान खोलने के लिए बजट में प्रावधान रखा है वहीं दूसरी और भ्रष्टाचार रोकने और क्वालिटी सेवाएं प्राप्त करने के लिए चैक व निरीक्षण का भी प्रावधान किया है।

ई-वीजा के माध्यम से जहां बड़े-बड़े हवाई अड्डे बनाकर पर्यटन के माध्यम से रोज़गार देने का प्रावधान है। वहीं हमारे देशा की संस्कृति व सभ्यता की पहचान कुरूभूमि कुरूक्षेत्र जहां पर प्राचीनकाल में महाभारत का युद्ध हुआ था व जहां पर प्राचीन विलुप्त हुई सरस्वती नदी के जीर्णोद्धार के लिए इसे भारत के मानचित्र पर एक विशेष पर्यटन स्थल बनाने के लिए माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्रभाई मोदी जी ने 3 अप्रैल, 2014 को विजय दिवस रैली के दौरान यहां पर इंटरनेशनल हवाई अड्डा बनाने व रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण की घोषणा की थी व इसके साथ-साथ कुरूक्षेत्र से यमुनानगर तक नई रेलवे लाईन भी आवश्यक है। इन सभी कार्यों के लिए वित्त मंत्री जी ने इस बजट में लगभग 4000 करोड़ रूपए का प्रावधान है।

अंत में, मैं इस महान सदन को बताना चाहता हूँ कि जहां पर 40 दिन में महंगाई रोकने पर चर्चा हुई, वहां पर कपड़ा जो 30 रूपये मीटर था वह 300 रूपये मीटर बिक जाए तो चर्चा नहीं होती। दवाई किस भाव बिके चर्चा नहीं होती। अगर चर्चा होती है तो आलू, टमाटर और प्याज पर।

यह सरकार सब्जियों के प्रति हर रोज़ के ऊँचे-नीचे भावों के कारण कभी आलू गाड़ियों के नीचे कुचले जाते हैं और कभी टमाटर सड़को पर फेंके जाते है। इस समस्या को भंडारणो व कोल्ड स्टोरों के माध्यम से हरी सब्जियों के दाम फसल कम-ज्यादा होने से भाव प्रभावित न हो, इसके लिए 5000 करोड़ रूपये का प्रावधान इस वित्त वर्ष में कर इस सरकार ने अपनी गंभीरता का परिचय दिया है। इसलिए मैं इस प्रगतिशील बजट का पुरज़ोर समर्थन करता हूँ।

***श्री हंसराज गंगाराम अहीर (चन्द्रपुर)-** माननीय वित्त मंत्री अरूण जेटली जी द्वारा पेश किये गये बजट 2014-15 का समर्थन करता हूँ।

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के सक्षम नेतृत्व में वित्त मंत्री द्वारा पेश किया गया पहला बजट देश को विकास के पथ पर अग्रसर करने वाला तथा लोगों की अपेक्षाओं की पूर्ति करने वाला है। देश का विकास सुनिश्चित करने के लिए आर्थिक बाध्यता होते हुए भी जनाभिमुख बजट देकर चुनावी वायदों की पूर्ति करने की आकांक्षा जगाने वाला और सभी क्षेत्रों को आश्वस्त करने वाला बजट देने के लिए मैं माननीय वित्त मंत्री जी का अभिनंदन करता हूँ।

पिछले कई वर्षों से मध्यम वर्ग तथा नौकरीपेशा लोगों की व्यक्तिगत आयकर मुक्त सीमा में बढ़ोतरी कराने की अपेक्षा पूर्ण हो गई है। आयकर मुक्त सीमा दो लाख 2.5 लाख तथा वरिष्ठ नागरिकों के लिए 3 लाख करने से उन्हें राहत मिलेगी। इसी तरह गृह ऋण कटौती सीमा 1.5 से 2.00 लाख करने से भारी बचत होगी। भविष्य निर्वाह निधि में निवेश की सीमा एक लाख से डेढ़ लाख करने से भी फायदा होगा।

हमारे प्रधानमंत्री जी ने कृषि क्षेत्र को प्राथमिकता देने की बात कही है। बजट में ग्रामीण अवसंरचना विकास के लिए नाबार्ड के द्वारा 25 हज़ार करोड़ रूपये के आबंटन में 5 हज़ार करोड़ रूपये की बढ़ोतरी, किसानों के सुरक्षित भंडारण हेतु 5000 करोड़ रूपये की राशि किसानों को प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के प्रशिक्षण, जानकारी हेतु किसान टी.वी., ग्रामीण क्षेत्रों में शहरी सुविधा के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन, ग्रामीण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति के लिए दीनदयाल उपाध्याय ग्राम जीवन ज्योति योजना, मनरेगा को कृषि से जोड़ना, ग्रामीण क्षेत्र में सड़क संपर्क को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की राशि में बढ़ोतरी, ग्रामीण क्षेत्र में आवास उपलब्धता के लिए आवास बैंक, कृषि क्षेत्र में ऋण प्रवाह बढ़ाने के लिए 8 लाख करोड़ रूपये की भारी धनराशि, जल संवर्द्धन के लिए नया निरांचल कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के द्वारा कृषि तथा किसानों को विकास के बड़े अवसर सुलभ कराये गये हैं।

मैं वित्त मंत्री को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने देश में नये चार एम्स की घोषणा में विदर्भ में भी एक एम्स देने की घोषणा की है। इससे विदर्भ में अत्याधुनिक स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध हो सकेंगी। इसी तरह स्वास्थ्य सेवा को कारगर कराने के लिए 12 नये मेडिकल कॉलेज भी फायदेमंद साबित हो सकते हैं। इस सरकार ने देश के ग्रामीण तथा छोटे शहरों में बेरोज़गारी कम करने के लिए और कौशल विकास के लिए परंपरागत व्यवसायी, जिन्हें हम बारा बलूतेदार भी कहते हैं। ऐसे कुम्हार, चर्मकार, लौहार, सुनार, बढ़ई, राजमिस्त्री, दर्जी आदि के रोज़गार संवर्द्धन एवं अत्याधुनिकरण के लिए 10,000 करोड़ की राशि आवंटित

* Speech was laid on the Table

करने के लिए मैं माननीय वित्त मंत्री का अभिनंदन करता हूं। यह नया प्रयास देश में बेरोज़गारी खत्म करने में सहायक होगा, ऐसा मेरा विश्वास है।

बजट में सभी क्षेत्रों की तरफ ध्यान देने को कोशिश की गई, लेकिन जो असंगठित क्षेत्र के संविदा कामगार जिसे हम कान्ट्रेक्ट लेबर कहते हैं, उनकी सुरक्षा तथा हित रक्षण के लिए कान्ट्रेक्ट लेबर एबोलिएशन एक्ट 1970 में उचित संशोधन कर उन्हें राहत देने की पहल सरकार को करने का मैं आग्रह करता हूं। इसी तरह सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां विशेषकर कोल इंडिया, सेल जैसे सार्वजनिक उपक्रमों में बड़े पैमाने पर कामगारो की कटौती की जा रही है, इससे बेरोज़गारी को बढ़ावा मिल सकता है। इस पर ध्यान देकर कामगार कटौती न हो, इसके लिए भी सरकार को कार्रवाई करनी पड़ेगी। सरकार ने सार्वजनिक उपक्रमों के अधिकारियों द्वारा पी.आर.एस. के नाम पर स्वयं ही भारी भत्तों का निर्धारण करने से इन सार्वजनिक उपक्रमों की अप्रत्यक्ष लूट हो रही है। वेतन के अतिरिक्त मनमाने भत्तों के कारण पी.एस.यू. की आर्थिक हानि की तरफ सरकार का ध्यान आकर्षित कर इस पर लगाम लगाने के लिए तत्काल उचित कार्रवाई करने का अनुरोध करता हूं। इसी तरह प्रधानमंत्री सिंचाई परियोजना की घोषणा का स्वागत करते हुए एक सुझाव देना चाहता हूं। देश में सिंचाई की विषमता खत्म करने के लिए सिंचाई पर किसानों का अधिकार होने के लिए इसे कानून में परिवर्तित करना चाहिये। इससे किसानों को सुनिश्चित लाभ हो सकता है। सरकार इस पर अवश्य विचार करें।

देश में सरकार द्वारा किसान आत्महत्या प्रवण जिलों को चिन्हित किया गया है। मेरे निर्वाचन क्षेत्र का यवतमाल जिला उसी श्रेणी में आता है। इसलिए यवतमाल जिले के साथ विदर्भ के किसानों के लिए एक विशेष आर्थिक पैकेज देना होगा। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा इस क्षेत्र के दाभोड़ी गांव में स्वयं दौरा कर स्थिति की भयावहता देखी है। इसलिए यहां पर सिंचाई, बिजली, सड़क, कृषि उत्पाद खरीद केन्द्र, प्रत्येक परिवारों को मकान, दूध, बकरी और कुक्कुटपालन जैसे स्वरोज़गार उपलब्ध कराने का प्रयास किसा जाना चाहिए। मैं सरकार से अपेक्षा करता हूं कि बजट में इसका ध्यान रखा जायेगा।

आजकल रियल इस्टेट में निवेश काफी बढ़ गया है, धनवान लोग ग्रामीण तथा छोटे शहरों में भूमि खरीद कर इस्टेट निवेश के तौर पर रखने के कारण भारी भूमि खाली पड़ी है, इसका संज्ञान लेकर अप्रयुक्त भूमि को वापस लेकर भूमिहीन किसानों को देने के लिए सरकार द्वारा पहल की जानी चाहिए1 पिछली सरकार के कार्यकाल में 1 लाख 86 हज़ार करोड़ रूपये का कोल घोटाला उज़ागर हुआ। अनियमित आवंटन के कारण राजस्व के भारी नुकसान को देखते हुए आवंटित सभी कोल ब्लॉकों का आवंटन तत्काल रद्द कर इसे नीलामी, बोली के द्वारा तथा कोल इंडिया को कोल उत्खनन के लिए देने का निर्णय सरकार को लेने के लिए तत्काल कदम उठाने का अनुरोध करता हूं।

कोल क्षेत्र में अवैध खनन का प्रचलन बढ़ रहा है तथा कोल की कमी तथा आपूर्ति में कठिनाई को देखते हुए कोयले को पुनः जीवनावश्यक कानून (ई.सी. एक्ट) में शामिल करने का अनुरोध करता हूं। देश में बिजली उत्पादन संयंत्रों के द्वारा क्षमता से कम बिजली निर्माण करने से बिजली की कमी हो रही है। बिजली उत्पादन संयंत्रों का प्रबंधन कड़ा करे तथा सरकार इन बिजली उत्पादन संयंत्रों को अपनी क्षमता का कम से कम 90 फीसदी उत्पादन अनिवार्य करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करें या कानूनी बाध्यता बनाने के लिए उचित कदम उठाये।

विदर्भ में किसान कपास का भारी उत्पादन करते है, लेकिन वहां पर कपास प्रसंस्करण इकाईयां बहुत कम है। इससे किसानों को उचित दाम तथा रोज़गार प्राप्त नहीं हो रहे, इसलिए विदर्भ के पास उत्पादक क्षेत्र में टेक्सटाइल पार्क बनाने के लिए सरकार द्वारा पहल करने के लिए मैं माननीय वित्त मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करता हूं। वन बहुल क्षेत्रों में वनों की अधिकता के कारण यहां पर विकास की परियोजनाओं के कार्यान्वयन में भारी तकलीफ होती है। परियोजनाओं के वर्षों से लंबित रहने के कारण उनका लागत मूल्य ही बढ़ता है, इसलिए पुराने वन संबंधी कानूनों को कालसंगत तथा वन क्षेत्रों में रहने वालों को हितकारी बनाया जाना चाहिए। इसलिए सरकार से वन संवर्द्धन कानून 1980 तथा 1927 में उपयुक्त संशोधन करने का अनुरोध करता हूं। इसी तरह पर्यावरण प्रदूषण पर नई गाइडलाईन बनाने के लिए भी सरकार को आगे आना पड़ेगा। पर्यावरण का संतुलन कायम रखने के लिए अब प्रदूषणमुक्त ऊर्जा की संकल्पना को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इसलिए सोलर, पवन तथा हाइड्रो ऊर्जा का अधिक उपयोग किया जाना चाहिए। सरकार इसे प्राथमिकता देने के लिए राज्य सरकारों को भी दिशा-निर्देश जारी करें।

सरकार ने बजट पेश करते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई, अंतरिक्ष, सरक्षण, संशोधन तथा नये प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल के लिए सार्थक पहल की है। देश के सभी क्षेत्रों का ध्यान रखकर किये गये विभिन्न प्रावधानों से बजट का दूरगामी असर होगा। बजट में किये गये प्रावधानों में लोगों को राहत मिलने से देश एक नये विकास के पथ पर सतत अग्रसर रहेगा,यह विश्वास दिखाई दे रहा है। मैं बजट का समर्थन कर वित्त मंत्री जी को हार्दिक बधाई देकर उनका अभिनंदन करता हूं।

*SHRI LADU KISHORE SWAIN (ASKA): I represent a rural parliamentary constituency, namely Aska of the state of Odisha. On behalf of the people of the state of Odisha in general and people of the Aska Parliamentary constituency in particular, I would like to draw the attention of the Honourable Finance Minister on the following few concerns.

Odisha has been demanding for the review of royalty on minerals, which was due since last couple of years. In the Budget Speech, an assurance was given by the Finance Minister to this august House that the royalty on minerals will be reviewed soon. This is certainly a welcome step. The revision of the royalty on minerals would certainly benefit the mineral rich states and I am sure that Odisha will get its due share.

The proposal of linking rivers is also a welcome step and I would like to draw the attention of the Minister to consider the proposal of linking two rivers i.e. Bansadhara and Rushikulya for the larger benefit of the people of Odisha in general and farmers of my parliamentary constituency. This proposed river linking project will be a win-win situation. It will help farmers of the Ganjam District, a southern district of the state of Odisha, with adequate water for irrigation and grow cereals and horticulture crops. Given the vagaries of nature, assured irrigation for cultivation will be an added advantage for the farmers, which will not only address the concern of migration but also enhance the income of the farming community with a sustained base for their livelihood.

You might be aware that flood in Bansadhara has been a common feature every year in Gajapati district. Since there is no permanent flood control provision in Bansadhara, the people in the riverside villages of Bansadhara always live in fear when rainy season comes. If these two rivers are linked, water can easily be diverted to Rushikulya and stored for irrigation during the summer. This will also address the concern of drinking water crisis in major towns of Ganjam district. This is to inform you that acquiring land for said purpose will not be an issue.

* Speech was laid on the Table.

Further, I would like to congratulate the announcement of the construction of 8500 km of National Highway in the current financial year by the Finance Minister.

There is an urgent need for renovating two existing irrigation projects, which have been there since pre-Independence period, namely Bhanjanagar and Rushikulya Medium Irrigation project and are in my parliamentary constituency. For this, appropriate budgetary provisions for de-silting may be considered. Further, once the proposed river linking is worked out, water can be stored in these two irrigation projects.

Honourable Finance Minister in his budget speech mentioned that there is a need to provide assured irrigation to mitigate risk. To improve access to irrigation the proposal to initiate the Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana, with a sum of Rs. 1000 crore, is definitely a welcome step. However, the resource requirement would be much more than what was proposed in the budget 2014-15, looking at our agro-climatic conditions and dependence of the farming community of dryland / rainfed agriculture.

In this regard, I would like to take this opportunity to share my concern to take up and renovate the existing medium irrigation project in my constituency, namely Dhanai irrigation project. The catchment area of the said project is yet to be utilized. Hence, by raising the embankment, adequate water can be stored and can be used for irrigation purposes. Grants from Pradhan Mantri Krishi Sinchayee Yojana may kindly be considered for this purpose.

Sir, our sentiments, our tradition and our civilization are very much attached with the great Himalayas. The majestic, magnanimous and magnificent Himalayas has been enticing the people across the world since its birth. The great Himalayas was originated by the collision of two continental tectonic plates. It runs, west-northwest to east-southeast, in an arc of 2,400 kilometres. Its western anchor is Nanga Parbat and its eastern anchor is Namcha Barwa. The range varies in width from 400 kilometres in the west to 150 kilometres in the east.

It is a matter of great pride for us that the Himalayas have the third largest deposit of ice and snow in the world, after Antarctica and the Arctic. The Himalayan range consists of 15,000 glaciers. We are all concerned of conserving our wealth of glaciers because in the wake of global warming, the glaciers have been receding much to the consternation. It is not only alarming for the Indian people but for the South Asian people because the Himalayan glaciers are used to provide water to them. They are the lifeline of people of Indian sub-continent.

So, it is an urgent need to preserve our glaciers from being further receded. Indian Himalayan region is a range that spans ten States of India. Three major geographical entities that we know along the Himalayan range are the Himadri, Himanchal and the Siwaliks. Multiple ethnic compositions are the striking features of the Region. More than 170 of the 701 Scheduled Tribes of India inhabit in the Indian Himalayan Region.

Sir, the Region is known as a ‘water tower of the earth’. Approximately, 10 to 20 per cent of the area is covered by glaciers while 30 to 40 per cent remains under seasonal snow cover. Despite the vast water resources (1,200,000 million

metre cubic annual flow of the Himalayan rivers) trends such as diminishing regulatory effects of glaciers, streams and rivers are gradually occurring in the Region. This Region has a total geographical area of about 5,30,795 square kilometres inhabited by nearly four crore people, representing 16.16 per cent of the total area and nearly four per cent of the total population of our country. The literacy rate of the Indian Himalayan Region is about 67 per cent. It is good that it is marginally higher than the national average of 65.4 recorded in the 2001 census. Its forest inherents phenomenal biodiversity that is used to meet the diverse needs of the people.

Sir, 65 per cent of the geographical area is under forest representing one-third of the total forest cover, and 46 per cent of the very good forest cover in the country. Thirteen peaks surpassing 7,000 metres in elevation plays a strategic role in safeguarding the entire northern boundary of our country.

The Himalayas with its vast green cover acts as 'sink' also for carbon di-oxide. In the age of global warming, the word 'sink', carbon sequestrations have become a very familiar name. The Himalayas with its vast green cover acts as 'sink' for carbon di-oxide. Estimates of annual carbon sequestration by the forests of western and north-eastern Himalayas are computed to 6.49 Mt, that values to 843 million US dollars. This is one of the important ecosystem services being performed by the Himalayan forests.

The people of the Indian Himalayan Region are still the victim of poverty and misery. Their livelihood basically depends upon the natural resources, forestry, livestock, etc. The continually growing population depend upon finite resources. We know that the resources could always be termed as 'finite' but the demand has been growing exponentially over the years because population has been growing. Naturally, in commensurate with the growth of population, demands are also rising but the resources are finite. So, what is the way-out? The way-out is that we have to innovate, we have to modernize the Himalayan farming; we have to make productivity of the Himalayan farming harness and

furthermore rich biological and cultural resources in this Region which is still under-developed. Present trends of environmental health suggest that existing interventions are unsustainable.

Sir, it is very much witnessed that the development in the Himalayan Range has become a nemesis for the common people because the development has not been made in a sustainable manner. As a result, we had witnesses the horrific incidents of Uttrakhand episode. Still, the horror has been haunting our memory. That is why we ought to be very much careful and cautious.

In the year 2011, we had witnessed the severe earthquake occurred in Sikkim. Himalayan Range is known to be very fragile and vulnerable. That is why Himalayan Range needs some sorts of specifications in all its activities.

Therefore, a dedicated agency for the entire Indian Himalayan Range is a pre-requisite. In consultation with all the Himalayan States, the Government should come forward with a holistic approach for the development of entire Himalayan Region.

Sir, the inherent fragility of the mountains as well as the increased vulnerability of the Himalaya to human-induced environmental impacts make people live in the shadow of fears of natural hazards. Accelerated soil erosion and increased silting of water bodies, drying up of springs, replacement and disappearance of species and increased ratio of energy expended in fodder, fuel collection and agricultural activity that increase drudgery of the womenfolk, are some of the tell-tale symptoms of environmental ill-health.

Sir, nature does not brook any kind of unceremonious infringement upon it. In the name of civilisation, we have destroyed the pristine environment of great Himalayas, as a result of which we have been inflicted by the fury of Himalayas, which culminated in the devastation and destruction of lives and properties.

Sir, the Uttrakhand episode should be treated as a red signal for any future development in the entire Himalayan Region. In this regard, a Task Force was already constituted to have a long-term policy on the Indian Himalayan Region.

That Task Force had recommended that the balance between natural resources exploitation and conservation should tilt in favour of the latter. Zones must be identified for appropriate activities such as zones of snow, Alpine, Sub-Alpine areas and sacred landscapes to be protected at any cost. All natural water zones must be strictly protected. Spring Sanctuaries must be harboured. Forest zones should be conserved and augmented for environmental services and biodiversity values.

**16.00hrs**

Zones of fertile river valleys at lower altitudes should be utilized for maximizing agricultural production but conversion of agricultural land to other uses in such zones should not be allowed.

River zones for decentralized electricity production should be earmarked to meet the household and small industrial power requirements.

In zones for habitation, especially of urban spaces, no construction should be undertaken in areas having slope above 30 degree or areas which fall in hazardous zones or areas falling on spring and aquifer lines.

Zones for industry should only be in non-fragile areas and include only those activities favourable to mountain condition.

Further, the Task Force recommends two loop railway lines – one for the Western Himalayan region connecting Jammu and Kashmir, Himachal Pradesh and Uttarakhand, and the other for the North-Eastern Region.

I would propose that this Government should celebrate a Himalayan Day to the dedication of Himalaya because Himalaya is our pride; Himalaya acts as a barrier to save us from any incursion; and Himalaya also helps us in having bountiful for monsoon. So, Himalaya is our life and blood. इसलिए मैं चाहता हूं कि हिन्दुस्तान की सरकार हिमालय के बारे में बड़े ध्यान से सोचे। धर्म की बात, जिसके बारे में हुक्मदेव नारायण यादव जी कह रहे थे, धर्म से बाहर हम कोई नहीं हैं। विवेकानन्द जी का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि

विवेकानन्द जी ने कहा है- गर्व से कहो हम हिन्दू हैं। विवेकानन्द जी ने यह भी कहा है- हिन्दू धर्म सत्य है और उसके साथ-साथ दुनिया के सभी धर्म सत्य हैं। यह भी हमें मानना पड़ेगा।

**श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) :** सभापति महोदय, मैं आपका धन्यवाद करता हूं। मैं आदरणीय डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक जी के संकल्प का समर्थन करने के लिए यहां खड़ा हुआ हूं।

हमारे माननीय सदस्य हुक्मदेव नारायण यादव जी ने अपनी बात जो यहां कही है, मैं उनके उस विचार से सिद्धांततः अपने आपको संबद्ध करता हूं। मुझे एक तीर्थयात्री की तरह जब हिमालय पर जाने का मौका मिला, तब शायद मैं उतनी गम्भीरता से उन बिंदुओं पर नहीं सोच पाया जो वास्तव में पिछले चार सालों में जब मजदूरों के क्षेत्र में काम करने का अवसर मिला, तब मैंने उस पर जरूर विचार किया।

**<u>16.03 hrs</u>** (Shri Hukum Singh *in the Chair)*

मैं पूरी जिम्मेदारी के साथ इस बात को मानता हूं कि हिमालय सिर्फ हमारे लिए बैरियर नहीं है, वह हमारा संरक्षक दाता है। इस देश की संस्कृति हो, इस देश की सुरक्षा हो, इन सब के लिए अगर कहीं कोई सबसे बड़ा आधार है तो वह हिमालय है, चाहे जल मिले, जंगल मिले, जैव विविधता मिले, जीव विविधता मिले, पौध भिन्नता मिले, हम न जाने कितनी बातें कह सकते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि सबसे बड़ी समस्या जिस कारण से निशंक जी इस संकल्प को लेकर आए हैं, इतने सारे विभाग हैं, जिनको एक स्थान पर इकट्ठा करना मुश्किल काम है। हम लोग जब असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की बात कर रहे थे तो जो रिपोर्ट भारतीय जनता मजदूर मोर्चे के सहयोगियों ने बनायी और डॉ. दिधारी ने वह रिपोर्ट रखी थी, वह उत्तराखण्ड के रहने वाले हैं। उन्होंने एक आंकड़ा दिया कि पूरे पहाड़ से, जम्मू-कश्मीर की भेड़ों को छोड़ दें तो दूध देने वाले प्रजाति के पशु लगभग समाप्ति की तरफ हैं। यह इतना बड़ा असंतुलन है और इसके पीछे कारण यह है कि वहा खेती की जोत कम है, खेत छोटे हैं, खेती चार महीने से ज्यादा नहीं होती है। साढ़े सात महीने पशुओं को चराने और रखने का कोई प्रबंध नहीं है और उस कारण से मनुष्य और पशुओं के बीच में जो असंतुलन पैदा हुआ है, वह ऊर्जा का बड़ा असंतुलन है, उसने जंगलों का भी नुकसान किया है, उसने पहाड़ों का भी नुकसान किया है, उसने हमारे ग्लेशियर्स का भी नुकसान किया है। यह खेती से जुड़ा हुआ सवाल है। कृषि मंत्री कितना उस पर विचार कर पाएंगे, मुझे नहीं पता। जहां तक मजदूरों का सवाल है। वहां के मजदूरों की समस्याएं अलग हैं। खेती होती है तो खेत का मजदूर हो सकता है।

मैंने परसों जम्मू-कश्मीर की यह बात उठायी थी कि जिन्हें कार्बन क्रेडिट मिलना चाहिए, उन पर टैक्स लग रहा है। वे ईंधन नहीं लगाते, वे पेट्रोल-डीज़ल खर्च नहीं करते, वे अपने परिश्रम से, प्रकृति को बिना नुकसान पहुंचाए पहाड़ के बीच अपना जीवन-यापन कर रहे हैं। उन्हें तो कार्बन क्रेडिट मिलना चाहिए। कार्बन क्रेडिट तो छोड़ दीजिए, उन्हें इस बात की सजा मिल रही है। जो जंगल बचाने का काम कर रहा है, जो देश को बचाने का काम कर रहा है, उसे सजा दी जा रही है, उसे पारितोषिक नहीं मिल रहा है।

इसलिए मुझे लगता है कि चाहे वह एग्रीकल्वर सेक्टर हो, चाहे वह श्रम मंत्रालय हो, चाहे वह सुरक्षा का क्षेत्र हो, इस पर ध्यान देना चाहिए।

तीसरी बात मैं सदन के भीतर यह कहना चाह रहा हूं कि डॉ. जोशी एक समय सदन में साइंस और टेक्नोलॉजी के मंत्री थे। उस समय मेरा एक प्रश्न था। मैंने पूछा था कि हिमालय ग्लेशियर मूव कर रहा है। विज्ञान के जितने भी अनुसंधानकर्ता हैं, वे इस बात को मानते हैं कि हिमालय ग्लेशियर अपने स्थान को धीरे-धीरे छोड़ रहा है। इसकी गति क्या है, इस पर मतभेद हो सकता है। मैंने इसी सदन के भीतर प्रश्न किया था कि चाहे हिमालय ग्लेशियर दक्षिण से उत्तर की तरफ या उत्तर से दक्षिण की तरफ या पूर्व से पश्चिम की तरफ या पश्चिम से पूर्व की तरफ जाए, क्या जलवायु के परिवर्तन में उसकी हिस्सेदारी होगी? आदरणीय सभापति महोदय, आज तक उसका जवाब नहीं है। हमें इस देश को बचाए रखना है तो हमें इन ग्लेशियरों की गतिविधियों पर पूरी गंभीरता के साथ नज़र रखनी पड़ेगी। यह बात मैं इसलिए कह रहा हूं कि इसके लिए एक अलग मंत्रालय है। मैं जियोलॉजी का स्टूडेन्ट हूं और मैं मानता हूं कि ग्लेशियर के मूवमेंट की दिशा अगर उत्तर से दक्षिण होगी तो उसके जलवायु के प्रभाव अलग होंगे। अगर इसकी दिशा दक्षिण से पूर्व की तरफ होगी, चीन के तरफ होगी तो निश्चित रूप से वह भारत की जलवायु को अलग तरह से प्रभावित करेगा। अगर वह ग्लेशियर हमारे अफ़गान की पर्वत श्रृंखला की तरफ मूव करेगा, चाहे उसकी गति कितनी ही धीमी हो, तो उसके अलग दुष्परिणाम होंगे। अगर वह पूर्व की तरफ मूव करता है तो जो पूर्व के हमारे पहाड़ी राज्य हैं, उनकी जलवायु में भी ऐसे परिवर्तन आएंगे, जिनके बारे में हमें सदन में बैठ कर विचार करना चाहिए। लेकिन मुझे लगता है कि इसका मंत्रालय अलग है।

जब कभी हम वन और पर्यावरण की बात करते हैं तो मैं उसमें भी खासकर बायो डायवर्सिटी की बात करता हूं। मैं नर्मदा के क्षेत्र से आता हूं। वहां पर बायो डायवर्सिटी अलग है। वहां पर ग्लेशियर से नर्मदा नहीं निकलती है। नर्मदा एक सूखे पहाड़ से निकलती है जहां हम देश की सबसे ज्यादा बायो डायवर्सिटी रखते हैं। जैसा कि हुक्मदेव नारायण यादव जी कह रहे थे, हमारी सांस्कृतिक विरासत कितनी धनी है, अपने आप में कितनी भरी-पूरी है। मैं नर्मदा का परिक्रमावासी हूं। मेरी परिक्रमा तब पूर्ण मानी जाएगी जब मैं नर्मदा की परिक्रमा पूरी कर लूंगा, ओंकारेश्वर में जो बीच में टापू पर शिवलिंग है, उस पर जल चढ़ाऊंगा, उसके बाद मैं रामेश्वरम् जाऊंगा और वहां से फिर जल लूंगा और जब केदारनाथ में अपना जल चढ़ा दूंगा, तब मेरी परिक्रमा पूरी होगी।

महोदय, मुझे लगता है कि हमारी एकरूपता के बारे में जब कोई हमें सांप्रदायिक कहता है तो उसे जवाब मिलना चाहिए कि हिमालय के प्रति हमारा सम्मान क्या है। मैं विभागों को भी कहता हूं, चाहे श्रम विभाग हो, कृषि विभाग हो, साइंस एण्ड टेक्नोलॉजी हो, फॉरेस्ट एण्ड इनवायरनमेंट हो, चाहे हमारा सुरक्षा

विभाग हो, ये सारे के सारे जान लें, चाहे हम कश्मीर से लेकर नॉर्थ ईस्ट तक जाएं, पूरे हिमालय में सुरक्षा का संकट है। यह बात सच है। वहां पर जो लोग रह रहे हैं, वे हमारे देश को बचाने के लिए क्या-क्या कीमत चुका रहे हैं? क्या उन्हें इस बात की सजा दी जा रही है या उस बात के लिए उन्हें पारितोषिक दिया जा रहा है? हमें इस बात की वेदना है। जब हम पहाड़ों के बीच जाते हैं तो इस बात का दर्द उभरता है।

अभी बीच में सैलाब आए। चाहे वे भूकंप के कारण आए हों, चाहे केदारनाथ की घाटी में धसक के कारण आए हों, पर मुझे लगता है कि उस दृष्टि से जो काम होना चाहिए, वह काम वहां पर नहीं है। सरकार ने कहा है कि हम पहाड़ी इलाकों में मक़ान बनाने के लिए 90% और 10% का अनुपात रख देंगे। मुझे यह लगता है और मैं बड़ी विनम्रता के साथ कहूंगा कि हमें राज्यों की भौगोलिक सीमा से हटकर इस पूरे ग्लेशियर के आस-पास के हिस्सों को, इस भूगोल को फिर से एक बार चिन्हित करना चाहिए। उस पूरी जलवायु का, उन सभी परिवर्तनों का असर जिन लोगों पर पड़ रहा है, उनके बारे में विचार करना चाहिए।

महोदय, मैं इस अवसर पर इतना ही कहूंगा कि कम से कम इस प्रस्ताव को, सरकार जिस दृष्टि से लेगी, मैं सिर्फ यह नहीं मानता कि मंत्रालय बनेगा और उन बातों पर विचार करके कोई अलग-से व्यवस्था बनेगी। लेकिन समग्र रूप से सोचना, सारी समस्याओं का समाधान एक जगह खोजना, मैं मानता हूं कि इसे जरूर करना चाहिए

महोदय, हमारे पहाड़ी राज्यों में 90 फीसदी महिलाएं खेतों में काम करती हैं। मुझे लगता है कि चाहे वह चाय बागान हो, चाहे वह हिमाचल हो, उत्तराखंड हो, जहां पर इतनी बड़ी संख्या में मातृशक्ति काम करती हो, उसके बारे में कभी अलग से कोई ध्यान न जाए, मैं समझता हूं कि यह भी कहीं न कहीं सोचने का विषय है। मजदूरों के क्षेत्रों में काम करते समय ऐसे दो-तीन क्षेत्र मेरे सामने आए, जहां नब्बे फीसदी से ज्यादा महिलायें काम करती हैं। उसका इससे संबंध नहीं होगा, लेकिन मैं इसलिए कहना चाहता हूं, जैसे बीड़ी का क्षेत्र है, चाहे वह पहाड़ी महिला श्रमिक है, चाहे चाय बागान हो, ये तीन ऐसे क्षेत्र हैं, जिसमें दो पहाड़ी क्षेत्र हैं, उनमें नब्बे फीसदी से ज्यादा महिलायें काम करती हैं। मुझे लगता है कि सबसे कम वेज अगर हिंदुस्तान की धरती पर कहीं मिलता है तो इन तीन क्षेत्रों में मिलता है और इनमें से दो पहाड़ के क्षेत्र हैं।

मुझे लगता है कि इन तमाम मंत्रालयों के विवाद में पड़ना, उनका समन्वय कैसे बैठेगा, यह पहाड़ की समस्याओं के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इसलिए मैं मानता हूं कि जो निशंक जी ने अपनी भावना व्यक्त की है, मैं उन भावनाओं से अपने आपको सम्बद्ध करता हूं। चाहे वह जम्मू-कश्मीर हो, हिमाचल प्रदेश हो, उत्तराखंड हो, चाहे पूरा पूर्वांचल हो, मुझे मजदूरों के बीच में काम करने के कारण इन राज्यों में जाने

का अवसर मिला और इसलिए मुझे लगता है कि इन पर जरूर पूरी संवेदनशीलता के साथ सदन और सरकार विचार करेगी। मैं फिर से उनकी बात का समर्थन करता हूं और आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद करता हूं।

SHRI B. VINOD KUMAR (KARIMNAGAR): Hon. Chairman, Sir, on behalf of myself and on behalf of my party, Telangana Rashtriya Samiti, I support the resolution moved by our good friend, Dr. Ramesh Pokhriyal. We do have a Ministry for Development of North Eastern Region. In fact, we should have had this Ministry - Ministry for Development of Himalayan States – long back.

Very recently, an incident occurred in Himachal Pradesh where many students of a Hyderabad based engineering college, who had gone on a study tour, were washed away in River Beas near Mandi in the first week of June this year. I was one of the few Members of Parliament who, as directed by our Chief Minister K. Chandra Shekhar Rao *garu*, went there and supervised the relief operations undertaken by the Government of Himachal Pradesh Government as well as the Army. I stayed there for few days. I saw there indiscriminate construction of dams, more particularly hydro power stations. It was due to the negligence of the officials of those dams that water was released and this unfortunate incident occurred where 24 students got washed away and bodies of four students are yet to be recovered.

During my stay in Himachal Pradesh as well during my visit to some of the tourist sports in the Himalayan States, I found that it is a fact that the roadways in those States are not properly made. There are many curves. And they are supposed to be national highways. Therefore, many incidents and accidents are happening in those States, particularly Himachal Pradesh, Uttarakhand and even Jammu and Kashmir.

This whole range is around 2,500 kilometres right from Kashmir to Arunachal Pradesh. Sikkim State was annexed to our country in the year 1975. Today, almost 40 years have already elapsed, but till now there is no railway line to Sikkim. There were developed railway links for Shimla, Ooty in southern range and Darjeeling and for many tourist spots in British India, but after Independence,

I do not know whether any new railway lines have been made, except something as new as has happened very recently in Jammu and Kashmir.

Definitely, these Himalayan States were deprived of getting funds because they do not have their own strength to pull up money. So, I feel that it is very much necessary on the part of the Government of India to rescue them or to support all these States. As we have a Ministry for North Eastern States, I propose -- and I also support the Resolution moved by hon. Member Dr. Ramesh Pokhriyal -- that the Government should think very seriously to have a Ministry for these Himalayan States also.

SHRI MULLAPPALLY RAMCHANDRAN (VADAKARA): Hon. Chairperson, Sir, I am greatly privileged to participate in this important discussion on the Resolution moved by Dr. Pokhriyal for setting up of a new ministry for the sustainable development of the Himalayan States. I fully support this proposal.

The Himalayas or the abode of snow extends over 2,900 kms. between Nanga Parbat in the West and Namcha Barwa in the East. The mighty and majestic Himalayas being the youngest and loftiest mountain chain of the world, scientists say that it is continuing to grow. The Himalayan Region is naturally fragile and unstable. The diversity in climate, altitude, rainfall and soil types and the variety of agro-climatic zones in the Himalayas make an interesting study.

The existence of numerous glaciers is another unique phenomenon of the Himalayas. Siachen Glacier is the largest in the world outside the Polar region. These Himalayan glaciers are the source for several large and perennial rivers, which are the lifeline of our country. It has been acknowledged that more than 60 per cent of the water requirement of Asia comes from the Himalaya regions. Himalayan ranges have a profound effect on the climate of the Indian sub-continent. The Himalayas is a gift of nature to our country, and even the existence of this sub-continent depends greatly on the Himalayas. It also protects the country, and stands as a fortress.

A holistic approach is required for the protection of environment and ecology of Himalayas. Our reckless land-use pattern and merciless killing of trees have caused great damage to the ecosystem of the Himalayas. Himalayan regions often witness flash floods, cloudbursts and avalanches. The Uttarakhand deluge last year has opened our eyes, and it made us realize how fragile the Himalayan region is. Any hazard to environment and ecology will definitely endanger the whole northern region, and probably the existence of this subcontinent.

Experts say that one of the reasons for flashfloods in the region is soil erosion following the reckless felling of trees. We may recall the Chipko

movement launched by Shri Sunderlal Bahuguna who waged a relentless battle to protect the forests of Himalayas.

The flora and fauna of Himalayas are famous from time immemorial. Going in for large-scale industries will ruin the ecosystem of the Himalayas. The weather and climatic conditions of Himalayas are more suitable for electronic industries, watches, computers etc. The inhabitants along the Himalaya region are to be sensitized about the fragile and yet bountiful Himalayas. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON : Hon. Member, please wait for a minute. I am to inform the hon. Members that three hours have already been taken on the Resolution, thus almost exhausting the time allotted for its discussion. As there are six more Members to take part in the discussion on the Resolution, the House has to extend the time for further discussion on the Resolution. If the House agrees, the time for discussion on the Resolution may be extended by one hour.

SEVERAL HON. MEMBERS : Yes, Sir.

HON. CHAIRPERSON: So, it is agreed. Okay. Hon. Member, please continue.

SHRI MULLAPPALLY RAMCHANDRAN : A separate Ministry would definitely be helpful in protecting the ecology and developing the region by putting rich resources to the best use.

The mover of the Resolution, Dr. Pokhriyal wants to identify the backward areas of Himalayan States, and ensure their overall development and conservation. Here, my considered view is that sustainable development is possible only through conservation of the ecology of the Himalayas. The mover of the Resolution is also seeking for providing special financial package for the development of backward areas, particularly, the border areas. My suggestion is that the issue of backwardness must be addressed by taking a holistic view on the matter.

The suggestion made by the mover of the Resolution for establishing hydro-electric power projects is to be assessed by way of a thorough scientific study.

It is a fact that the perennial rivers of the *Himalayas* are a great source of huge volume of water. The question arises, how best it can be harnessed without harming the eco-system.

I, once again, welcome the proposal for setting up of a separate Ministry for the sustainable development of the *Himalayas*.

**माननीय सभापति :** श्री अनुराग जी।

**श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली) :** यह तो ... *...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : There is no ...** in this. Please do not pass such remarks. I know how to deal with the business of the House.

* Not recorded as ordered by the Chair.
** Expunged as ordered by the Chair.

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर):** आदरणीय सभापति महोदय, आदरणीय रमेश पोखरियाल जी ने एक बहुत महत्वपूर्ण विषय पर पिछले सप्ताह चर्चा की शुरूआत की कि हिमालय राज्यों के लिए एक अलग से मंत्रालय बने। मैं सबसे पहले रमेश जी का आपके माध्यम से पूरे सदन की ओर से और पूरे पहाड़ी राज्यों के लोगों की तरफ से बहुत-बहुत आभार प्रकट करना चाहता हूं। शायद यह दर्द उन पहाड़ी राज्यों से आने वाला व्यक्ति ही जान सकता है कि एक ओर पहाड़ी राज्य चाहे उत्तराखंड हो, हिमाचल हो, जिसे देव भूमि के नाम से जाना जाता है, जहां देवी-देवताओं ने वास किया, जहां उनका पूरा आशीर्वाद मिलता रहा। हम अपने आपको बहुत सौभाग्यशाली समझते हैं कि ऐसे राज्यों से आते हैं जहां देशभर के लोग देवी-देवताओं के दर्शन करने और उनके आशीर्वाद प्राप्त करने आते हैं।

आदरणीय डा. जितेन्द्र सिंह जी हमारे साथ लगते हुए जम्मू कश्मीर के पहाड़ी राज्य से आते हैं। माता वैष्णो देवी और अमरनाथ यात्रा के लिए देशभर से लाखों लोग प्रति वर्ष वहां जाते हैं। इस महत्वपूर्ण चर्चा के समय वे भी इस सदन में मौजूद हैं। अपना कीमती समय निकाल कर आए हैं। मुझे लगता है कि वे भी हम सबसे सहमत होंगे कि पहाड़ी राज्यों की दिक्कत शायद शहर में रहने वाला व्यक्ति उतनी अच्छी तरह से न जान पाए।

मेरे कांग्रेस के मित्र निनोंग इरिंग जी अरुणाचल प्रदेश से आते हैं। वहां की परिस्थितियां भी ऐसी हैं। पिछली बार 15वीं लोक सभा में हिमालयन स्टेट्स डैवलपमैंट अथॉरिटी पर हम एक प्राइवेट मम्बर्स बिल लेकर आए थे। उसमें भी हम सबने बड़े विस्तार से चर्चा की थी कि आखिर पहाड़ी राज्यों की समस्याएं क्या हैं। यह शायद हम लोगों से बेहतर कोई दूसरा नहीं जान सकता। एयर कंडीशन्ड कमरों में बैठे लोग जब नीतियां तय करते हैं, शायद वे इस समस्या को समझ नहीं पाते कि एक छोटे से गांव में एक सड़क के लिए एनओसी लेने के लिए दो-दो वर्ष लग जाते हैं। जो धन का आवंटन किया जाता है, बजट का प्रावधान किया जाता है, उसमें भी पहाड़ी राज्यों की समस्याओं को लेकर ध्यान नहीं रखा जाता।

आवश्यकता क्यों है? इतने सारे मंत्रालय हैं, आखिर एक और मंत्रालय क्यों बनना चाहिए? शायद 67 वर्षों में जो होना चाहिए वह आज तक नहीं हो पाया। हिमाचल प्रदेश में 67 वर्षों में मात्र 44 किलोमीटर रेलवे लाइन बनी है। इससे बड़ी अनदेखी क्या होगी। अंग्रेजों के समय शिमला तक रेलवे लाइन चली गई थी। आज हम कालका से लेकर परवाणु तक नहीं पहुंचा पाए जो पांच किलोमीटर दूरी पर भी नहीं है। कालका से बद्दी तक रेलवे लाइन नहीं पहुंचा पाए जो दस किलोमीटर दूरी पर है। ऊना से तलवाड़ा रेलवे लिंक पिछले तीस वर्षों से बन रहा है, लेकिन मात्र 40 किलोमीटर बन पाया है। इससे बड़ी शर्मिंदगी की

बात क्या होगी। पठानकोट से जोगिन्दर नगर तक रेलवे लाइन चली गई। अंग्रेजों के समय जितनी रेल गाड़ियां चलती थीं, आज वे बंद हो गई हैं। नई रेल गाड़ियां चलने की बात तो दूर की है।

उत्तराखंड में पिछले वर्ष जो त्रासदी आयी, वह इस पूरे सदन का ध्यान उस ओर ले जाती है। इस देश में जो हुआ और जिस तरह से उस समय की उत्तराखंड सरकार ने अनदेखी की, उचित व्यवस्था नहीं की, जिससे हजारों लोगों की जान चली गयी। उसके बावजूद भी अगर हम लोग नहीं जागते और वहां उचित व्यवस्थाएं नहीं करते, तो बहुत देरी हो जायेगी।

रमेश जी, शायद इसका कारण यह भी है कि उत्तराखंड से केवल पांच सांसद आते हैं, हिमाचल से चार सांसद आते हैं, जम्मू-कश्मीर से छः सांसद आते हैं और निनोंग जी, अरुणाचल प्रदेश से दो सांसद आते हैं। नागालैंड से एक सांसद आ जायेगा, मणिपुर से एक सांसद आ जायेगा। हमारी आवाज कौन सुनेगा? हम छोटे राज्यों से आते हैं। हमारी आवाज इस सदन में कौन सुनेगा, जहां पर 545 लोगों को 17-17 लाख लोग चुनकर भेजते हैं। चूंकि हमारे पास ज्यादा सांसद नहीं हैं, इसलिए हमारी सदन में सुनवाई नहीं होती है, सच्चाई यह है। किसी भी डिपार्टमैंट के बजट में हिमालियन स्टेट की अनदेखी की जाती है, लेकिन इस बार के बजट में 54 प्रतिशत बढ़ोतरी अगर किसी सैक्टर के लिए की गयी है, तो नार्थ ईस्ट के राज्यों के लिए आदरणीय नरेन्द्र भाई मोदी की जी सरकार ने की है। उसके लिए मैं उनका बहुत-बहुत आभार प्रकट करना चाहता हूं।

एक नयी शुरुआत हुई है। यह शुरुआत अच्छी है लेकिन इसे आगे तक कैसे लेकर जाना है? आखिर क्या-क्या दिक्कतें हैं? कई बार ऐसा लगता है कि पहाड़ी राज्यों का योगदान होने के बावजूद भी उनकी कहीं पर चर्चा नहीं होती। मैं हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर जिला से आता हूं। हिन्दुस्तान में अगर पहला परमवीर चक्र किसी को मिला, तो वह मेजर सोमनाथ शर्मा को मिला। वे हिमाचल प्रदेश से आते थे। कारगिल का युद्ध हुआ, तो उसमें सबसे ज्यादा शहादत हिमाचल प्रदेश के सैनिकों ने दी और अगर चार परमवीर चक्र मिले, तो उनमें से दो हिमाचल प्रदेश के थे। यह हमारे लिए गौरव की बात है। लेकिन जब सेना में भर्ती की बात आती है, तो जनसंख्या के आधार पर वह भर्ती की जाती है। हिमाचल प्रदेश में जनसंख्या मात्र 70 लाख है, इसलिए हमारे लोगों की सेना में भर्ती भी कम कर दी जाती है। क्या अब हमें जनसंख्या बढ़ाने की होड़ में काम करना होगा? देश में जब पहले से ही विस्फोटक परिस्थितियां खड़ी हैं, अगर कुछ राज्यों ने इसमें कमी रखी है, क्योंकि वहां पढ़े-लिखे लोग हैं इसलिए जनसंख्या को नहीं बढ़ने देना चाहते, तो क्या उनको सुविधाएं नहीं मिलेंगी? आखिर हमारी कमी कहां पर है? सबसे पहले कार्बन न्यूट्रल स्टेट बनाने की शुरुआत यदि किसी राज्य ने की, तो हिमाचल प्रदेश में प्रेम कुमार धूमल जी की सरकार ने की। यदि पोलीथीन पर पूरा बैन लगाया तो हिमाचल प्रदेश ने सबसे पहले शुरुआत की। हाइड्रो

पावर के प्रोजैक्ट्स लगाने के बाद इस देश को बिजली की आपूर्ति करने में सारा प्रयास हमने अपनी ओर से किया। हमारे पास बिजली सरप्लस है, इसलिए हम बाकी राज्यों को देते हैं। लेकिन हिमाचल प्रदेश में जब हाइड्रो इंजीनियरिंग कालेज खोलने की बात आती है, तब पिछली सरकार ने पांच वर्षों तक हाइड्रो इंजीनियरिंग कालेज बिलासपुर जिले में नहीं बनने दिया। पहाड़ी राज्यों में पहले ही कोई सुविधाएं प्राप्त नहीं हैं। वह कालेज जिला बिलासपुर में बनना था, उसकी भी अनदेखी की गयी। आखिर पहाड़ी राज्यों का योगदान कहां पर है?

आज मैं बड़े ध्यान से अरुण जेटली को सुन रहा था। रमेश बिधूड़ी जी, दिल्ली का बजट पेश करते हुए अरुण जेटली जी ने कहा कि रेणुका डैम हम बनाकर देंगे। आखिर यह रेणुका डैम किस प्रदेश में बनने वाला है? वह हिमाचल प्रदेश में बनने वाला है। किसान कहां के विस्थापित होंगे--हिमाचल प्रदेश के होंगे। लेकिन बिजली और पानी की आपूर्ति किसको की जायेगी--दिल्ली में रहने वाले लोगों को की जायेगी। भाखड़ा बांध बना, तो विस्थापित मेरे जिला बिलासपुर के लोग हुए। उनको आज तक स्थापित नहीं किया गया। बिजली तो बाकी राज्यों को मिली, हरियाणा को मिली, पंजाब को मिली, लेकिन हमें क्या मिला--उजड़े हुए परिवार मिले, जिनको आज तक स्थापित नहीं किया गया। पाउन डैम हमारी जमीनों पर बने, पानी हमारा गया, जमीनें हमारी गयीं, हजारों लोग आज भी बेघर हैं, फॉरेस्ट डिपार्टमेंट वाले नोटिस भेज देते हैं कि जमीन खाली कर दो। जब जमीन लेनी थी, तब कहा कि जो जमीन मिलती है, वहाँ पर बैठ जाओ, वह आपकी हो जाएगी। आज उनको कहते हैं- जमीन खाली कर दो और कहीं और चले जाओ। पानी मिल गया राजस्थान को, बिजली मिल गयी पंजाब, हरियाणा और दिल्ली को, हमें क्या मिला? हमें उजड़े हुए परिवार मिले। आखिर हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्यों की समस्याओं को कौन जान पाएगा? अरूणाचल प्रदेश अकेला पचास हजार मेगावाट बिजली दे सकता है। वहाँ प्रोजैक्ट्स क्यों नहीं लगते हैं? क्योंकि वहाँ के बंद कमरों में बैठे अधिकारी और मंत्री यह नहीं जान पाते कि अरूणाचल प्रदेश की समस्या क्या है? हम कहते हैं कि सिक्किम ने ऑरगैनिक खेती में बहुत बड़ा कदम उठाया है। मैं प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ कि उन्होंने इस छोटे-से राज्य की उपलब्धि को पूरे देश के सामने रखने का प्रयास किया है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस सरकार में हिमालयन स्टेट्स की अनदेखी नहीं होगी। लेकिन, सभापति जी, हिमाचल प्रदेश में यदि किसी परिवार का सदस्य गुज़र जाए, तो लकड़ी काटने के लिए भी अनुमति माँगनी पड़ती है। अपने खेतों से लकड़ी काटने के लिए अनुमति मांगनी पड़ती है। आखिर इन समस्याओं को कौन जानेगा? उनके खेतों में पेड़ तो खड़ें हैं, पर वह उसे बेच नहीं सकता, कमाई नहीं कर सकता। फॉरेस्ट कवर हिमाचल प्रदेश बढ़ाता है, पर्यावरण को हम बचाते हैं, पॉलिथीन पर बैन हम लोग लगाते हैं, लेकिन बदले में हमें क्या मिलता है? हमें न रेलवे लाइन मिलती है, न बजट में पूरा प्रावधान मिलता है, न हमारे बच्चों को सेना में

भरती के लिए अवसर मिलते हैं। उद्योग के नाम पर पिछले 66 वर्षों में किसी ने कुछ नहीं दिया था। मगर वर्ष 2002 की पहली दिसम्बर को उत्तरांचल, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के लिए इंडस्ट्रीयल पैकेज की घोषणा किसी व्यक्ति ने की, तो उस शख्स का नाम था श्री अटल बिहारी वाजपेयी। मैं वह दिन इसलिए नहीं भूलता हूं, क्योंकि उस दिन मेरी शादी थी। एक दिसम्बर, 2002 को वे आए थे और सोलन में उन्होंने एनाउंसमेंट की थी। लेकिन दुख इस बात का होता है कि पाँच वर्षों के बाद जब केन्द्र में यूपीए की सरकार आती है, तो पहाड़ी राज्यों के ऊपर बुलडोज़र चलता है। श्री अटल जी ने नहीं देखा था कि उत्तराखंड में कांग्रेस की सरकार है, जम्मू-कश्मीर में नैशनल कांफ्रेंस की सरकार है, हिमाचल प्रदेश में बीजेपी की सरकार है। सबके लिए एक समान अधिकार दिया, तो वह श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने दिया था। लेकिन वापस करते समय तो वे राजनीतिक रूप ले गये, ये वो कड़वी सच्चाई है, जो दिल के अंदर से गुबार के रूप में निकल रही है। क्या कसूर है पहाड़ी राज्यों के बच्चों का, जिनके लिए सेना में भरती के अवसर नहीं हैं, सरकारी नौकरियों में भरती के अवसर नहीं हैं, उनको नौकरी करने के लिए अपना राज्य छोड़कर बाहर जाना पड़ता है। वे मुम्बई, हरियाणा और पंजाब की सड़कों पर धूल खाते हैं। सुंदर पहाड़ी राज्यों से निकलकर, उन्हें प्रदूषित बस्तियों और शहरों में रहना पड़ता है, जहाँ पर एक-एक कमरे में सात-सात लोग रहते हैं।

**माननीय सभापति :** आपने चौदह मिनट का समय ले लिया है।

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** सर, यह तो पहाड़ी राज्यों की बात है। मैंने पहले ही कहा था कि पहाड़ी राज्यों को बजट मिले-न-मिले, भाषण के बजट में भी कटौती है। यह बात यहीं से सिद्ध होती है कि पहाड़ी राज्यों को कभी अधिकार मिलने वाले नहीं हैं। जब मेरे मित्र श्री प्रह्लाद जी ने कहा कि पता नहीं मिनिस्ट्री मिले न मिले, मैं सोच रहा था कि ऐसा क्यों हो कि हमें मिनिस्ट्री मिले न मिले, मैं तो केवल इतना ही कहना चाहता हूं कि

"चले चलिए, कि चलना भी दलील-ए-कामरानी है,
जो थक कर बैठ जाते हैं, उन्हें मंज़िल नहीं मिलती।"

हम थक कर बैठने वाले नहीं, हम पहाड़ी लोग हैं। ऐसी परिस्थितियों में हम जीते हैं और मरते हैं, जहाँ पर जीना आसान नहीं है। वहाँ पर जीना आसान नहीं है। कई-कई किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाना पड़ता है। बारह-बारह, चौदह-चौदह किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाना पड़ता है। उन बच्चों का क्या होता होगा, जो गरीब घर से आते हैं? उनके मन में भी इच्छा होती है कि शायद हम भी कभी आईआईटी या आईआईएम में जाकर पढ़ेंगे। वह शायद इसी सोच के साथ 15-15 किलोमीटर चलता है कि मैं भी शायद

कभी आईएएस, आईपीएस अधिकारी बन जाऊं, सिविल सर्विसेज में जाऊं, लेकिन हम लोग उनके लिए क्या करते हैं? क्या हमने उनकी समस्याओं को कभी जानने का प्रयास किया है। यह बोलकर स्कूलों पर ताले लगा दिए जाते हैं कि यहां पर केवल 20 बच्चे पढ़ते हैं। अगर वहां उन 20 बच्चों को नहीं पढ़ाया जाएगा, तो उन बच्चों को कम से कम 20 किलोमीटर दूर जाना पड़ेगा। इन समस्याओं को समझना होगा। पानी हमारे यहां बहता है, डैम हम लगाते हैं, पानी की व्यवस्था हम पूरी करते हैं, इसलिए मुझे लगता है कि रमेश जी ने जो विषय उठाया, वह बहुत महत्वपूर्ण है और इस विषय पर दिल्ली से चुनकर आए हमारे एक बड़े लोकप्रिय सांसद श्री रमेश बिधूड़ी जी बोलना चाहते हैं। वे भी जानते हैं कि पहाड़ी राज्यों की क्या दिक्कतें हैं। अगर दिल्ली के लोगों को गर्मी के दिनों में कहीं जाना होता है, कहीं सुकून मिलता है, तो हिमालय की गोद में आकर मिलता है। हम आज उस हिमालय की गोद और वहां की समस्याओं की बात कर रहे हैं। मुझे भी लगता है यहां से मनाली जाने में बड़ी दिक्कत होती है, लेकिन जहाज जब शुरू की जाती है, तो दूसरे महीने वह फ्लाइट ही बंद कर दी जाती है। प्रॉफिटेबिल्टी की बात की जाती है। क्या हम सारी उम्र प्रॉफिट ही देखते हैं? क्या सरकार का काम फेसिलिटेट करना है या धन कमाना है? आखिर ऐसे राज्यों में, जहां पर बहुत दूर जाना पड़ता है, वहां पर हवाई जहाज की सुविधा क्यों नहीं है? वहां की टिकटों पर सब्सिडी क्यों नहीं है? हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखण्ड के टिकटों पर सब्सिडी क्यों नहीं है? 15000 रुपये तक का टिकट लेना पड़ता है, क्यों वह टिकट चार-साढ़े चार हजार रुपये में नहीं मिलती है, क्यों एयरपोर्ट टैक्स और अन्य टैक्सेस को खत्म नहीं किया जाता है? ऐसा करने में कौन सी साइंस की जरूरत है? इससे देश का कितना लॉस हो जाएगा? कोई ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा, लेकिन सोचने की आवश्यकता है। टूरिज्म को बढ़ावा कैसे मिलेगा?

हिमाचल प्रदेश की आबादी 70 लाख है, लेकिन वहां प्रति वर्ष लगभग एक करोड़ तीस लाख टूरिस्ट्स आते हैं। मेरे संसदीय क्षेत्र विलासपुर की सड़क थी, पांच साल तक मैं उसकी रिपेयर के लिए धक्के खाता रहा, केवल खड्डों को भरने के लिए। इन छोटी-छोटी समस्याओं को कौन देखेगा? अगर एक अलग मंत्रालय होगा, तो हम उस पर जाकर अपना दुखड़ा रो सकेंगे। नॉर्थ ईस्ट की समस्याएं मैंने देखी हैं, मैं वहां खुद गया हूं। वर्ष 1962 में उनको देश भूल गया था, देश की सरकार भूल गयी थी, मीडिया भूल गया था, लेकिन सबसे पहले शहीद श्रद्धांजलि यात्रा तेजपुर से तवांग के लिए किसी ने की, तो मैंने की थी। वर्ष 1962 के युद्ध के शहीदों को याद करने के लिए और उस पूरे अरुणांचल प्रदेश को देखने की, तवांग तक जाने की, नॉर्थ ईस्ट की उस खूबसूरत धरती को देखने के लिए, नॉर्थ ईस्ट के उन लोगों से मिलने के लिए जिन्होंने चीन की सेना को रोकने के लिए भारत के सैनिकों के साथ मिलकर पांच-पांच फुट की बर्फ में चलकर वहां से हथियार उठाकर अरुणांचल प्रदेश के लोग लाते थे। चीन की सेना को रोकने के लिए

जो योगदान अरुणांचल प्रदेश के लोगों ने दिया, उसे देश कभी भूल नहीं पाएगा। लेकिन वहां तक बाकी लोगों को ले जाने के लिए जो आधारभूत ढांचा चाहिए, क्या वह हमारे पास है? क्या नॉर्थ ईस्ट में जितने पर्यटक जाने चाहिए, उतने जा रहे हैं? इसके लिए कौन प्रयास करेगा? जब बड़े-बड़े राज्यों की बात की जाएगी, जब 20 करोड़ लोगों के प्रदेश की बात की जाएगी, दस करोड़ लोगों के प्रदेश की बात की जाएगी, तो 20 लाख लोगों के प्रदेश को कोई नहीं देखेगा, तब अस्सी सीटों वाले प्रदेश की बात की जाएगी। आखिर हमारी सुनवाई कब होगी? केवल प्राइवेट मेम्बर बिजनेस में अपना दर्द निकालकर चले जाने से काम नहीं चलेगा। आप भी जानते हैं यह बहुत गंभीर विषय है। पहाड़ों की समस्याएं क्या है - कभी बादल फट जाते हैं, जिसमें गांव के गांव बह जाते हैं, सड़क टूट जाती है, सड़क का कनेक्शन टूट जाता है, पुल टूट जाता है, कई महीनों तक रोड बंद पड़े रहते हैं। ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** अपनी बात समाप्त कीजिए, अन्य सदस्यों को भी बोलना है और अगला विषय भी बहुत महत्वपूर्ण है।

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** मैं महत्वपूर्ण विषय ही आपके सामने रख रहा हूं। पहाड़ी राज्यों में बादल फट जाना, लैंडस्लाइड होना, भूकम्प आना, ये आम घटनाएं इन जगहों पर और हिमाचल प्रदेश में होती रहती हैं। वहां ओलावृष्टि होती है। सेब पैदा होता है, लेकिन ओलावृष्टि होने से उसकी फसल खराब हो जाती है। हम यहां पर कितना ही रोना रो लें कि वहां पर फसल बर्बाद हो गई, लेकिन कुछ नहीं होता। सरकार चीन से आयातित सेब पर तो शुल्क नहीं बढ़ाती, लेकिन जो शिमला से, जम्मू-कश्मीर से लाएगा और उत्तराखंड के ऊपरी क्षेत्र से सेब लाएगा, उसकी परेशानी कोई नहीं देखता। न ही उन लोगों के पास अच्छी सड़के हैं और न ही ट्रांसपोर्टेशन के साधन हैं। इसलिए वह मार्केट में प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएगा। पहले वहां के सेब उत्पादकों को ओलों से बचने के लिए हिल स्ट्रोम गन चाहिए, जो ओलों को हवा में फाड़ दे और उसमें से पानी की एक-एक बूंद करके टपकाए। उस मांग को लेकर ही हमें कई वर्ष हो गए, न किसानों के दर्द को समझा गया और न ही आयात शुल्क बढ़ाया गया तथा न ही कनेक्टिविटी की सुविधा उपलब्ध कराई गई। हम कहते हैं कि मार्केट लिंकेज करनी है, कोल्ड चेन बनाने की बात करते हैं, तो उसमें सबसे बड़ा योगदान जब हम फूल, फल और सब्जी भेजते हैं, उनका होता है।

**माननीय सभापति :** कृपया अब आप अपनी बात समाप्त करें, क्योंकि काफी लोगों ने इस विषय पर बोलने के लिए नाम दे रखे हैं इसलिए उन्हें भी बोलना है।

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** मेरा तो अभी 45 मिनट का भाषण बचा है।

**माननीय सभापति:** अगला विषय भी आपका ही है और वह भी काफी महत्वपूर्ण है। सबको थोड़ा-थोड़ा समय बोलने के लिए मिल जाए तो अच्छा होगा। काफी लोग इसी प्रतीक्षा में बैठे हैं। मैं आपसे अनुरोध कर रहा हूं कि अब आप अपनी बात समाप्त कीजिए। आप अगर सहयोग करेंगे तो सही होगा।

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** मुझे लगता है कि सदन चाहता है कि इस पर विस्तृत चर्चा हो। अभी तो मुझे दार्जिलिंग की बात करनी है, क्योंकि यहां अहलूवालिया जी बैठे हैं।

**माननीय सभापति:** वह भी इसी विषय पर बोलना चाहेंगे।

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** मैं चाहता हूं कि उन्हें भी पांच मिनट न मिलकर और समय दिया जाए, क्योंकि काफी महत्वपूर्ण विषय है। देवी-देवताओं से शुरू होकर बात काफी दूर तक जाएगी।

**माननीय सभापति:** और भी सदस्य बोलना चाहेंगे।

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर :** सभापति महोदय, मैं सब सदस्यों की भावना को समझता हूं और मैं यह भी जानता हूं कि जितने भी सदस्य यहां बैठे हैं, ये सब हिमालयान स्टेट्स के फेवर में बोलना चाहते हैं। कहीं न कहीं इनके दिल में भी यह दर्द है कि हिमालयान स्टेट्स का विकास क्यों नहीं हुआ, उनकी अनदेखी क्यों हुई। ये भी मंत्रालय चाहेंगे, योगदान भी चाहेंगे, बिजली ये भी चाहेंगे, पानी ये भी हिमालयान स्टेट्स से चाहेंगे, लेकिन जब भर्ती का कोटा आएगा, तब इनकी अपनी लोक सभा सीट के मतदाताओं के वोट बैंक की राजनीति की बात आ जाती है। हम पीछे नहीं हटते हैं योगदान देने में, न अपनी जमीन छोड़ने में, न ही डैम बनाने में और न अपना जीवन देने में। सबसे बड़ा बलिदान देश के लिए अपना जीवन देना होता है। हम तो वहां तक जाते हैं। आप कहेंगे कि समय कम कर दो, मैं अभी भाषण समाप्त करके बैठ जाऊंगा, लेकिन हमारी बात फिर अनसुनी रह जाएगी। क्या पहाड़ी राज्यों की सुनवाई कभी नहीं हो पाएगी, क्या केवल प्राइवेट मेम्बर्स बिजनेस वाले समय में गैर सरकारी बिल लाकर और उस पर चर्चा कराकर ही बात खत्म हो जाएगी?

जब महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की बात आती है, जैसे देश में हजारों युनिवर्सिटीज बनाने की जब बात आती है, तब पहाड़ी राज्यों की अनदेखी कर दी जाती है। जब यहां पर सेंट्रल युनिवर्सिटी बनाने की बात आती है, तब कहते हैं कि 700 एकड़ जमीन चाहिए। पहाड़ी राज्यों में 700 एकड़ जमीन इकट्ठी करना ही अपने आपमें एक मुसीबत है। एम्स बनाने के लिए 200 एकड़ जमीन चाहिए, ऐसी बात कही जाती है, हम पहाड़ी राज्यों वाले लोग कहां से इतनी जमीन लाएंगे।

आप देखें कि दिल्ली, मुम्बई या न्यूयार्क जैसे शहरों में वर्टिकल इमारतें बनाई जा रही हैं कि आप 50 मंजिल तक इमारत बनाओ। यह आपरेट करने में भी आसान है। सफदर जंग अस्पताल या दिल्ली के

बाकी अस्पतालों में आप देखें कि एक बिल्डिंग से दूसरी बिल्डिंग में ले जाने के लिए मरीज को स्ट्रेचर पर बीच सड़क में से ले जाया जाता है। क्या हमें वहां पर भी ऐसा आधारभूत ढांचा खड़ा करना है, इससे तो अच्छा है कि आप वर्टिकल इमारतें बनाएं, 50 मंजिल बना दें। उसी लिफ्ट में नीचे आना और ऊपर जाना आसान होगा। ज्यादा बिल्डिंग्स खड़ी करने से कुछ नहीं होगा। किसानों की 200-700 एकड़ जमीन लेने की बात होती है, वह भी 21वीं शताब्दी में, जहां जमीन की कीमत ही हम समझ नहीं पा रहे हैं। आखिर हमें अपनी पालिसी में कहीं न कहीं बदलाव लाना होगा।

मैं धन्यवाद देता हूं रेल मंत्री जी को कि उन्होंने कहा कि बुलेट ट्रेन चलाएंगे, लेकिन साथ ही साथ जो प्रोजेक्ट्स 30 साल और उससे ज्यादा समय से लम्बित हैं, उन्हें पूरा करेंगे। मुझे आशा है कि हमारे प्रदेश की रेल लाइन नांगल-ऊना और तलवाड़ा पूरी होगी, जिसके लिए हर साल हमें मात्र 20 करोड़ रुपए मिलते हैं, जबकि मैं इस बारे में कम से कम 50 बार रेल विभाग के चक्कर काट चुका हूं। पचास बार चक्कर काटने के बाद मात्र 20 करोड़ रुपये मिलते हैं।

सभापति जी, मेरा दर्द थोड़ा सुन लीजिए। कारगिल में युद्ध हुआ, हम सबको याद आया कि कनैक्टिविटी बहुत जरूरी है। अरुणाचल प्रदेश में 1962 के युद्ध को याद करते हुए कहते हैं कि कनैक्टिविटी बहुत जरूरी है। चीन इस बात को समझ गया लेकिन हिंदुस्तान नहीं समझा। चीन ने लहासा तक आकर अपनी रेल लाइन बना दी, हम लेह तक रेल लाइन नहीं बना पा रहे हैं। लेह तो छोड़िये निनांग जी, माननीय जितेन्द्र सिंह जी यहां बैठे हुए हैं वे जानते हैं कि लेह कितना महत्वपूर्ण है। भानुपुली, विलासपुर, मंडी, मनाली, लेह रेलवे लाइन और विलासपुर क्यों, क्योंकि वहां पर पांच हजार से ज्यादा ट्रक सीमेंट को ढोते हैं, मंडी और मनाली क्यों, क्योंकि लाखों टूरिस्ट वहां प्रतिवर्ष जाते हैं और वही रूट आगे लेह तक जाता है जो देश के सीमावर्ती इलाके तक जाता है। जहां भानुपुली से शुरु होती है कीरतपुर साहब, आनंदपुर साहब ऐतिहासिक गुरुद्वारे हैं, सिखों की नगरी है, माता नैनादेवी के चरणों से होकर वह ट्रेन गुजरेगी, लेकिन पीड़ा तब होती है पिछले बजट में पांच करोड़ रुपया मिला और इस साल का जब अंतरिम बजट दिया गया उसमें भी आठ करोड़ रुपया दिया गया। हम देश की रक्षा-सुरक्षा की बात करते हैं, नेशनल महत्व की हम रेलवे लाइन घोषित करते हैं, प्रधान मंत्री जी ने चार बार कहा, 'This rail network is very important for India'. नेशनल इम्पोर्टेंस की घोषित करेंगे, वे घोषणा भी चार सालों में नहीं कर पाये और बजट भी पिछले साल 8 करोड़ का दे पाये। आदरणीय निशंक जी ठीक कहा कि जब तक एक अलग मंत्रालय नहीं बनेगा, आप जो 25 करोड़ रुपया अगर किसी प्रोजैक्ट पर प्लेन एरिया में खर्च करते हो तो पहाड़ी राज्य में उससे दुगुनी कोस्ट आती है। उसे बनने के लिए समय लगता है। अधिकतर लैंड फॉरेस्ट लैंड गिनी जाती है।

एनओसी मिलने में सारी जिंदगी खत्म हो जाती है। क्या हमारा कसूर यह है कि हमें पहाड़ बचाकर रखने होंगे, पेड़ बचाकर रखने होंगे, जलवायु में परिवर्तन नहीं लाने देना होगा, क्या ये सारी जिम्मेदारी पहाड़ी राज्यों की रह गयी है। हम वह भी निभाने के लिए तैयार हैं लेकिन उसके बदले में आप हमें क्या देते हो। कोस्टारिका जैसा छोटा सा देश जिसने 'Payment for eco-system' लागू किया। 18 परसेंट से फॉरेस्ट कवर बढ़ाकर उसने 50 परसेंट से ज्यादा कर दिया। उसने कहा कि पेड़ लगाओगे तो पैसे पाओगे। इतना परसेंट आपको फॉरेस्ट रिजर्व रखना है, उसके बदले आपको पैसा मिलेगा। ऐसा आप भी कीजिए ना पहाड़ी राज्यों के साथ कि तुम्हारे पास एक एकड़ जमीन है यहां पर इतना पेड़ लगाओ, इतना फॉरेस्ट करो, इसके बदले में तुम्हें पैसा देंगे। बनेगा, क्यों नहीं बनेगा। सड़कों के किनारे आप कहते हो कि पेड़ नहीं लगते तो लोगों को पैसे दो, नरेगा में पेड़ लगवाओ। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया को बोलो कि पेड़ लगवाएं और उसके बदले में जितना पैसा मिलेगा वहां की कम्युनिटी के लिए मिलेगा। We have to come out with innovative ideas to have sustainable growth; and if we do not come out with innovative ideas, nothing is going to happen. अगर पहाड़ी एरिया में विकास करना है, माइग्रेशन को रोकना है और उस स्थिति को आने से रोकना है कि लोग विद्रोह करने पर आ जाएं तो मुझे यह लगता है कि यह बहुत आवश्यक है कि एक अलग से मंत्रालय हिमालयन स्टेट्स के लिए बनना चाहिए।

अंत में मैं माननीय निशंक जी का इस प्राइवेट मैम्बर बिल लाने पर अपने दिल की गहराइयों से धन्यवाद भी करता हूं और डॉ. जितेन्द्र सिंह जी, निनांग जी और हमारे सब मित्रगण बैठे हैं यहां पर, जो इस बिल के समर्थन के लिए बैठे हैं, सभी सदस्यों का मैं बहुत आभार प्रकट करता हूं। सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, आपका बहुत-बहुत आभार।

SHRI VINCENT H. PALA (SHILLONG): Hon. Chairman, Sir, I thank you for giving me this chance to speak on the Resolution moved by Dr. Ramesh Pokhriyal Nishank.

Sir, the Resolution is a very meaningful one. I support this Resolution because I too belong to a part of Himalayan region. Moreover, Himachal Pradesh, Uttarakhand and the entire North Eastern States are a part of the Himalayan Region.

I again support this Resolution because it is the need of the hour to have a Ministry so that we can give advice or any information to the Central Ministry with which it could act accordingly. Sir, I will speak for only half of the time which Shri Anurag Thakur has taken. I will limit myself to four points only.

Firstly, this Ministry, if formed, will help in identification of the people around Himalayas. For example, we have eight States in the Northeast but we do not have a research centre where we can research the prospects of the area, the strengths, in terms of habit, practice and culture of the people living in these areas. We may know their requirements. When Shri Rajiv Gandhi came to Northeast he said that if you want to know the true colour of India you come to Northeast, especially to a State like Arunachal Pradesh. I do not know how many of you have visited Arunachal Pradesh. If at all I get a chance, I always go there because it is rich in culture. It is rich in minerals. People are very hospitable. These are the areas which we should support and the idea given by Shri Ramesh is very ideal.

If you see in terms of sports, we get a lot of football experts from Sikkim, Darjeeling. We have got good boxers from Manipur. In songs competition my State Meghalaya used to be a champion. Even when President Obama came they called the singers from Mehalaya to sing for him. These are the specialities which the people living in the Himalayas have. So, we should have a research centre in the Northeast which can identify the strengths of the people living there.

We need to provide a special financial package to all these areas because most of them are the border areas. It is not that easy to live in the border areas. As Shri Anurag Thakur has said, the rules, the laws of the Metro cities like Delhi or Mumbai may not be applicable to Northeast because of its terrain. For example, in my State Meghalaya six out of twelve months in a year it rains. So, if we have to implement a project, we cannot say twelve months but we say that it is to be implemented in six months only. This is the difference. Until and unless we have a Ministry like this which will know the problems of the area, it is difficult to develop the State.

In terms of logistics also, for example to carry one tonne of cement from one of the Capitals of a Northeastern State to Delhi, it will cost not less than Rs.2000 whereas the cost for carrying the same from Delhi to Madras is not even ten per cent of that. We need to support the people of the Himalayan region and hence there is a need for this Ministry.

We must also take measures to check infiltration. I feel infiltration is a major concern especially for the tribal people of the Himalayan region. In my State there is a lot of agitation because of infiltration from the neighbouring countries. So, we have to empower the people living in those areas. They are the best people who know the terrains, the problems of the area. Instead of deploying thousands and lakhs of forces from the mainland to these areas we can train the local youth and employ them there. They will give the best service. They will protect the country and protect themselves. We can give them employment and thus migration from those areas to the cities will minimize. These are certain things which we have to keep in mind.

The other thing that I wish to say is that we should provide more for the infrastructure. Whoever has presented the Budget, be it the Railway Budget or the General Budget, he always talks about giving 10 per cent to Northeast. They always keep 10 per cent for the north-east. Why do you want to keep only 10 per cent for the north-east? For roads, we should have 20 to 30 per cent. A lot of

money is required. For the construction of one kilometre of road in north-east, you require a minimum of Rs.2.5 crore but here it may be only Rs.1.5 crore. So, the question of 10 per cent should not arise. It should be demand based. We should build infrastructure. If China can build infrastructure along the border of Himalayas, why can we not do that? So, infrastructure is very important. This will be a part of the assets of the country as well as the people of that area. If we do that, they would not migrate and they would get employment.

At the same time, we should set up industries. As Anuragji has said, people come from those areas to Delhi, Kolkata, Mumbai and other cities. You set up industries there. In the areas near Himalayas, if you grow trees, it takes only five years to grow and you can use them. If you grow trees in Delhi, it will take 20 years to grow. Therefore, we should identify industries and projects in such a way that we could establish them in those areas. We should relax certain rules also. For example, if you define forest areas in Rajasthan or Gujarat, you need only 20 trees an acre but in north-east, we need 100 trees an acre. So, we should define those areas and relax the rules. We should empower and encourage people of those areas so that they can prosper.

With this, I really support the idea and I think we should congratulate Dr. Rameshji who has given an excellent idea. I wish him all the best and I wish that this Resolution should be passed.

**डॉ. सत्यपाल सिंह (बागपत) :** माननीय सभापति, आपने मुझे बोलने का समय दिया इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। मैं सबसे पहले बताना चाहता हूं कि मैंने 30 वर्ष से अधिक पुलिस में रहकर समाज का प्रहरी बनकर आंतरिक सुरक्षा, लोगों की जान माल की रक्षा, सुरक्षा का काम किया है। अगर हमें देश की आत्मा और संस्कृति की बात करनी है तो हिमालय की बात करनी ही होगी। हर आदमी अपने माँ-बाप, बाप-दादा की जन्मस्थली के लिए बहुत कुछ करना चाहता है और उसे तीर्थस्थल मानकर पूजता है। मैं आपके माध्यम से सदन को और देश को बताना चाहता हूं कि मानव जाति का जन्मस्थल हिमालय है। मानव सबसे पहले हिमालय में पैदा हुआ। शास्त्रों में चाहे वेद हो, शतपथ ब्राह्मण हो, महाभारत हो, उपनिषद् हो, सबमें यह बात बार-बार आई कि मानव का जन्म सबसे पहले हिमालय में हुआ। लगभग 150 वर्ष पहले ऋषि दयानंद ने सबसे पहले यह बात कही थी। आज साइंटिस्ट्स कहते हैं, कोई साउथ अफ्रीका की बात कहता है, कोई उत्तरी ध्रुव की बात कहता है। हमारे देश के बहुत बड़े वैज्ञानिक, जियोलॉजिस्ट पूना के श्री नारायणा पावगी बहुत खोज करने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचे कि सबसे पहले मानव कहीं पैदा हुआ तो हिमालय में हुआ। यह केवल भारतियों की ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की जन्मस्थली है इसलिए इस तरफ ध्यान देना बहुत जरूरी है। यहां से भाषा बनती है, यहां की भूमि भाषा की जननी है। आदरणीय पौखरियाल जी ने कहा कि संस्कृत दुनिया की भाषाओं जननी है लेकिन संस्कृत की जननी हिमालय की भूमि है। भारत के आर्य कहते हैं कि सबसे पहले मानव मेरु में पैदा हुआ। ईरान के लोग कहते हैं कि हम लोग हिमालय से आए, भारत से आए। जब भारतीय आर्य उसे मेरु का नाम देते हैं, ईरानी मोरु कहते हैं, ग्रीस के लोग मेरोज़ कहते हैं, तुर्की के लोग मेरुह कहते हैं, मिस्र के लोग मेरई कहते हैं और रशिया के लोग मोरु कहते हैं।

**<u>17.00 hrs</u>**

मैं आपके माध्यम से यह कहना चाहता हूँ कि हमारी भाषा की जननी यह हिमालय की भूमि है। हमारे पूर्वजों की भूमि यह हिमालय की भूमि है। अभी तक लाखों प्रकार की वनस्पति और औषधि इस हिमालय में पैदा हुई है। Because of lack of policies, हम लोगों ने पिछले 65-70 वर्षों के अंदर हिमालय के ऊपर कोई ध्यान नहीं दिया, इसलिए हज़ारों प्रकार की वनस्पति आज तक नष्ट हो गई। हमारे लोगों ने पता किया कि 18440 तरह की वनस्पतियां आज भी वहां पर जीवित हैं। लगभग 40 प्रतिशत वनस्पतियों को औषधियों के रूप में प्रयुक्त किया जाता है। अगर हमें मानव जाति को बचाना है तो हिमालय को बचाना होगा। हमारी कई प्रकार की ऐसी औषधियां हैं, जो मात्र हिमालयन रीजन में पैदा होती हैं। दुनिया में ओवरियन कैंसर की अगर सबसे अच्छी व प्रभावकारी औषधी कोई है, तो वह हिमालय में पैदा होती है। सबको मालूम है कि कस्तूरी मृग वहां पर पैदा होता है। कस्तूरी भी कार्डियक में और मेंटल न्यूरोलॉजिकल डिस्ऑर्डर में काम

आता है। कहते हैं कि अगर दुनिया में सबसे अच्छा केसर पैदा होता है, तो वह हिमालय में पैदा होता है। कुटकी एक छोटी सी औषधि है, कहते हैं कि एचआईवी की दुनिया में आज कल अमरीका में जो रिसर्च चल रही है कि एचआईवी की सबसे ज्यादा प्रभावकारी कोई औषधि दुनिया में पैदा हो सकती है, वह कुटकी हिमालय रीजन में पैदा होती है। दुनिया का बैस्ट मिनरल वॉटर हिमालयन वाटर माना जाता है। अमरीका और इंग्लैण्ड में अगर भारत से जाने वाला कोई मिनरल वॉटर है, तो केवल हिमालयन वॉटर वहां पर अलाऊ है, किसी और वॉटर को अलाऊ नहीं करते हैं। मैं आपके माध्यम से सरकार से यह निश्चित रूप से निवेदन करूंगा कि अगर हमें औषधियों को बचाना है, हमारे अपने स्वास्थ्य को बचा कर रखना है तो हमें इसकी तरफ विशेष रूप से ध्यान देना होगा।

कहते है कि जल ही जीवन है। मीठे जल का सबसे बड़ा स्त्रोत हिमालय ही है। हिंदुस्तान, पाकिस्तान और बंगलादेश की बड़ी-बड़ी नदियां, चाहे वह सिंधु नदी हो, सतलुज हो, गंगा हो, यमुना हो, ब्रह्मपुत्र हो, शारदा हो, वे सब हिमालय से ही निकली हैं। उसके अलावा मैं आपके माध्यम से एक बात ज़रूर कहना चाहता हूँ कि हिमालय का बहुत-बड़ा सामरिक महत्व है। हिमालय इस देश का प्रहरी है। यादव जी आज बोल रहे थे, जब सन् 1962 के अंदर एक दुर्भाग्य की बात है कि चीन ने हमारी 1 लाख वर्ग किलोमीटर से ज्यादा जमीन पर कब्ज़ा कर लिया था तब इसी संसद के अंदर उस समय के प्रधानमंत्री जी ने कहा था कि not even single blade of grass grows there, why should you worry about it? उसी समय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि अगर आपके सिर पर बाल नहीं हैं तो क्या उसकी कीमत नहीं है। ...(व्यवधान)

**श्री एस.एस.अहलुवालिया (दार्जिलिंग):** यह श्री महावीर त्यागी जी ने कहा था। ...(व्यवधान)

**डॉ. सत्यपाल सिंह :** हिमालय का एक सामरिक महत्व है। हिमालय की धरती पर पता नहीं कितने प्रकार के रत्न मिलते हैं। आज दुनिया के अंदर शरीर के लिए, मन के लिए, बुद्धि के लिए सभी प्रकार की बातें मिलेंगी, लेकिन अगर किसी को आत्मा की तुष्टी चाहिए, संतुष्टी चाहिए, उसका परिष्कार करना है, उसका साक्षात्कार करना है तो उसके लिए सबसे बड़ा स्थान हिमालय की धरती है। इस बात को केवल वहां जा कर ही अनुभव किया जा सकता है। मैं अंत में इतनी बात कहना चाहता हूँ कि कि हमारे प्राचीन भारतीय साहित्य में कहा गया है कि उत्तर में देव लोक है। जब अंधेरा छा जाता है, तो लोगों को उत्तर ध्रुव की तरफ देखना पड़ता है। अगर हमें अपने देश की संस्कृति और आत्मा को बचाना है, तो हमें उत्तर की तरफ देखना होगा। इसलिए जब इस देश के अंदर सर्फेस ट्रांसपोर्ट के लिए अलग मिनिस्ट्री हो सकती है, स्पेस के लिए अलग मिनिस्ट्री हो सकती है, ओशियन के अलग मिनिस्ट्री हो सकती है तो फिर पहाड़ों के लिए एक

मिनिस्ट्री क्यों नहीं हो सकती है? पहाड़ों के राजा का नाम हिमालय है। इसलिए मैं रमेश पोखरियाल जी का धन्यवाद करता हूँ कि उन्होंने एक बहुत अच्छा प्रस्ताव दिया है।

**श्री रमेश बिधूड़ी (दक्षिण दिल्ली) :** महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मुझे लगा कि पहले अनुराग जी बोल लें, क्योंकि उनका दर्द है, इसलिए मैं चुप बैठा रहा। उनकी पीड़ा जायज है। अनुराग जी, हम भी अरावली की श्रृंखला में पहाड़ों में ही रहते हैं, चाहे दिल्ली में ही रहते हों। पहाड़ का दर्द अपने आप में अलग है। लेकिन मैं केवल पहाड़ के दर्द या हिमाचल प्रदेश, उत्तरांचल और हिमालय पर्वत की बात न करते हुए देश की संस्कृति के बारे में बात करना चाहता हूं। हमारे देश की जो संस्कृति है, निश्चित रूप से उसके बारे सत्यपाल जी ने भी कहा, अनुराग जी ने भी कहा, वह निश्चित रूप से पर्वतों से निकलकर आयी है। दुर्भाग्य देश का यह रहा है कि निर्णय लेने वाले लोग ढाई से तीन हजार किलोमीटर की रेंज में फैली हिमालय की श्रृंखलाए हैं, और उनके बारे में निर्णय लेने वाले लोग इस पृष्ठभूमि के न होकर ए.सी. कमरों में बैठकर निर्णय लेते हैं, मुझे लगता है कि उनको वहां के लोगों के दर्द के बारे में जानकारी नहीं है। इसीलिए पोखरियाल जी प्राइवेट मेंबर बिल लाये हैं, वह इसी पीड़ा को देखते हुए लाये हैं। उसमें उन्होंने कहा है कि एक स्पेसिफिक एकाउंटिबिलिटी किसी व्यक्ति की फिक्स हो, स्पेसिफिक एक अलग से मंत्रालय हो, डिपार्टमेंट हो, जिससे अगर वहां किसी भी प्रकार की कोई घटना घटे, त्रासदी हो, उसकी सुरक्षा हो, उसकी रक्षा हो। एक व्यक्ति की एकाउंटबिलिटी फिक्स होनी चाहिए। अब अलग-अलग डिपार्टमेंट के लोग, कृषि मंत्री, हिमालय में अंदर क्या कृषि हो रही है, उत्तरांचल या हिमाचल प्रदेश में क्या कृषि हो रही है या सिक्किम के अंदर क्या आर्गेनिक खेती हो रही है, वह कृषि मंत्री देश की समतल भूमि के बारे में सोचेगा। लेकिन निश्चित रूप से अगर हिमालय की बात करें तो हिमालय की जो भौगोलिक स्थिति है, वहां का कोई रहने वाला व्यक्ति है या उसी की चिंता करने वाला व्यक्ति वहां की चिंता ज्यादा कर सकता है।

**<u>17.06 hrs</u>** (Shri Ramen Deka *in the Chair*)

महोदय, इस भौगोलिकता के साथ-साथ अगर हम हिमालय की बात करेंगे, तो हिमालय की श्रृंखला के साथ-साथ वहां पर जो ग्लेशियर आज डाउन होते चले जा रहे हैं, पिघलते चले जा रहे हैं, ऐसा जलवायु के कारण हो रहे हैं। अगर हमारी जलवायु खराब है, पर्यावरण अगर खराब है तो पर्यावरण के कारण जलवायु खराब होती जा रही है। पर्यावरण की चिंता नहीं होनी है, उस मंत्रालय को उस बात की चिंता ही नहीं है, जो और मंत्री बने बैठे हैं। अगर कोई पहाड़ों की चिन्ता करने वाले स्पेसिफिक मंत्री होंगे, मैं उसी बात एकाउंटबिलिटी पर आ जाता हूं कि ग्लेशियर अगर इसी प्रकार से डाउन होते चले गये तो जो नदियाँ हमारी निकलकर आती हैं, जो पूरे देश के अन्दर 50 परसेंट, देश को कृषि की सिंचाई के लिए, पीने के लिए पानी की व्यवस्था नदियाँ करती हैं, वे नदियाँ लुप्त हो जायेंगी।

महोदय, दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि कहीं न कहीं निश्चित रूप से भारत की जो हमारी संस्कृति है, पूर्वजों ने भी कहा है कि जो अपनी नींव को भूल जाये, फाउंडेशन को भूल जाये, वह देश भी कभी नहीं रहता, इतिहास में वह समाज भी कभी नहीं रहता और वह प्रजाति भी कभी नहीं रहती है। भारत की जो पहचान है, वह ऋषि, मुनियों के देश के रूप में कही गयी है। बड़े-बड़े देवी-देवता हमारे तप करने के लिए आये, वे सारे देवी-देवताओं के साथ पहाड़ों के ऊपर आश्रित हैं। उस भूमि को कहीं न कहीं देवभूमि कहा गया है। वह अलग बात है कि जितने हमारे पहाड़ के भाई बैठे हुए हैं, ये इस बात का पालन नहीं कर रहे हैं। अतिथि देवो भवः कहा जाता है, तो हमें और सत्यपाल जी को तो पहले बुलवाना चाहिए था, हम तो इनके फेवर में बोल रहे हैं तो हम तो अतिथि हुए। हम इनके पहाड़ों की बात कर रहे हैं। अतिथि देवो भवः वहां पर नारा दिया गया है। हमारे जो ऋषि-मुनि हैं, जिन्होंने तप करके 250-300 बर्ष का जीवन जिया है, कहीं न कहीं अगर उनको तप करने के कारण आध्यात्मिक शक्ति मिली है तो उन्हीं पहाड़ियों की श्रृंखला में मिली है।

महोदय, वहां पर जो आर्गेनिक खेती की बात की जा रही है, कम से कम 19 से 20 हजार प्रकार की जड़ी-बूटियां पहाड़ों के अन्दर पैदा होती हैं। अगर उन जड़ी-बूटियों की रक्षा करनी होगी तो कहीं न कहीं पहाड़ के रहने वाले लोग या पहाड़ की जो हमारी व्यवस्थाएं हैं, उनको सुचारू रूप से सुधारना पड़ेगा। वरना वहां से पलायन करके अगर लोग मैदानी इलाकों में आते चले जायेंगे, वहां पर उन्हें रोजगार नहीं मिलेगा, उनकी चिन्ता नहीं की जायेगी तो कहीं न कहीं हमारे जो सीमावर्ती देश हैं, जैसे चाइना से मिलते हुए हिमालय की तरफ अगर हम जायेंगे या अरूणाचल प्रदेश की तरफ हम चले जायें और वहां पर बॉर्डर में सिक्योरिटी की जो प्रॉब्लम आती है, तो कहीं न कहीं उन लोगों का देशभक्ति के प्रति मन टूटता होगा कि ये देश के लोग हमारे बारे में जब कम सोचते हैं तो सीमा की सुरक्षा के बारे में उनकी चिन्ता भी कम होती होगी।

महोदय, कोई भी मनुष्य पहले अपने पेट के बारे में, अपने जीवन के बारे में पहले सोचने का प्रयास करता है। ये नारे कहने के लिए हैं कि देश सबसे पहले है, देश के बाद राज्य है, राज्य के बाद मैं स्वयं हूं, लेकिन कहीं न कहीं यह भावना पनपती चली जा रही है कि सीमावर्ती जो इलाके हैं, वहां पर वे सीमायें सुरक्षित नहीं हैं। उनकी चिन्ता वहीं के लोग करेंगे, वहीं के लोग वहां ठहरकर रहेंगे तो जो घुसपैठ होती है, सरकार कहीं पर नदियों के बहाने से, कहीं पहाड़ों के बहाने से वहां बाउन्ड्री नहीं कर पाती, वायर फेन्सिंग नहीं कर पाती है। अगर उनकी चिन्ता की जायेगी तो उनके अन्दर देशभक्ति का जज्बा और ज्यादा बढ़ेगा। कहीं न कहीं यह चीज घूमकर आयेगी कि अगर उनके बारे में सरकारें चिन्ता निश्चित रूप से करेंगी, भाई अनुराग जी भी कह रहे थे, उनकी पीड़ा भी आपने देखी। वे दिमाग से नहीं बोल रहे थे, दिल से बोल रहे

थे, आत्मा से बोल रहे थे। उनका दर्द बोल रहा था। अनुराग जी अभी बोल रहे थे, लेकिन अब चले गए हैं। ...(व्यवधान) अच्छा, वे उधर बैठ गए हैं। अरे भाई! बड़ी मुश्किल से तो इधर आए हैं, इधर आओ ना। ...(व्यवधान) उनका दर्द बोल रहा था। तो कहीं न कहीं जो उनकी पीड़ा थी उसके बारे में हमारी सरकार को चिन्ता करनी चाहिए। सरकार चाहे कोई भी हो, आज चाहे एन.डी.ए. की सरकार है, लेकिन एन.डी.ए. की सरकार होने के बाद भी यह प्रस्ताव प्राइवेट मैम्बर्स बिल के रूप में लगाया है। कहीं न कहीं मैदानी इलाकों में भी हमें नदियों को सुरक्षित रखना है। पहाड़ों में पर्यावरण के अनुसार वनों को सुरक्षित रखा जाना चाहिए, क्योंकि हमारे देश के अंदर 60 प्रतिशत वन पहाड़ों में हैं। उन वनों की अगर रक्षा नहीं होगी, तो फिर कहीं न कहीं पर्यावरण का मामला खराब होता है जिसके कारण वे ऐसा महसूस करते हैं।

SHRI KONDA VISHWESHWAR REDDY (CHEVELLA): Sir, thank you for this opportunity. India is a very diverse country. The needs of one region cannot be fully understood by the people of another region. But more importantly, the potential of one region may not be understood by the people of another region. Even if they do understand in the larger interests of the nation, the potential of the hill States may not be recognized. Therefore, definitely there should be a special emphasis and maybe as the Member who brought this Resolution, I think, there is a need for a separate Ministry for the Himalayan States, the hill States.

The potentials are definitely not recognized. The entire national receipts by the Ministry of Forests are only Rs.254 crore. But if the potential of the forests is recognized just from these hill States, it can be actually Rs.2,000 crore. The potential for tourism is not fully recognized – both the receipts of both the States and the Centre are marginal. About skiing, billions of dollars are earned by the smallest European countries but all of us know Himalayan range has a huge potential. What is the revenue? Almost negligible; it is only capital expenditure but hardly any revenue.

We have numerous sports like river rafting, kayaking, trout fishing, the famous Maheshi fishing but almost no revenues to the States and of course, to the Central Government. We have recently discovered the potential for uranium and thorium mining in Leh. There is not even a detailed study conducted, although it was discovered, though the potential is huge. But more importantly, which is more important to the nation and to the world is that the hill States can potentially become renewable energy Capitals of India. The solar energy, the solar irradiation in some of the Himalayan States is more than twice of even Rajasthan but the solar energy is not fully utilized. I think, this Government is going to do it. But the problem with the solar energy is, it needs to be utilized, transmitted and distributed. But there are no industries. So, transmitting all the way from Leh to the rest of the country where industries are, is going to be phenomenally

expensive. So, why not the industries also be set up in these hilly States where we have renewable energy resources? But it is not just solar energy; we also have green energies like wind energy and hydro electric energy which our country require.

Lastly I will come to transportation. I am actually from the Central India, and we do not have very big mountains where I come from but I have the opportunity to visit almost all the hill States. I discovered some phenomenal vegetables, fruits and berries and I remember one such vegetable is *lengdi* from Uttarakhand which is phenomenally delicious. If anyone goes to Uttarakhand, I will request him to get that particular vegetable. In Delhi, you can get the German asparagus and you can get the European green asparagus which tastes similar to *lengdi*, but I cannot get *lengdi* of our own hill States.

So, I think transportation is critical and this has to be a focus. As I mentioned, this cannot be the focus of the Ministry of Transport or the Ministry of Environment and Forests. A separate Ministry is definitely required. With these words, I support the Resolution.

Thank you for the opportunity.

**श्री एस.एस.अहलुवालिया (दार्जिलिंग):** महोदय, मैं हिमालय की रानी कहे जाने वाले दार्जिलिंग क्षेत्र से आता हूं जिसे हिमालयन क्वीन कहा जाता है। डॉ. रमेश पोखरियाल जी ने एक अच्छा विषय रखा है और मुझे हिचक हो रही थी कि मैं इस बारे में बोलूं या नहीं बोलूं। क्योंकि इन्होंने हिमालय राज्यों की बात कही है, जबकि मैं हिमालय राज्य से नहीं बल्कि हिमालय क्षेत्र से आता हूं। एक ऐसा क्षेत्र, जहां से पवित्र कंचनजंगा के दर्शन होते हैं। कोटि-कोटि लोग सवेरे टाइगर हिल्स पर सूर्य उदय के समय, और कंचनजंगा पर सूर्य की किरणें जब पड़ती हैं, तो चमकती हुई सूर्य की किरणों का दर्शन करते हुए सूर्य को जल चढ़ाते हैं। मूलतः इनके संकल्प का जो आधार है कि हिमालयन संस्कृति की रक्षा करना, प्राकृतिक आपदा से बचाना, सामाजिक और आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करना और राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी उतना ही ध्यान देना, जितना कि उपरोक्त विषयों पर मैंने कहा। उसके लिए इस इलाके को बचा कर रखने के लिए यहां के लोगों को खुशहाल बनाने के लिए त्वरित विकास हो सके, उसके बारे में सोचना। जब मैं इनका संकल्प पढ़ रहा था तो मुझे हमारे प्रधानमंत्री जी की दूरदर्शिता पर गर्व हो रहा था कि उन्होंने जिस वक्त ब्रांड इंडिया का स्लोगन 5-टी बनाया तो उसमें कहा कि टेलेंट, ट्रेडिशन, टूरिज्म, ट्रेड एंड टेक्नोलोजी। मैं अगर टेलेंट की बात करूं तो टेलेंट का अभाव हिमालय क्षेत्रों में कम नहीं है। जैसा कि हमारे अनुराग जी कह रहे थे कि किस तरह से रणबांकुरे भारत माता की रक्षा करने के लिए अपने प्राणों की आहूति देने के लिए जरा भी नहीं हिचकते हैं। वह हिमालय क्षेत्र हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और किस तरह से अरूणाचल के बारे में कह रहे थे कि चीन की लड़ाई के वक्त क्या किया, मैं उस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करता हूं जहां गर्वीले गोरखा रहते हैं और उनका जब रणभूमि में नारा चलता है, तो एक तरफ 'हर-हर महादेव' की पुकार होती है तो दूसरी तरफ 'जय-जय माँ काली आयो रे गोरखाली' और तीसरी तरफ 'जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल' करते हमारे देश के रणबांकुरे भारत माता के आंचल की रक्षा करने के लिए अपने प्राणों की आहूति देते नज़र आते हैं।

HON. CHAIRPERSON : Ahluwalia *ji*, just wait for a minute.

Hon. Members, the extended time for discussion on this Resolution is over. As there is one more speaker to take part in the discussion on the Resolution, the House has to extend time for further discussion on the Resolution.

If the House agrees, the time for discussion may be extended by half-an-hour.

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

HON. CHAIRPERSON: Okay; thank you.

**श्री एस.एस.अहलुवालिया :** सभापति महोदय, मैं टैलेन्ट की बात कर रहा था। मातृभूमि की सेवा करने वाले रण बांकुरों से अच्छा टैलेन्ट और कहां मिल सकता है? यह हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री का पहला "टी" विद्यमान है इस हिमालय की गोद में।

महोदय, मैं उस क्षेत्र से आता हूं जहां तेनज़िंग शेरपा ने जन्म लिया था। वर्ष 1953 में, जब ये सुविधाएं नहीं थीं, उसके बावजूद वह हिमालय की चोटी पर तिरंगा झंडा फहराने के लिए पहुंच गया। एडमंड हिलैरी और जॉन उसके बाद पहुंचे। पर यह दुर्भाग्य है कि हम आज तक तेंज़िंग शेरपा को भारत-रत्न से विभूषित नहीं कर सके। मैं उम्मीद करता हूं कि हमारी सरकार उन को इस मान से, इस सम्मान से विभूषित करेगी।

इसके बाद नरेन्द्र भाई का दूसरा "टी" आता है। वह है - ट्रैडीशन, हमारी संस्कृति की रक्षा। अगर देखें तो एक तरफ लेह से जो भारतीय संस्कृति शुरू होती है, जम्मू-कश्मीर से जो संस्कृति शुरू होती है, वह हिमाचल होते हुए उत्तराखण्ड, दार्जिलिंग, सिक्किम, अरूणाचल प्रदेश, और उसके बाद मैं इन्हें इस से वंचित नहीं रखता, यह संस्कृति नागालैण्ड, मिज़ोरम, मणिपुर और मेघालय तक जाती है। ये भी हमारे ही अंग हैं। हमारे ही बढ़े हुए अंग है। अगर भारत माता का मुकुट लेह से शुरू होता है, कश्मीर से कन्याकुमारी तक जाता है तो उनकी फैली हुई भुजाएं, जिसको पहले हम नेफा कहा करते थे, वहां तक और मेघालय तक हैं। एक तरफ भुज में कोटेश्वर मंदिर है। वहां दाहिनी भुजा फैली हुई है। ये भुजाएं वहां तक जाती हैं। उस भारतीय संस्कृति की भी रक्षा करनी है। एक तरफ हम चीन, पाकिस्तान और एक छोटे हिस्से में अफ़गानिस्तान का बॉर्डर देखते हैं और वहां से निकल कर जब हम अरूणाचल प्रदेश पहुंचते हैं तो एक नमस्कार का नया नियम "जय हिन्द" का नारा है। पूरे देश में कोई सलाम-आलैक़ुम कहता है, कोई सत् श्री अकाल कहता है, कोई नमस्कार कहता है, कोई राम-राम कहता है, कोई नमस्ते कहता है, पर अरूणाचल प्रदेश एक ऐसा राज्य है जहां हिमालय की गोद की रक्षा करने के लिए वहां का हर नागरिक "जय हिन्द" कहता है। यह हमारे ट्रैडीशन की रक्षा करने के लिए है। एक तरफ हमारे जो विश्वास हैं कि हमें चार धामों की यात्रा करनी होती है तो हमें जाना पड़ता है, हमें केदारनाथ, बद्रीनाथ भी जाना पड़ता है, शंकराचार्य के यहां भी जाना पड़ता है, अमरनाथ भी जाना पड़ता है, लेह में पत्थर साहिब भी जाना पड़ता है, हेमकुण्ड साहिब भी जाना पड़ता है, नैना देवी भी जाना पड़ता है, वैसे ही हमें बौद्ध मॉनेस्ट्री के लिए तवांग भी जाना पड़ता है। ये सारे दर्शन होते हैं। उसी पहाड़ियों के बीच में मां कामाख्या देवी का मंदिर भी है, माता वैष्णो का मंदिर भी है।

तीसरा "टी" आता है टूरिज्म का। टूरिज्म फोर रिलीजन है, टूरिज्म फोर ट्रेकिंग है, टूरिज्म फोर टी है, टूरिज्म फोर इकोलॉजी है, टूरिज्म फोर माउंटेन है, टूरिज्म फोर स्कीइंग है। इसमें सारे टूरिज्म उपलब्ध हैं और इस पहाड़ी क्षेत्र में ही, हिमालय क्षेत्र में ही उपलब्ध हैं। अगर प्रधानमंत्री का एक और टी मजबूत करना है, तो इस टूरिज्म को भी हमें इसमें जोड़ना पड़ेगा। उसके बाद आता है ट्रेड, व्यापार। व्यापार में हमारी वन संपदा और खनिज संपदा है, बहुत सारी औषधि और फल-फूल हैं। मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, वहां पर एक उपज है, जो नेचुरल दवाई है सिनकोना, सिनकोना दवाई कुनेन बनाने के लिए नेचुरल प्रोडक्ट है और यह दुनिया में केवल एक जगह पैदा होता है, बाकी जगह वह सिंथैटिक है। वह सिनकोना मंग्पू में पैदा होता है। यह कलिंगपोंग और कर्सियांग के इलाके में पड़ता है। वहां 150 वर्षों से खेती हो रही है। वहां खेती करते-करते आज उन्होंने वहां लेपकेक और टेक्सस जो एंटी कैंसर मेडिसिन के लिए जो औषधियां हैं, उनका भी उत्पादन शुरू किया है। इसमें से एक्सट्रैक्शन के लिए ब्रिटिश समय का वहां कारखाना लगा हुआ है। वहीं पर चाय बगान से जो दार्जिलिंग थ्री टी के लिए जाना जाता है, दार्जिलिंग टी, दार्जिलिंग टिम्बर और दार्जिलिंग टूरिज्म। मैं प्रधानमंत्री जी के फाइव टी के साथ अगर इन तीन टी को जोड़ूं तो यह भी वहां पर होता है।

महोदय, पर दुर्भाग्य यह है कि आज भी पूरे देश में मिनिमम वेजेज तो 100 से ऊपर हो गये, कहीं-कहीं 200 से ऊपर हैं और कहीं-कहीं तो 300 से ऊपर है, किन्तु चाय बगान के मजदूरों को अभी भी 95 रूपये प्रतिदिन मिलते हैं, क्योंकि उनका कोई माई बाप नहीं है। इसका भी कोई मंत्रालय नहीं है। आज जो प्लांटेशन इंडस्ट्री है, चाहे वह रबर हो, चाहे कॉफी हो, चाहे कैडमम हो, चाहे चाय हो, इसका कोई अलग से मंत्रालय नहीं है। लोहा खनिज पदार्थ है तो उसके लिए स्टील मिनिस्ट्री है, कोयला खनिज है तो उसके लिए कोल मिनिस्ट्री है, वस्त्र घर-घर में बनते हैं या कारखानों में बनते हैं तो उसके लिए टेक्सटाइल मिनिस्ट्री है, किन्तु जो किसान, जो वर्कर, जो मजदूर जमीन से सोना उगलाता है, प्लांटेशन इंडस्ट्री के माध्यम से उसके लिए प्लांटेशन मिनिस्ट्री नहीं है। ...(व्यवधान) वह बोर्ड है, टी बोर्ड है, रबर बोर्ड है, कॉफी बोर्ड है, स्पाइस बोर्ड है और वह भी कॉमर्स मिनिस्ट्री के अंडर है। अगर इसको ट्रेड के साथ जोड़ना है तो इसको पहले मंत्रालय का स्थान तो दीजिए। आज हमारे प्रधानमंत्री का जो ट्रेड का टी है, वह भी यहां पर विद्यमान है। इसकी अगर रक्षा करनी है तो इसको भी लागू करना पड़ेगा।

पांचवां है टेक्नोलॉजी। चाहे हमें पहाड़ में टूरिज्म करना हो, तो महोदय, मै एक ऐसे राज्य से आता हूं, जहां पर वर्ल्ड हैरीटेज ट्रेन जो यूनेस्को ने वर्ष 1999 में दी, जो दार्जिलिंग ट्रेन है, वह ट्वाय ट्रेन के नाम से जानी जाती है। यह वर्ष 1881 में शुरू हुयी और अभी तक चल रही है। वर्ष 2010 में लैंड स्लाइड और

वर्ष 2011 में अर्थक्वेक न हुआ होता, तो वह ट्रेन शायद सीधी जाती। आज की डेट में वह सिलीगुड़ी से गयाबाड़ी तक जाती है और फिर पगलाघोड़ा से दार्जिलिंग तक जाती है।

महोदय, इतनी ऊंचाई पर घूम स्टेशन दुनिया का सबसे ऊंचाई पर बना हुआ रेलवे स्टेशन है, जो वर्ल्ड हैरीटेज मैप पर लिखा हुआ है। वह स्थान भी वहां है। अगर उसकी भी रक्षा करनी है तो हमें एक मंत्रालय तो चाहिए। पोखरियाल जी ने बहुत अच्छा विषय रखा है, पर हर विषय के साथ में उसका नामकरण भी होना चाहिए। हमारे यहां तो अगर किसी की शादी हुयी हो और वह गर्भधारण कर ले, तो लड़का होगा तो यह नाम रखेंगे, लड़की होगी तो यह नाम रखेंगे, यह पहले निश्चित कर लिया जाता है। यह पहले ही मां-बाप सोच लेते हैं। अगर पंडित जी नहीं बताते हैं तो फिर आदमी उसे प्यार से उसी नाम से बुलाने लगता है। ऐसा ही होता है। मंत्रालय को जन्म देने के पहले। ...(व्यवधान) पता नहीं, यह होगा या नहीं होगा। यह तो बाद की बात है, परन्तु मंत्रालय का नामकरण होना बहुत जरूरी है। हम ने उत्तर पूर्व राज्य के लिए तो डोनर मिनिस्ट्री बनाई थी। डोनर था - डिपार्टमेंट ऑफ नॉर्थ ईस्ट रीजन। मैं कहना चाहता हूं कि हमें यहां डिपार्टमेंट नहीं चाहिए, हमें मिनिस्ट्री ऑफ हिमालयन रीजन चाहिए, एम.ओ.एच.आई.आर, 'मोहीर'। अगर, 'मोहीर' चाहिए, अगर ऐसा मंत्रालय मिलेगा तो हम समझेंगे कि हमारे दूरदर्शी प्रधानमंत्री ...(व्यवधान) आप 'मोहर' ही बना दीजिए। आप कुछ तो बनाइए। आप तो सक्षम हैं। आप प्रधानमंत्री कार्यालय में हैं। आप 'मोहर' ही बना दीजिए, लेकिन आप मुगल साम्राज्यवाद की मुहर मत बना दीजिएगा। हमारी मुद्राओं की 'मोहर' बनाइए। जिस 'मोहर' से हम हिमालय संस्कृति की रक्षा कर सकें और इस संस्कृति की रक्षा करते हुए, हम यहां पर फले-फूलें। अगर, मैं दार्जिलिंग के बारे में बोलूंगा तो मुझे बहुत कुछ बोलना पड़ेगा। मैंने इस समय दार्जिलिंग के विषय को नहीं छुआ है। मैंने अपने-आप को सिर्फ हिमालयन रीजन तक ही सीमित रखा है।

मैं जिस क्षेत्र से चुन कर आया हूं, उसके एक तरफ हिमालय है और दूसरी तरफ नक्सलवाड़ी है। नक्सलवाड़ी मेरे ही क्षेत्र का हिस्सा है, जहां नक्सवाद पैदा हुआ। नक्लसवाद पैदा होने का कारण था - उपेक्षा। उस रीजन की उपेक्षा हुई तो वहां नक्सलवाद पैदा हुआ, जो आज पूरे देश के लिए सिर दर्द बना हुआ है। नक्सलवाद तो समाप्त हो गया है लेकिन उसने माओवाद का रूप धारण कर लिया है और यह तिरूपति से पशुपति तक फैला हुआ है। वह भी हमारे बगल से ही गुजरता है। मैं इतना ही कह कर पोखरियाल जी के संकल्प का समर्थन करता हूं। मैं उम्मीद करता हूं कि सरकार इस पर चिंता करेगी। हम लोगों को संकल्प लाने का मुख्य उद्देश्य यही होता है कि फूड फॉर थॉट। हम कुछ विषयों को ले कर सरकार को उद्वेलित करना चाहते हैं और सोचने के लिए मजबूर करना चाहते हैं कि जनता की यह भी मांग

है, आप इस पर भी विचार करिए। सिर्फ अमल तंत्र पर अर्थात् ब्यूरोक्रैसी पर विचार कर के ही लेजिस्लैशन मत बनाइए। आप जनता की आवाज पर भी कुछ लेजिस्लैशन बनाइए जिससे जनता की भलाई हो सके।

**श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) :** सभापति महोदय, श्री पोखरियाल जी यह विषय संकल्प के रूप में इस मंदिर में लाये है, सचमुच भगवान ने उनमें प्रेरणा जगाई है। आज से मात्र एक साल पहले, उत्तराखंड की उस त्रासदी के समय में, मैं अपने परिवार के साथ चारों धाम की यात्रा में निकला था।

महोदय, आपको मालूम होना चाहिए कि यह यात्रा कितनी विकट है। मैं वर्ष 1977-78 से हर साल केदारनाथ जी का दर्शन करने के लिए छटपटाता रहता था, लेकिन प्रभु की क्या माया थी, मैं पूर्णकालिक कार्यकर्ता विधार्थी परिषद में उस समय हुआ करता था। मैं रास्ते में गया तो पता चला कि भू-स्खलन के कारण यात्रा स्थगित हो गई है। मुझे वहां से वापस लौटना पड़ा था। मैं बिहार सरकार में मंत्री रहा हूं एवं उसके पहले पांच बार विधायक रहा हूं। मैं पर्यावरण समिति का भी चेयरमैन था। कई बार कार्यक्रम बनते-बनते, मैं वहां नहीं जा पाता था। मैं इस घटना का वृत्तांत रख रहा हूं, आज मैं अन्य मुद्दों पर नहीं जाना चाहता हूं। मैं केवल इस घटना पर कंसन्ट्रेट करने के बाद, मैं आपको बताऊंगा कि पोखरियाल जी का यह संकल्प क्यों जरूरी है। जब मैं यह बात कहता हूं तो मेरे आंसू झलक आते हैं। भगवान न करे वह त्रासदी किसी और को झेलनी पड़े। चार दिनों तक मंदिर के उस गर्भ गृह में अपने परिवार के 15 लोगों को ढाढस दिलाते हुए 16 तारीख की रात से तीन बार पानी में डूबने के बाद 17 तारीख को प्रात: काल मैंने देखा कि गांधी सरोवर फट गया। मुझे लगा कि यह कौन सा पहाड़ टूट गया। मैंने सुना था, कोई विपत्ति आ जाती है तो लोग कहते हैं कि पहाड़ टूट गया। मेरा छोटा पोता मात्र दो साल दो महीने का था। आपको विश्वास कराता हूं कि हम रातभर बद्रिका धाम से चलकर 15 तारीख को पहुंचे थे। जब मैं बद्री धाम से श्री केदारनाथ जा रहा था तो बद्रीनाथ में पूजनोत्सव पर ही डा. मुरली मनोहर जोशी जी का टेलीफोन आ गया। उन्होंने कहा कि आप कहां हैं। मैंने कहा कि मैं चारों धाम की यात्रा पर निकला हूं। उन्होंने सांत्वना दी, बहुत अच्छा, यात्रा बहुत अच्छे ढंग से कीजिए।

मैं उस यात्रा की कुछ घटनाओं की ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। आपके माध्यम से पूरे देशवासियों को भी यह जानकारी हो। जब मैं रात को बद्रीनाथ से गया तो बहुत तेज बारिश हो रही थी। पता नहीं उस समय मेरे मन में क्या भाव उठे। हमारे साथ दो गाड़ियां थीं। सिक्युरिटी के लोग थे। हमारे परिवार के सब लोग थे। उस समय बिहार में कुछ संकट उत्पन्न हो गया था। उस समय मैं बिहार का स्वास्थ्य मंत्री था। बद्रीनाथ में पूजा करने के उपरांत मैंने ड्राइवर को कहा कि अब वापिस चलिए। बिहार में कुछ संकट हो गया है और मेरे मन में भी अच्छी बातें नहीं आ रही हैं। ड्राइवर ने कहा कि बाबा, वह पहाड़ी देख रहे हैं बद्रीनाथ के ठीक ऊपर, वही श्री केदारनाथ जी हैं। उस जमाने में बद्रीनाथ का पंडित उस पहाड़

से उस पहाड़ तक आता था और शाम तक फिर बद्रीनाथ वापिस आ जाता था। जब उसने बताया तो मेरे रोंगटे खड़े हो गए। मैंने कहा कि मुझे उस चोटी पर जाना है। मैं आज दर्शन कर लेता हूं। दर्शन के बाद मैंने बच्चों से कहा कि हरिद्वार चलो। वहां प्रणाम करके पटना की ओर प्रस्थान करेंगे। आगे फिर कभी श्री केदारनाथ के दर्शन करेंगे क्योंकि मेरे मन में कई भाव उठ रहे थे। श्री केदारनाथ यात्रा से ठीक पहले ऊखी मठ में रात को लगातार तेज बारिश हो रही थी। उस तेज बारिश में बड़े-बड़े पत्थर टूटकर गिर रहे थे। मैंने कभी वह दृश्य नहीं देखा था। मैं पठारी क्षेत्र का रहने वाला हूं।...(व्यवधान) इस घटना को सुन लीजिए। मेरी वेदना भी सामने आ जाएगी। अगर कुछ समय बढ़ाना है तो बढ़ा दीजिए।...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** आप एक मिनट में कनक्लूड कीजिए क्योंकि मंत्री जी ने जवाब भी देना है।

...(व्यवधान)

**श्री अश्विनी कुमार चौबे :** मैं अपने भाषण को केवल इसी में कनसैंट्रेट कर रहा हूं, दूसरी तरफ नहीं जाऊंगा।...(व्यवधान)

मैं कह रहा हूं कि उस समय रात को लगभग 11 बज रहे थे। जब मैंने पहाड़ों को टूटते हुए देखा, पत्थर टूटकर गाड़ियों के सामने गिर रहे थे। मैंने कहा इतना विकराल संकट। मैंने उसी समय देखा कि ऊखी मठ के पास मेरी गाड़ी का सामने एक बाघ आकर खड़ा हो गया। परिवार के सब लोग घबरा गए। ड्राइवर ने लाइट ऑफ कर दी। मैंने कहा बत्ती जलाओ। बत्ती जलते ही मैंने बाघ को प्रणाम किया। मैंने कहा मुझे तो साक्षात भगवती के दर्शन हो गए। जिस भगवती की रोज आराधना और पूजा करता हूं, जिस पर मां भगवती सवार रहती हैं, वही बाघ दिखाई पड़ रहा था। वह दाहिनी ओर चला आया और हमें गुर्राकर देख रहा था। हम लोग आगे बढ़ गये। केदारनाथ की वह तीनों दिन की घटना मुझे आज भी याद है। हमारे परिवार के सात लोग चले गये, उसका गम तो हमें है ही, किन्तु ...(व्यवधान)

**माननीय सभापति :** चौबे जी, समय बहुत कम है, इसलिए आप अपनी बात समाप्त कीजिए।

...(व्यवधान)

**श्री अश्विनी कुमार चौबे :** महोदय, मैंने हजारों लोगों को कागज की पुड़िया की तरह बहते हुए देखा था। आज भी वे पथरीली आंखें हमसे पूछ रही हैं कि बताओ, केदारनाथ में ऐसी बातें क्यों हुईं, उत्तराखंड में ये बातें क्यों हुई?

महोदय, चूंकि समय नहीं है, इसलिए मैं संक्षेप में इतना ही कहना चाहता हूं कि उत्तराखंड की त्रासदी होती है, तो फिर से हिमालय पर नीति बनाने की मांग शुरू हो जाती है। पर्यावरण विशेषज्ञों से लेकर तमाम लोगों, राजनीतिज्ञों की मांग शुरू हो जाती है। उस समय जो घटना घटी थी, संयोग से भारत के

वर्तमान प्रधान मंत्री और उस समय के मुख्य मंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी का हमें वहीं टेलीफोन गया था। उनसे बात होती है और उसके 10 मिनट बाद वह घटना 16 तारीख की रात घट जाती है। 17 तारीख को घटती है और 18 तारीख को हम सब लोग किस प्रकार से असुरक्षित रहे, वह हम बता नहीं सकते। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : Please conclude.

Now, the hon. Minister is to reply.

**श्री अश्विनी कुमार चौबे :** मैं केवल इतना कहना चाहता हूं कि इस घटना के पहले अगर एक मंत्रालय होता, तो अच्छा होता। रात में हमारी टेलीफोन से बात होती है। उस त्रासदी में हमारे साढू सुबोध मिश्रा जी मर गये। वे वरिष्ठ पत्राकार थे। उन्होंने रात में ही सारे मंत्रालयों को टेलीफोन किया। भारत सरकार के गृह मंत्रालय से लेकर बिहार सरकार के सब मंत्रालयों को टेलीफोन किया, लेकिन कोई भी हजारों लोगों की जान बचाने के लिए आगे नहीं आये। ...(व्यवधान)

महोदय, अगर एक मंत्रालय होता ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Time is running out.

**श्री अश्विनी कुमार चौबे :** हिमालियन रेंज का अगर एक मंत्रालय होता, तो आपदा प्रबंधन भी जग जाता। वहां आपदा प्रबंधन भी पूरी तरह से असफल रहा। जब मैं नीचे आया, तो मुझे अपने चेहरे को देखने से लग नहीं रहा था कि मैं वही अश्विनी हूं। हमारे सामने डॉ. रमेश पोखरियाल जी बैठे हुए हैं। ये हमें ऊपर हवाई अड्डे पर मिले थे। जब ये हेलीकॉप्टर पर सवार होकर आये, उस समय जब इनसे दर्शन हुए, तो मैंने कहा कि इसका कारण क्या है? ...(व्यवधान) पूरे क्षेत्र में भूस्खलन होता है, वह पूरी तरह से वर्षा ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: The Minister is standing.

… (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Nothing will go on record.

*(Interruptions)* … *

**श्री अश्विनी कुमार चौबे :** महोदय, मैं एक घटना बताना चाहता हूं। ...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: The hon. Minister is standing. Please conclude. Have you concluded your speech? The Minister will speak now.

---

* Not recorded.

**श्री अश्विनी कुमार चौबे :** महोदय, मैं अपनी बात को विराम देने से पहले इतना ही कहना चाहूंगा कि हिमालय क्षेत्र के लिए एक मंत्रालय का गठन हो, जिसके बारे में पोखरियाल जी ने कहा है, ताकि हम उसका संरक्षण और संवर्धन कर सकें।

**विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री, प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय में राज्य मंत्री, परमाणु ऊर्जा भाग में राज्य मंत्री तथा अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री (डॉ. जितेन्द्र सिंह) :** आदरणीय सभापति महोदय और यहां बैठे आदरणीय सदस्यगण। डॉ. रमेश पोखरियाल जी पिछले सप्ताह यह प्रस्ताव लेकर आये। उस पर आज भी चर्चा जारी रही, जिसका हम स्वागत करते हैं। डॉ. पोखरियाल हमारे अनुभवी सहयोगी हैं। इनका राजनीतिक जीवन में भी अनुभव रहा है। वे उस क्षेत्र के पूर्व मुख्यमंत्री भी रहे हैं। ये अपने अनुभव से बहुत सारे बिन्दु हमारे ध्यान में लाये।

मैं दूसरे मित्रों, जिन्होंने इस प्रस्ताव पर अपने विचार रखे हैं, उनका भी आभार व्यक्त करता हूं। बहुत सारी बातें हमारे ध्यान में आयीं। कुछ बातें छूट गयी थीं, वे पुनः स्मृति में आ गयी। कुछ बातें स्मृति में थीं, तो उनमें बढ़ोतरी हो गयी। हमारे बीच अहलुवालिया जी बैठे हैं। वे बहुत अनुभवी हैं। प्रहलाद जी, डॉ. सतपाल जी और हमारे मित्र अनुराग जी ने बड़े दर्द के साथ अपना प्रस्तुतीकरण किया। अब शायद वे उठकर चले गये हैं। मैं पिछले सप्ताह और आज भी बड़े ध्यान से सारी बातें सुन रहा था। उसका एक कारण यह भी था कि मुझे यह दायित्व सौंपा गया था। इस जिम्मेदारी के नाते इस प्रताप की चर्चा सुनकर उसका उत्तर भी प्रस्तुत करना है। परंतु साथ ही साथ, एक बड़ा हसीन इत्तिफ़ाक भी है कि इस सदन में इस समय प्रस्ताव प्रस्तुत करने वाले भी पहाड़ी क्षेत्र से आते हैं, जो बोलने वाले हैं, वे भी पहाड़ी क्षेत्र के हैं, जो थोड़े-बहुत सदस्य रह गये हैं, वे अधिकतर पहाड़ी क्षेत्र के हैं। मंत्रिपरिषद् के जिस सदस्य को यह दायित्व सौंपा गया है,वह भी पहाड़ी क्षेत्र का है। मैं इस व्यक्तिगत बात पर एक मिनट लेकर आगे बढ़ूंगा। शायद बहुत-से मित्रों को इस बात का ध्यान न हो कि मेरा पहाड़ी क्षेत्र, पहाड़ी भी है, पिछड़ा भी है, ऊँचा भी है और दूर भी है। साधनों की कमी भी है। चूंकि हमारा परिवार एक निम्न मध्यवर्गीय परिवार था, जिसे लोअर मिडिल क्लास कहते हैं। हम जब पाठशाला में पढ़ा करते थे, तो हमारे दूर-दराज़ के पहाड़ पर एक गांव है, वहाँ पर चिट्ठी पहुंचने में एक महीना लगता था। मेरे घर पर वह चिट्ठी भी तब पहुंचायी जाती थी, जब डाकिया के पास दो-चार चिट्ठियाँ जमा हो जाती थीं। डाकिया कहता था कि मैं एक चिट्ठी लेकर पहाड़ी थोड़े ही चढ़ता रहूंगा। जब हमारा प्रवेश कॉलेज में हुआ, वहाँ हम तीन विद्यार्थी थे, जिनमें से दो को कभी रेल यात्रा का अनुभव नहीं था। जिस प्रकार श्री चौबे जी बता रहे थे, इसी प्रकार परिषद् के कुछ लोगों ने हमारी सहायता की। कहने का तात्पर्य यह है कि पहाड़ी क्षेत्र की यह वेदना व्यक्तिगत तौर पर हमारे ध्यान में भी है और हमारे अनुभव में भी है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि पहाड़ी क्षेत्रों के अपने कुछ विशेष विषय हैं, समस्याएँ भी हैं, specific problems, which are very peculiar to the hill States more

so the Himalayan States. इसमें जैसा कि कहा गया है, साधनों के अभाव का भी एक विषय है। आपदाएँ आती हैं, उसका भी एक विषय है। यातायात का भी विषय है। मेरी दादी स्वयं सुनाया करती थीं, आज से 15 वर्ष पहले 95 वर्ष की आयु में उनका स्वर्गवास हो गया। आज से करीब डेढ़ सौ वर्ष पहले की बात वह सुनाती थीं कि जब उनका विवाह हुआ, तो हमारे गांव में प्रथा थी, उनकी माँ ने साथ ही उनकी डोली में लकड़ी भी रख दी। उन्होंने कहा कि अब हमारा मिलना तो नहीं होगा, अपनी सास को ये लकड़ी दे देना, यदि कभी कोई प्रतिकूल बात हो जाए, तो ये हमारी तरफ से उनको दे देना। कहने का तात्पर्य यह है कि यह वेदना है और ऐसा नहीं है कि सरकार इससे परिचित नहीं है। The Government is committed to address the issues related to the sustainable development of the Himalayan States and this is a statement being made on the Floor of the House. हिमालयन क्षेत्र के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। हिमालय क्षेत्र वास्तव में जैविक विविधता, सांस्कृतिक विविधता और मानव जाति की विविधता का एक समृद्ध भंडार है। जैसा कि हम इन दो दिनों की चर्चा में बोलते रहे। It is indeed repository of biodiversity, cultural and ethnic biodiversity.

यदि इस डायवर्सिटी का कोई सही नमूना विश्व में है, तो वह हिमालय का क्षेत्र है जिसकी ओर बड़ी सुंदरता से माननीय अहलुवालिया जी संकेत कर रहे थे। परंतु ऐसा नहीं है कि सरकार ने इस विषय में उचित ध्यान नहीं दिया या पर्याप्त ध्यान नहीं दिया। जैसा कि आपके ध्यान में होगा और मैं पुनः आपके ध्यान में लाने का प्रयास करूँगा। The National Mission of Sustaining Himalayan Eco-system has been launched under the National Action Plan for Climate Change. The focus of mission is on sustenance of Himalayan eco-system, which includes glaciers, biodiversity and traditional knowledge societies. यह एक विषय है। यह एक वैज्ञानिक शोध का भी काम करता है। The mission also focuses on rapid generation of capacities, including human and institutional activities between forces of nature and actions of mankind. जैसे माननीय वालिया जी सिनकोना के बारे में इशारा कर रहे थे। मैं भी चिकित्सक हूं।...(व्यवधान)

**श्री एस.एस.अहलुवालिया :** मेरा नाम अहलुवालिया है।

**डॉ. जितेन्द्र सिंह:** माफ कीजिए अहलुवालिया जी। क्षमा चाहता हूं, आप मेरे माननीय हैं और मेरा परिचय आपसे आज से नहीं है, कई वर्षों से है। समय का अभाव और ऊपर से यह दबाव कि जल्दी जवाब समाप्त करना है, शायद इसी कारण यह भूल हो गयी। मैं क्षमा चाहता हूं।

जैसा माननीय सदस्य सिनकोना ड्रग्स की बात कर रहे थे, सरकार इस ओर भी ध्यान दे रही है कि हिमालय क्षेत्र की जो क्षमताएं हैं, उनका भरपूर लाभ उठाने का प्रयास हो। A dedicated Mountain Division has also been established to contribute to the sustainable and migrated development of Himalayan region through integrated policies and programmes. बड़े हर्ष और संतोष की बात है कि इसी सत्र में आदरणीय वित्त मंत्री जी ने अपने बजट भाषण, 2014-2015 में 100 करोड़ रुपये का प्रावधान हिमालय स्टडीज नेशनल सेंटर की स्थापना के लिए किया है। It is for setting up of a National Centre for Himalayan Studies. आप यह अनुमान लगा सकते हैं कि सरकार के सत्ता में आने के मात्र छः सप्ताह में जो बजट आया है, उसमें विशेष ध्यान रखा जाता है इस क्षेत्र का। प्राथमिकता कितनी दी जाती है सरकार की ओर से, उसका अनुमान इस बात से लगता है कि all the 11 Himalayan States, which include Arunachal Pradesh, Assam, Himachal Pradesh, Jammu and Kashmir, Manipur, Meghalaya, Mizoram, Nagaland, Sikkim, Tripura and Jharkhand, have been accorded special category status by the National Development Council mainly for four reasons – hilly and difficult terrain, low population density, strategic location and non-viable nature of finances. ये जो स्पेशल कैटेगरी स्टेट्स हैं, मैं आपके ध्यान में लाना चाहता हूं।...(व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON : We extend the time of the House up to 6 o'clock.

DR. JITENDRA SINGH: Sir, I will finish in another two to three minutes.

This is an important aspect which is to be brought to the notice of the hon. Members that these 11 Himalayan States, which have been accorded special category status, get a number of benefits from the Central Plan Assistance which is more as compared to the general category states. जैसे कहा जा रहा था 10 प्रतिशत है, यह दूसरी बात है कि इस दस प्रतिशत को बढ़ाना है, 20 या 30 प्रतिशत करना है, लेकिन दूसरे राज्यों की तुलना में यह पहले से अधिक है। That in many of the Centrally sponsored schemes, the requirement of State's share for these States is at much lower level compared to the other States. जो सेंट्रली स्पांशर्ड स्कीम्स होती हैं, जिनमें सामान्यतः राज्य की ओर से भी कुछ कंट्रीब्यूशन रहता है, वह इन राज्यों से कम अपेक्षित रहता है। दोनों तरह से केन्द्र की ओर से यह प्रयास रहता है कि आर्थिक तौर पर इन राज्यों की जितनी सहायता हो सके, की जाए। हम इस बात से भी अवगत रहते हैं और इस बात का विशेष ध्यान रखते हैं that all the Himalayan States have blocks with

international borders. लम्बी सीमा रेखा है। ये सीमाएं जैसा अहलुवालिया जी कह रहे थे, लेह-लदाख से आरंभ होकर अरुणाचल प्रदेश तक, कहीं चीन और कहीं पाकिस्तान से लगती हैं और सीमा के आगे-पीछे रहने वाले लोगों की अपनी समस्याएं हैं। उसके लिए Border Area Development Plan, BADP पहले से ही सरकार ने स्थापित किया हुआ है for the balanced development of the border areas and to look after the specific problems of the border area people. अनेक प्राब्लम्स हैं, जैसे मेरे प्रदेश में बॉर्डर एरिया के लोगों की कुछ ऐसी जमीनें हैं, जो हमें सुरक्षा कारणों से सेनाओं को देनी पड़ती हैं। उनके लिए रिहैब्लिटेशन हो इत्यादि-इत्यादि। Therefore, keeping in view the special characteristics of the North Eastern States and majority of the Himalayan States, there is a provision of earmarking of funds of 10 per cent of the several Central Ministries, which already exists. जिसका उल्लेख अभी चर्चा में भी आया।

Therefore, to conclude, इस संकल्प के प्रति बड़े संवेदनशील तरीके से माननीय सदस्य ने उत्तराखंड की बात रखी। इस बात का भी हमें ध्यान है। कुछ ऐसे प्रश्न हैं, which are constantly susceptible to national disasters, which require increased cost and technical requirements for retrieval. इसलिए इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए कि सरकार पहले से ही प्रतिबद्ध है हिमालयान क्षेत्र के विकास के लिए and the Himalayan States are on the highest priority of the Government. The Government is committed to the sustainable development of the Himalayan States. At the same time, I must state before the hon. Members that for the time being the Government has no proposal for creation of a new Ministry to exclusively deal with matters relating to the development of the Himalayan States, and doing so may not be viable for the time being. मैं संक्षेप में इतना ही कहना चाहूंगा कि मात्र इस कारण से शायद अभी यह उचित नहीं रहे इस मंत्रालय की स्थापना करना इसलिए फिलहाल सरकार के पास यह प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है। अतः उक्त तथ्यों के मद्देनजर मैं माननीय सदस्य से निवेदन करूंगा कि वह अपने संकल्प को वापस लेने का मेरा अनुरोध स्वीकार करें। I will request the hon. Member to kindly withdraw the Resolution.

**डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक (हरिद्वार):** श्रीमन्, लगभग 17 सदस्यों ने इस संकल्प पर अपने विचार व्यक्त किए। मैं कहना तो बहुत चाहता था, लेकिन आपने समय की बाध्यता और सीमा मेरे सामने रखी है इसलिए संक्षेप में कहूंगा। मैं जज़्बात को नहीं समझ पाया कि जब पूरा सदन हर हाल में यह चाहता है। जितने भी

सदस्यों ने इस चर्चा में हिस्सा लिया, चाहे किसी भी प्रदेश के हों, हरेक ने इसकी चाहे सांस्कृतिक है, भौगोलिक है, चाहे सामरिक है या जल संसाधन है, चाहे आयुर्वेदिक है या साहसिक पर्यटन है या पर्यावरण है, दुर्लभ जगह हैं, चाहे वन सम्पदा है, चाहे राट्रीय एकता और अखंडता है, संस्कृति है, सब चीजों को लेकर यह कहा है कि यदि इस देश को सुरक्षित रखना है तो हिमालय का अलग क्षेत्र बहुत जरूरी है और उसके लिए मंत्रालय का गठन होना चाहिए।

मैं समझता हूं कि चाहे किसी भी पार्टी के सदस्य हों, चाहे किसी भी क्षेत्र से हों, हिमालयान रिजन के तो थे ही, लेकिन अन्य राज्यों के सदस्यों ने भी इस बात को पूरी प्रामाणिकता के साथ कहा है कि हर हाल में यह मंत्रालय बनना चाहिए। माननीय मंत्री जी ने भी इस बात को स्वीकारा है कि, हां, इसकी जरूरत है इसलिए मुझे पूरा भरोसा है कि यदि उन्होंने यह स्वीकार किया है तो निश्चित रूप से निकट भविय में यह मंत्रालय जरूर बनेगा। आपने कहा कि हमारी शीर्ा प्राथमिकता है। मैं इस भरोसे के साथ इस संकल्प को वापस लेता हूं कि निकट भविय में बहुत जल्द ही हिमालयान रिजन के विकास के लिए अलग से मंत्रालय बनेगा।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपना संकल्प वापस लेता हूं।

HON. CHAIRPERSON : Is it the pleasure of the House that the Resolution moved by Dr. Ramesh Pokhriyal 'Nishank' be withdrawn?

*The Resolution was, by leave, withdrawn.*

**17.59 hrs**

## (ii) Implementation of the recommendations of the National Commission on Farmers

HON. CHAIRPERSON: Hon. Members, before I call Shri Raju Shetti to move his Private Members Resolution regarding implementation of the recommendations of the National Commission on Farmers, the time for discussion on this Resolution has to be allotted by the House. If the House agrees, two hours may be allotted for discussion on this Resolution.

SEVERAL HON. MEMBERS : Yes, Sir.

HON. CHAIRPERSON: Okay. Now, Shri Raju Shetti.

**श्री राजू शेट्टी (हातकणंगले) :** मैं प्रस्ताव करता हूं :

> " यह सभा सरकार से अनुरोध करती है कि वह कृषि क्षेत्र में संकट को दूर करने के लिए राष्ट्रीय कृषक आयोग, जिसे 'स्वामीनाथन आयोग' के नाम से भी जाना जाता है, की सिफारिशों को लागू करने के लिए प्रभावी कदम उठाए।"

HON. CHAIRPERSON : Hon. Member, Shri Raju Shetty, you may continue your speech next time.

The House stands adjourned to meet again on 21st of July, 2014 at 11.00 a.m.

**18.00 hrs**

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, July 21, 2014/Ashadha 30, 1936 (Saka).*